■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 331
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
6 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1946: महात्मा गांधी के विश्वस्त सहयोगी भूलाभाई देसाई का निधन।
1972: भारतीय सेना के जांबाज सैनिक आबिद ख़ान का जन्म।
1976: उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत।
2004: चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।
2010: आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई।

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत के दर्शन कराएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। हैरिटेज स्पेशल टूर में पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) दिखाए जाएंगे। भारतीय रेल पहली बार 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। इस टूर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर किया जाएगा। भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से करेगी और कोंकण रेलवे नेटवर्क पर स्थित मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी–जो रायगढ़ किले का सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में उनकी राजधानी भी बना। रायगढ़ किला घूमने के बाद पर्यटक ट्रेन पर वापस आएंगे और पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां रात के खाने और होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था होगी। यात्रा के दूसरे दिन पर्यटकों को पुणे के प्रमुख स्थलों-लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि दिखाए जाएंगे। लाल महल का निर्माण 1630 ई. में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाई और पुत्र शिवाजी के लिए करवाया था। वर्तमान संरचना 1984 में पुनर्निर्मित हुई है और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी तैल चित्रों की एक विशाल श्रृंखला लगी है। कसबा गणपति मंदिर, पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रसिद्ध है जिसे 1893 में स्थापित



किया गया। माना जाता है कि इस स्थान को छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई द्वारा चुना गया था। इसके बाद से ही पुणे को भगवान गणेश का नगर कहा जाने लगा। पर्यटक यहां से शिवसृष्टि जाएंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। यहां पर्यटक शिवाजी के जीवन दर्शन और अन्य इंटरैक्टिव सेशंस का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद पर्यटक यात्रा के तीसरे दिन पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो जुन्नार सिटी के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव का प्रतीक है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए पर्यटक पुणे लौटेंगे। 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर' के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा 09 जून 2025 को प्रस्थान करेगी। 5 रात और 6 दिन की इस यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल स्टेशन से होगी। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन, स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी सवार हो सकते हैं। इस विरासत यात्रा के टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं जो पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन उपलब्ध है। चौथे दिन पर्यटक भारत गौरव ट्रेन के साथ सतारा के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रतापगढ़ किले का भ्रमण करेंगे। यह वही ऐतिहासिक किला है जहां 1659 में अफजल खान और छत्रपति (शेष पृष्ठ 10 पर)

संक्षिप्त समाचार

महिला पीएसआई निलंबित

सीतामढ़ी (नबिटा ब्यूरो)। कार्य में लापरवाही, आदेश की अवहेलना और अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने की नीयत से न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित नहीं करने के मामले में सोनबरसा थाना में पदस्थापित महिला पीएसआई भवानी कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी निर्धारित किया गया है। पीएसआई भवानी कुमारी पर एक कांड की आवेदिका ने गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद एसपी ने निलंबन की कार्रवाई की।

डॉक्टर समेत दो लोग गिरफ्तार

समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)। नीट परीक्षा में स्कॉलर बैठाने के मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बेगूसराय जेल में पोस्टेड डॉक्टर रंजीत कुमार समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 3 मोबाइल, 1 कार और 50 हजार कैश बरामद हुआ है। इसके अलावा कई छात्रों के एडमिट कार्ड भी मिले हैं। परीक्षा में ओरिजनल कैंडिडेट्स की जगह स्कॉलर बैठाया था। इसके लिए 2.50 से 5 लाख तक में डील हुई थी।

चौकीदार के बेटे की गोली मारकर हत्या

डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)। तिलौथू थाना क्षेत्र के चोरकप गांव में सोमवार को चौकीदार के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अवधेश पासवान के बेटे अभिनंदन पासवान के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार सोमवार को अभिनंदन के छोटे भाई का तिलक था। इसी की तैयारी में घर के दरवाजे पर सजावट का काम चल रहा था। अभिनंदन कुछ लोगों के साथ वहीं सो रहा था। सोमवार अहले सुबह बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे और सीधे अभिनंदन को गोली मार दी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बिहार में दो भ्रष्ट लोक सेवकों पर चला निगरानी का डंडा

अरवल डीइओ कार्यालय का बड़ा बाबू व कंप्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में सोमवार को दो भ्रष्ट लोकसेवकों पर निगरानी का डंडा चला। पटना निगरानी टीम ने रंगेहाथों दोनों को दबोच लिया। मामला अरवल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का है। दोनों को गिरफ्तार कर पटना ले जाया गया है। मंगलवार को इन्हें कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार कर्मियों में अरवल डीइओ कार्यालय के बड़ा बाबू और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद डीइओ ऑफिस में हड़कंप मच गया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक बड़ा बाबू मनोज कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ मेंहदिया निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक कृष्णनंदन सिंह द्वारा शिकायत दर्ज करायी की गयी है।



शिकायत में बताया गया कि सेवांत लाभ की राशि के भुगतान के लिए उनसे पचास हजार घूस की मांग की गयी है। काफी समझाने पर भी नहीं माने तो पीड़त ने निगरानी विभाग में पहुंचकर शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर पटना निगरानी में 21 अप्रैल को कांड दर्ज किया गया। टीम गठित कर आरोपों की जांच कराई गई तो आरोप को सत्य पाया गया। इसके बाद डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया। सोमवार की निगरानी टीम ने अरवल डीइओ कार्यालय के पास जाल बिछाया जिसमें मनोज कुमार और संतोष कुमार दोनों फंस गए। जैसे ही कृष्णनंदन सिंह से उन्होंने 50 हजार की राशि थामी कि निगरानी टीम ऐक्शन में आ गयी। टीम के अफसरों ने दोनों को दबोच लिया। उनकी गिरफ्तारी ऑफिस के पास स्थित भवानी होटल में रुपए लेते हुए की गई। निगरानी कार्यालय की ओर से बताया गया है कि 2025 में विभाग की यह 23वीं प्राथमिकी है। कुल 18 ट्रैप में 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अबतक रिश्वत के कुल सात लाख पांच हजार रुपए बरामद किये जा चुके हैं। गिरफ्तार सरकारी सेवकों से पूछताछ की जा रही है।

सुरक्षित व सस्ती रेल सेवाओं के लिए रेलवे संकल्पबद्ध : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जोधपुर। रेल सेवाओं के विस्तार और रेलयात्रियों को बेहतर यात्री सुविधा मुहैय्या करवाने के उद्देश्य से राजस्थान में 44 हजार करोड़ रुपए की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं। सोमवार को गृहनगर जोधपुर पहुंचे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप गरीबों और मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित व सस्ती रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है और उसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए वैष्णव ने बताया कि आज राजस्थान में विभिन्न रेल परियोजनाओं के विकास और उनके क्रियान्वयन हेतु केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का बड़ा रेल बजट स्वीकृत किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने विगत 10 वर्षों में 3 हजार 784 किलोमीटर रेल लाइनें है बिछाने के साथ ही विद्युतीकरण का कार्य पूरा करवाया है। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर उनका नवीनीकरण कराया जा रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि प्रदेश में तेजी से रेलवे का ढांचागत विकास किया जा रहा है जिसमें 1510 फ्लाई ओवर व अंडरपास का निर्माण, पुष्कर-मेड़ता रोड नई रेल लाइन, अंबाजी से आबूरोड की कनेक्टिविटी तरंगा हिल तक, लूनी-समदड़ी-भीलड़ी रेल मार्ग का दोहरीकरण, रींगस- खाटूश्याम जी के बीच 17 किलोमीटर नई रेल लाइन, जयपुर से सवाई माधोपुर 131 किलोमीटर दोहरीकरण, अजमेर से चित्तौड़ तक 171 किलोमीटर मार्ग का दोहरीकरण, मावली-देवगढ़ मदारिया स्टेशनों के बीच गेज परिवर्तन, रास से मेड़ता तक नई रेल लाइन का निर्माण, रामगंज मंडी-भोपाल, नीमच से बड़ी सादड़ी स्टेशनों के बीच नई रेल लाइन का निर्माण सहित अनेक परियोजनाएं शामिल है।

बहन की डोली से पहले एक साथ उठी तीन भाइयों की अर्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। वैशाली जिले में बहन की डोली उठने से पहले एक परिवार को तीन भाइयों की अर्थी उठानी पड़ी है। बताया जाता है कि हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर शादी के लिए कुछ सामान लेने जा रहे थे। हादसे में मारे गए युवकों की पहचान रसूलपुर गांव के सोनू कुमार, राजीव कुमार और रंजन कुमार के रूप में हुई है। इन तीनों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है, खासकर उस घर में जहां सोमवार को इनके बहन की शादी होनी थी। बताया जा रहा है कि मृतक सोनू कुमार की बहन की सोमवार को शादी थी और घर में शादी को लेकर सभी तैयारी कर ली गई थी। रविवार की रात मटकोर की रस्म चल रही थी। इस दौरान भोज के लिए दही नहीं था। इसको लेकर सोनू अपने दो चचेरे भाइयों राजीव और (शेष पृष्ठ 10 पर)


पथ निर्माण विभाग ने 'ओपीआरएमसी' अंतर्गत उत्कृष्ट व निम्नतम संवेदकों को किया चिन्हित

उत्कृष्ट संवेदकों की सराहना, कमजोरों पर गिरी गाज

कमजोर प्रदर्शन करने वाले संवेदकों पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में सड़कों के बेहतर संधारण को लेकर पथ निर्माण विभाग द्वारा ओपीआरएमसी प्रणाली अंतर्गत कार्यरत संवेदकों के कार्यों की समीक्षा की गई। राज्य में पथ निर्माण विभाग द्वारा लागू की गई ओपीआरएमसी (लांग टर्म आउटपुट एंड परफॉर्मेंस बेस्ड रोड ऐसेट्स मेंटेनेस कॉन्ट्रैक्ट) प्रणाली के माध्यम से सड़कों के दीर्घकालिक रख-रखाव को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रणाली अंतर्गत वर्तमान में 10,379 किलोमीटर पथों को 72 पैकेजों में कुल 72 कार्यरत संवेदकों द्वारा संधारित किया जा रहा है। विभाग द्वारा मार्च 2021 से मार्च 2025 तक के प्रदर्शन पर आधारित संवेदकों के मूल्यांकन में जहां कुछ संवेदकों ने अपनी गुणवत्ता से विभाग को प्रभावित किया, वहीं कुछ संवेदकों के कार्यों में अपेक्षित मानकों की अनुपालना में सुधार की संभावनाएं चिन्हित की गई है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के आदेशानुसार मूल्यांकन के आधार पर विभाग द्वारा संवेदकों की नियमित रैंकिंग करने का निर्णय लिया गया है। पथ निर्माण मंत्री ने इस संबंध में जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संवेदको की सराहना की है वहीं निम्नतम प्रदर्शन करने वाले संवेदकों को अतिशीघ्र अपने कार्यों में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। समीक्षा के उपरांत विभाग ने टॉप-5 उत्कृष्ट संवेदकों की सूची जारी की है, जिन्होंने न केवल समय पर मरम्मत की बल्कि सड़क की गुणवत्ता और नागरिक सुविधा के लिहाज से भी बेहतर कार्य किया है। इन संवेदकों में अशोक एंड कंपनी निवास प्रा. लि., बालकृष्णा भलोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा. लि., उज्जैन एन्गीकॉन इंडिया प्रा. लि., नितेश कुमार सिंह और निरंजन शर्मा शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा जिन सड़कों का रखरखाव किया जा रहा है, वहां सड़कें अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में पाई गईं। विभागीय अधिकारियों (शेष पृष्ठ 10 पर)



राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

माता जानकी के प्राकट्य दिवस 'जानकी नवमी' के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

माँ जानकी भारतीय नारी का आदर्श तथा त्याग, तपस्या, संयम, धैर्य, स्नेह और करूणा की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने जीवन की चुनौतियों, संघर्षों एवं क्लेशों का साहसपूर्वक सामना करते हुए अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन पूर्ण समर्पण के साथ किया। उनकी सत्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता और पवित्रता हमारे लिए प्रेरक हैं।

मेरी कामना है कि जगत जननी माँ सीता हमारे जीवन को सद्गुणों से आलोकित करें तथा सबको सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-002660 (Governor Secretariat)D. 2025-26



बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मिथिला पुत्री, जनक नंदिनी माता सीता का प्राकट्योत्सव पर **''जानकी नवमी''** के रूप में मिथिला सहित पूरे देश में अपार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस सुअवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की अर्धांगिनी माता सीता को धार्मिक गाथाओं में सौभाग्य की देवी और माता लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है। शक्ति, सेवा, संयम, समर्पण एवं सद्भाव से परिपूर्ण माता सीता का जीवन नारी सशक्तीकरण एवं आदर्श का प्रतीक तथा सम्पूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों का जिस साहस, संयम, विवेक एवं सहनशीलता के साथ सामना किया, उससे सम्पूर्ण मानव जाति सदैव अभिप्रेरित होती रहेगी।

जानकी नवमी के पावन अवसर पर आप सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। माता जानकी सभी का कल्याण करें, यही कामना है।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 002661 (I &PRD)D. 2025-26

कबड्डी के मैट पर बिहार के लड़कों ने दिखाया दम

▸ एकतरफा मुकाबले में गोवा को 88-14 से रौंदा ▸ बालिका वर्ग में हरियाणा ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पंजाब को 33-32 से हराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। खेल के मैदान में आज पूरा देश बिहार के रंग में सराबोर दिख रहा है। हो भी क्यों न! खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी के साथ बिहार को खेल के मैदान में अपने खेल कौशल का परचम लहराने का अवसर जो प्राप्त हुआ है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कबड्डी के बालक वर्ग में सोमवार को बिहार ने गोवा को एकतरफा मैच में 88 के मुकाबले 14 अंकों से रौंद दिया। जबकि बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक कांटे के मुकाबले में तमिलनाडु को 28-26 से पराजित कर किया। इसी तरह, हरियाणा के लड़कों की टीम ने कर्नाटक को 57-30 से हराकर गोल्ड बचाने की अपनी मुहिम की मजबूत शुरुआत की है। हालांकि डिफेंडिंग चैंपियन हरियाणा की लड़कियों की टीम को पंजाब के खिलाफ 33-32 से जीतने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पंजाब ने आखिरी पलों तक मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। उधर, कबड्डी के बालक और बालिका वर्ग दोनों ही मुकाबलों में छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। बालिका वर्ग में राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 43-33 अंकों से पराजित किया। राजस्थान की बालिका टीम मुकाबले के पहले हाफ में छत्तीसगढ़ पर 22-18 से बढ़त बना चुकी थी। इस मुकाबले के दूसरे हाफ में राजस्थान की लड़कियों ने छत्तीसगढ़ को दो बार आल आउट करने में सफलता हासिल की। इसी तरह बालक वर्ग में आंध्रप्रदेश ने भी छत्तीसगढ़ को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 43-37 अंकों से शिकस्त दे दी जबकि मुकाबले के पहले हाफ में छत्तीसगढ़ की टीम आंध्र प्रदेश पर 15-18 से बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन आंध्रप्रदेश के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए छत्तीसगढ़ को दो बार आल आउट कर दिया और इस मुकाबले को 43-37 अंकों के साथ अपने नाम कर लिया।

वॉलीबाल में जम्मू-कश्मीर ने उत्तराखंड को दी मात

इधर, पटना के पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉलीबाल के मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर ने बॉयज ग्रुप-ए में उत्तराखंड को 3-2 (18-25, 25-20, 16-25, 27-25, 15-9) से हराया। गर्ल्स ग्रुप-बी में गुजरात ने केरल को 3-0 (25-12, 18-25, 25-18, 25-19) से हराया। अन्य गर्ल्स मैचों में, वेस्ट बंगाल ने बिहार को 3-0 (25-9, 25-7, 25-9) और तमिलनाडु ने झारखंड को 3-0 (25-13, 25-11, 25-7) से हराया।

बता दें कि यह देश में खेलों के इतिहास में पहला अवसर है जब खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे प्रतिष्ठित खेल महाकुंभ का आयोजन बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के कुल पांच शहरों में किया जा रहा है। पटना के अलावा गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कई खेल आयोजित किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर, 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेलों में जनभागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत कई एथलीट्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें ओलंपिक और एशियन गेम्स भी शामिल हैं। बिहार पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है जो 4 से 15 मई तक राज्य के पांच शहरों और दिल्ली में आयोजित हो रहे हैं। इस बार कुल 27 खेलों के मुकाबले होंगे और इसमें पहली बार ई-स्पोर्ट्स को डेमो इवेंट के रूप में शामिल किया गया है।

बज्जिका भाषा के विकास के लिए समिति गठित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बज्जिका भाषा संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा ने 75 सदस्यीय केन्द्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि बज्जिकांचल क्षेत्र जो वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, दरभंगा, शिवहर और सारण जिले के सोनपुर अनुमंडल में बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषा को बज्जिका कहा जाता है। इस भाषा की वर्षों से हो रही उपेक्षा को दूर करने तथा इसको संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से सतत संघर्ष चलाने हेतु कमिटि का विस्तार किया है। इस कमिटी में चितरंजन सिन्हा सहित 11 लोगों को परामर्शी बनाया गया है। अखौरी चन्द्र शेखर को संगठन का समन्वयक बनाया राया है। वरीय उपाध्यक्ष के रूप में राघवेन्द्र सिंह कुशवाहा को नामित किया गया है। उदय नारायण सिंह सहित 10 उपाध्यक्ष, राजीव रंजन को प्रधान महासचिव, अमिताभ कुमार सिन्हा सहित 10 महासचिव, संगीता सागर सहित 7 संगठन सचिव, सुशांत कुमार सहित 5 सचिव तथा 20 लोगों को केन्द्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

बिहार में फिर एनडीए की ही सरकार बनेगी, विपक्ष देख रहा सपने : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजधानी पटना में आज विपक्षी दलों के 'इंडिया गठबंधन' की बैठक के बीच सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार की जनता पुनः एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) पर ही भरोसा जताएगी और राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने विपक्षी नेताओं को ''अपरिपक्व और अनसुलझे'' करार देते हुए कहा कि इस गठबंधन की बैठक एक ऐसे नेतृत्व में हो रही है, जो केवल हसीन सपने दिखाने में विश्वास रखता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''हर पार्टी मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रही है, लेकिन हकीकत यह है कि जनता मन बना चुकी है कि जिसने



काम किया है, वही इनाम पाएगा। उन्होंने 15 वर्षों के दौरान एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा 15 अगस्त तक राज्य को बदनाम करने वालों को अब जनता दोबारा मौका नहीं देगी। विपक्ष की रणनीति लूट, खसोट और बेईमानी की रही है जिसे बिहार की जनता भलीभांति पहचान चुकी है। राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन दलों के शासनकाल में बिहार गर्त में चला गया था। कांग्रेस ने वर्षों तक शासन कर राज्य को पीछे धकेला और राजद शासन को लोग आज भी जंगलराज के रूप में याद करते हैं। ऐसे में जनता उस दौर को दोबारा लाना नहीं चाहेगी। भविष्य की राजनीतिक तस्वीर पर बोलते हुए उन्होंने दावा किया, 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 2020 से भी अधिक प्रचंड बहुमत के साथ 225 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी और विकसित बिहार का सपना पूरा करेगी। गौरतलब है कि विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के लिए पटना में बैठक बुलाई गई थी जिसमें कई प्रमुख दलों के नेता मौजूद रहे। वहीं, एनडीए इस बैठक को केवल 'सत्ता की भूख' से प्रेरित कदम बता रहा है। क्या आप चाहेंगे कि इस खबर के साथ एक इनफोग्राफिक भी बनाया जाए जो डॉ. प्रेम कुमार के प्रमुख दावों को उजागर करे।

हाजीपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी, 45 अभियुक्त गिरफ्तार, 129 वारंटों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर (वैशाली)। वैशाली जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के कुशल नेतृत्व में इस अभियान के दौरान कुल 45 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है जिससे जिले में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह अभियान जिले भर में सघन छापेमारी एवं गुप्त सूचना के आधार पर संचालित किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सबसे अधिक 18 आरोपी बिहार उत्पाद अधिनियम (शराबबंदी) के उल्लंघन के मामले में वांछित थे। इसके अलावा कुर्की-इश्तेहार की कार्रवाई के तहत 8 अभियुक्त पकड़े गए जबकि हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी विवरण के अनुसार, एक आरोपी को आर्म्स एक्ट के उल्लंघन में तथा दो को चोरी के मामलों में पकड़ा गया है। वहीं चार अन्य अभियुक्तों को



अन्य विविध आपराधिक धाराओं में गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने 129 लंबित वारंटों, कुर्की और इश्तेहारों का निष्पादन भी किया है जिससे कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस पहल मानी जा रही है। एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि जिले में कानून का राज स्थापित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस का यह अभियान अपराध मुक्त वैशाली की दिशा में एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बुलाई जदयू नेताओं की औचक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर अचानक जदयू नेताओं की बड़ी बैठक की। सूत्रों के अनुसार यह बैठक संगठनात्मक मामलों और बोर्ड-निगम के गठन को लेकर बताया गया। हालांकि जदयू के दिग्गज नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किस खास एजेंडे को लेकर बैठक की इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूत्रों की मानें तो यह बैठक जदयू के संगठन को लेकर की गई है। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चर्चा होने की भी बात सामने आ रही है। अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुई। बैठक में मंत्री लेसी सिंह, मंत्री सुनील कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, विधान पार्षद खालिद अनवर, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री अशोक चौधरी और मंत्री विजेंद्र यादव शामिल समेत अन्य जदयू नेताओं के मौजूदगी की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार इस अहम बैठक में संगठन और चुनाव से जुड़े मुद्दों पर तो चर्चा हुई है। इसके साथ ही इस बैठक के दौरान आयोग और बोर्ड को लेकर भी बातचीत की गई है। दरअसल बिहार में अभी भी कई बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष पदों को भरना है। ऐसे में इस साल होने वाले चुनाव को देखते हुए समीकरण सेट करने को लेकर रणनीति बनाने की बात भी सामने आ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी टीम के सदस्यों के साथ अहम मुद्दों को लेकर बातचीत करने के साथ-साथ रणनीति बनाने का काम में भी जुट गए हैं। बैठक में चुनाव से जुड़े उम्मीदवारों को और चुनाव में जदयू के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर भी अहम बातचीत होने की चर्चा है। इसके साथ ही जदयू चुनाव में एनडीए के सहयोगियों के साथ किस एजेंडे पर मैदान में उतरेगी इसको लेकर भी बातचीत की बात सामने आ रही है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस बैठक को बहुत ही अहम माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ महीने ही बाकी हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

कांग्रेस विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करती है : डॉ. संजय जायसवाल

महागठबंधन की बैठकें बेकार, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कांग्रेस पर विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को 'दिमागहीन' और 'असंतुलित' पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि वह विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न दिमाग है, न संतुलित लोग हैं। ये लोग विदेश से फंडिंग लेते हैं और वही बोलते हैं, जो विदेशी ताकतें चाहती



हैं। डॉ. जायसवाल ने महागठबंधन को भी नहीं बख्शा और कहा कि महागठबंधन की बैठकें बेकार हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं को 'भ्रष्टाचारी' बताते हुए कहा कि ये लोग चाहते हैं कि बिहार में सट्टा लाया जाए और उसका बंटवारा किया जाए। इसीलिए ये एक मंच पर इकट्ठा होते हैं, लेकिन इनसे कुछ होने वाला नहीं। उनसे जब पूछा गया कि महागठबंधन ने अभी तक मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय नहीं किया है तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस गठबंधन का कुछ होना ही नहीं, उसके चेहरे का फाइनल होना या न होना क्या मायने रखता है? डॉ. जायसवाल ने एनडीए की एकजुटता पर जोर देते हुए दावा किया कि एनडीए बिहार में 220 से ज्यादा सीटों के साथ तीन-चौथाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और हम जनता के समर्थन से फिर से प्रचंड बहुमत लाएंगे। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने 1984 के सिख दंगों की जिम्मेदारी लेने की बात कही थी, डॉ. जायसवाल ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के सिख दंगे और 1947 में हिंदुओं व सिखों की हत्या भारत के इतिहास का दुखद अध्याय है और कांग्रेस पूरी तरह जिम्मेदार है।

भीषण गर्मी को देखते एनएचआरसी ने लिखा बिहार सरकार को पत्र

तुरंत प्रभाव से ठोस और समावेशी एहतियाती उपाय अपनाने का निर्देश दिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सहित देश भर में भीषण गर्मी और लू के बढ़ते खतरा को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक अहम कदम उठाया है। आयोग ने बिहार समेत 11 राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर तुरंत प्रभाव से ठोस और समावेशी एहतियाती उपाय अपनाने का निर्देश दिया है। एनएचआरसी ने विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा है। आयोग ने पत्र में कहा है कि गर्मी से जुड़ी आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल आश्रय केंद्र, राहत सामग्री की व्यवस्था और काम के घंटों में बदलाव जैसे उपाय जरूरी है। आयोग ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2018 से 2022 के बीच देश में गर्मी और लू के कारण 3,798 लोगों की जान जा चुकी है। इसे देखते हुए आयोग ने एकीकृत रणनीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। एनएचआरसी ने यह भी जानना चाहा है कि क्या राज्यों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए कोई मानक उपचार प्रक्रिया मौजूद है। आयोग ने इस संबंध में जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। बिहार की बात करें तो राज्य में पिछले दो वर्षों से कम बारिश के कारण गर्मी का असर और भी घातक रहा है। मौसम विभाग ने मई और जून में तापमान के और बढ़ने की चेतावनी दी है। इसके अलावा हर साल गर्मी के मौसम में बिहार, विशेषकर मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में बच्चों को एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) नामक जानलेवा बीमारी का सामना करना पड़ता है। अब तक हजारों बच्चों की जान यह बीमारी ले चुकी है। बावजूद इसके कारणों और इलाज को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में आयोग की यह पहल बिहार जैसे संवेदनशील राज्य के लिए राहत लेकर आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सतर्कता और जागरूकता ही इस संकट से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स इलाइट फालकनस प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति दिलीप पासवान जो गांधी मैदान पटना में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी- नीरू देवी, माता-सुनैना देवी, पुत्र-आशिक कुमार, पुत्री-संजना कुमारी, पुत्री- तनिया कुमारी, को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. दिलीप पासवान की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट



भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 293 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग नौ हजार प्रतिमाह (8790/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 1,57,341 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0एस0आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

भाजपा 9 मई को मनाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा 9 मई को महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप में मनाएगी। सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए राज्य सरकार के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का नाम 'राणा भाभा सम्मेलन' रखा गया है। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती का कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। बबलू ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि वीर महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों की जयंती के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने फिर कहा कि भाजपा सभी महापुरुषों की जयंती मनाती है, चाहे वह किसी भी समाज या वर्ग से जुड़े हों।

माकपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एमए बेबी आए बिहार दौरे पर

मधुबनी में दिवंगत नेता भोगेन्द्र यादव की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए महागठबंधन में शामिल दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में माकपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एमए बेबी सोमवार को पहली बार बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एमए बेबी ने कहा कि गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों के नेताओं से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हमारा अप्रोच है भाजपा को हराना और इस पर विचार करना कि महागठबंधन को कैसे आगे बढ़ाया जाए? पहले चर्चा होगी, फिर मीडिया से बात करेंगे। मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि सब कुछ समय पर तय होगा। अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को एमए बेबी मधुबनी जाएंगे जहां वे दिवंगत नेता भोगेंद्र यादव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उनके साथ पोलित ब्यूरो सदस्य अशोक धावले, राज्य सचिव ललन चौधरी, पार्टी विधायक और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। दोपहर बाद एमए बेबी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय जमाल रोड पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की जबकि शाम में उन्होंने बिहार में महागठबंधन में शामिल अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की। यह मुलाकात आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बेहद अहम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। महागठबंधन की हाल ही में हुई बैठक में राजद नेता तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सभी घटक दलों ने जिला और प्रखंड स्तर पर समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

जातिगत जनगणना कांग्रेस के दबाव पर करा रही एनडीए सरकार : रणदीप सुरजेवाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर जातिगत जनगणना को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना केवल आंकड़ों का सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की बुनियाद है और कांग्रेस इसे अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखती है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस शुरू से ही जातिगत जनगणना के खिलाफ रहे हैं क्योंकि उनकी विचारधारा में दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2011 में जातिगत जनगणना करवाई थी, लेकिन मोदी सरकार ने उस रिपोर्ट को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने बताया कि 2015 में केंद्र सरकार ने जातिगत आंकड़ों के विश्लेषण के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने की घोषणा की थी, लेकिन छह वर्षों तक कोई सदस्य नियुक्त नहीं किया गया और न ही कोई बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामों और कैबिनेट की कार्यवाही इसका प्रमाण हैं। सुरजेवाला ने यह भी कहा कि भाजपा ने 2011 की जनगणना के आंकड़े न तो सार्वजनिक किए, न ही संसद में इस पर कोई सार्थक बहस की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जाति आधारित हक और अधिकारों से डरती है। बिहार में हुई आंशिक जातिगत जनगणना को भी केंद्र सरकार ने अदालत में चुनौती दी और कहा कि राज्यों को ऐसी जनगणना कराने का अधिकार नहीं है, हालांकि बाद में दबाव के चलते उन्हें रुख बदलना पड़ा। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने 2011 में यह ऐतिहासिक कदम उठाया, तब भाजपा ने उसका साथ क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना को लेकर संकल्पबद्ध है और राहुल गांधी इसे पिछले 11 वर्षों से अपने व्यक्तिगत मिशन की तरह आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने अपने 2019 और 2024 के चुनावी घोषणापत्रों में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया है और अब पूरे देश में इसे लेकर जनजागरण किया जाएगा। वहीं, सुरजेवाला ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद का सिर कुचलना चाहिए।

मिस यूनिवर्स इंडिया में बिहार से जाएंगी डॉ शांभवी

एनिमो पेट केयर के सौजन्य से बिहार में हुआ ऑडिशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मिस यूनिवर्स इंडिया का बिहार स्टेट ऑडिशन राजधानी पटना के निफ्ट कैंपस में रविवार देर रात संपन्न हुआ जिसमें मधुबनी की डॉ शांभवी झा ने बाजी मारी। डॉ शांभवी अब मिस यूनिवर्स इंडिया में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऑडिशन में द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी साची और तृतीय स्थान पर रुपाली भूषण रहीं। ऑडिशन में बिहार के कोने- कोने से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 विजेता रिया सिंघा, मिस यूनिवर्स इंडिया के फ्रेंचाइजी निदेशक अमजद खान, मिस यूनिवर्स बिहार काजल चौधरी



एवं मिस यूनिवर्स स्टेट डायरेक्टर नीतू कुमारी बतौर ज्यूरी मौजूद रहीं। वहीं कार्यक्रम को होस्ट किया मिस टूरिज्म इंडिया अस्मिता चक्रवर्ती। ऑडिशन में चयनित विजेता मिस यूनिवर्स के खिताब के लिए बतौर प्रतिभागी जाएंगी और बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत वर्ष भी एनिमो पेट केयर के सौजन्य से यह ऑडिशन पहली बार बिहार की राजधानी पटना में संपन्न किया गया था। इस साल भी एनिमो पेट केयर ने राज्य की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए आधिकारिक ऑडिशन की मेजबानी की, जो बिहार की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहा है।

पटना-फिरोजपुर कैंट एवं दरभंगा-अमृतसर के मध्य एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 04602/04601 फिरोजपुर कैंट-पटना-फिरोजपुर कैंट स्पेशल (डीडीयू-वाराणसी-लखनऊ-मुरादाबाद-यमुनानगर जगाधरी के रास्ते)- गाड़ी संख्या 04602 फिरोजपुर कैंट-पटना स्पेशल 07 मई से 12 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को फिरोजपुर से 15.10 बजे खुलकर 20.50 बजे यमुनानगर जगाधरी (दिल्ली) एवं अगले दिन 13.30 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 18.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04601 पटना-फिरोजपुर स्पेशल 08 मई से 13 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को पटना से 20.50 बजे खुलकर अगले दिन 01.25 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.55 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04608/04607 अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर स्पेशल (समस्तीपुर-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-मुरादाबाद-यमुनानगर जगाधरी के रास्ते): गाड़ी संख्या 04608 अमृतसर-दरभंगा स्पेशल 09 मई से 11 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को अमृतसर से 20.10 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 02.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी।

विवाहिता की गला दबाकर हत्या, पति समेत पांच पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। थाना क्षेत्र के उगहनी गांव में दहेज की मांग को लेकर 22 वर्षीय विवाहिता शशिकला कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता संतोष कुमार प्रजापति उम्र 45 वर्ष, जो बड्डी थाना क्षेत्र के बड़काडीह गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2021 में हिंदू रीति-रिवाज के साथ विकास कुमार प्रजापति, पुत्र गंगा प्रजापति के साथ हुई थी। प्रारंभिक दिनों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में नकद राशि और जेवरात की मांग को लेकर शशिकला को प्रताड़ित किया जाने लगा। संतोष कुमार प्रजापति के अनुसार करीब 15 दिन पहले बेटी शशिकला ने फोन पर उन्हें अपनी पीड़ा बताई थी। रविवार की रात को ससुराल में झगड़ा हुआ जिसमें पति विकास प्रजापति और उसकी मां शारदा देवी शामिल थीं। सोमवार सुबह करीब 7 बजे दामाद विकास प्रजापति ने फोन कर सूचना दी कि शशिकला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जब संतोष कुमार प्रजापति अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शशिकला का शव पलंग पर पड़ा था और गले में रस्सी के निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। शशिकला की ढाई वर्षीय बेटी है। परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका के पिता ने पति विकास कुमार प्रजापति, सास शारदा देवी, ससुर गंगा प्रजापति, भसुर मुन्ना प्रजापति, गोतिनी ममता देवी सहित पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले सोमदेव राम पिता महेंद्र राम को पुलिस ने चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया और जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने दिया और बताया कि तीन मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है जिसमें स्प्लेंडर पैशन प्रो बिना नंबर का और एक अपाची के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

आरपीएफ डिहरी ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ आरक्षी उमेश कुमार व आरक्षी अजीत कुमार एवं अपराध आसूचना शाखा गया के आरक्षी दीपक कुमार ओझा संयुक्त रूप से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गश्त कर रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 पर स्थित लिफ्ट के बगल में एक व्यक्ति विकाश कुमार, उम्र-21 वर्ष, पिता भूषण यादव, पता-सीतारामपुर, थाना- मुफस्सिल नवादा, जिला-नवादा (बिहार) को काले रंग के एक पीठू बैग में 7.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पाया गया जिसका कुल कीमत 9100/- रुपए है। कब्जे से बरामद अंग्रेजी शराब के बारे में पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि अंग्रेजी शराब को बिहार में बेचने के लिए ले जा रहा हूं। तत्पश्चात मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्यवाही वास्ते उक्त व्यक्ति व जब्त शराब को जीआरपी सोन नगर को सुपुर्द किया गया।

दृढ संकल्प व इरादे नेक हों तो सफलता कदम चूमती है : मोहन राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। आज संपूर्ण देश में भेंड़ व बकरी चराकर आई पी एस बन इतिहास रचने का सिलसिला तेजी से वायरल होते देखा जा रहा है। संपूर्ण देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जश्न मना लोग उन्हें बधाई व शुभ कामनाएं दे रहे हैं। वाक्या महाराष्ट्र के कोल्हापुर के पावन धरती पे अतिपिछड़ा समाज 'गड़ेरी' जाति में जन्म लिए 'बिरदेव सिद्दापा' जिन्होंने भेड़ - बकरियां चराकर कठिन परिश्रम, त्याग व समर्पण के बदौलत आई पी एस अधिकारी बन कर संपूर्ण देश में एक इतिहास रचने का काम किये। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त पत्रकार मोहन राम ने कहा है कि लोगों में 'दृढ इच्छा शक्ति व इरादे नेक हो तो सफलता कदम चूमती है।' जैसा कि भेड़ व बकरियां चराने वाले बिरदेव सिद्दापा ने अपने दृढ इच्छा शक्ति व नेक इरादे के बदौलत आई पी एस अधिकारी बन संपूर्ण देश में एक इतिहास रचने का काम किये। श्री राम ने कहा कि धन्य हैं बिर देव सिद्दापा के पूज्यनियां माता जी व पूज्य पिता जी जिन्होंने कड़ी मेहनत व कठोर त्याग के बदौलत उन्हें आई पी एस बनने तक पथ से विचलित नहीं होने दिये। साथ ही धन्य हैं वैसे प्रबुद्ध, विद्वता से ओत-प्रोत जिन लोगों के मार्ग दर्शन में बड़ी मशक्कत के बाद आई पी एस अधिकारी बने। श्री राम ने ऐसे आई पी एस अधिकारी को दिल से मुबारकबाद दिया तथा देश के युवाओं को आई पी एस अधिकारी 'बिरदेव सिद्दापा' जी से प्रेरणा लेने का अपील किया।

18आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार हत्या के प्रयास, वारंटी व फरार शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 70 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

महिला कल्याण संगठन द्वारा स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में सराहनीय कदम

डीडीयू मंडल में कार्यरत 20 अनुबंधित महिलाओं को दिया पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी पैड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से बाकले अधिकारी क्लब में सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने महिलाओं द्वारा अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में इन पर्यावरण के अनुकूल कम लागत वाले सैनिटरी पैड का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने इन सैनिटरी पैड के उपयोग से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वहां मौजूद प्रत्येक महिला के बीच जागरूकता फैलाई। बाद में संगठन की सदस्या डॉ. ज्योत्सना झा द्वारा भी उपस्थित महिलाओं के बीच में मासिक धर्म से संबंधित विशेष जानकारी साझा की गयी। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा द्वारा डीडीयू मंडल में कार्यरत कुल 20 अनुबंधित महिलाओं को पर्यावरण के अनुकूल कम लागत वाले सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा स्मिता सिंह, मीता नारी, सचिव शालीनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, संयुक्त सचिव नैनशी एवं सोमा चटर्जी एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। ज्ञातव्य है कि सैनिटरी पैड जैसी मूलभूत सुविधाएं महिलाओं के मासिक धर्म स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अत्यंत सहायक होती हैं। इन उत्पादों का सही उपयोग न केवल संक्रमण की संभावनाओं को कम करता है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक भी बनाता है। पर्यावरण अनुकूल विकल्पों से प्लास्टिक कचरे में भी भारी कमी लाई जा सकती है।

फर्जी डीआरएम बना युवक पहुंचा जेल, रेलवे ने वसूला जुर्माना

सतर्क टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हुआ खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भोपाल। रेलवे की पंजाब मेल (गाड़ी संख्या 12138) में प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति ने खुद को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) बताकर भ्रम फैलाने की कोशिश की, लेकिन टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से उसकी पोल खुल गई। टिकट निरीक्षक अमरजीत सिंह अपनी नियमित जांच के दौरान जब कोच में पहुंचे तो उन्हें एक यात्री की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ पर उसने खुद को डीआरएम बताया, लेकिन जब पहचान पत्र और ट्रैवल अथॉरिटी मांगी गई, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह गहराने पर रेलवे सुरक्षा बल को सूचित किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वरुण सहगल बताया, लेकिन उसके पास न तो कोई पहचान पत्र था और न ही कोई अधिकृत अनुमति पत्र जिससे उसकी पहचान और पद की पुष्टि हो सके। बीना स्टेशन पर उसे उतारने की कोशिश की गई, लेकिन ट्रेन चल पड़ने के कारण वह नहीं उतारा जा सका। तत्पश्चात दो स्टाफ के साथ उसे भोपाल स्टेशन तक भेजा गया। भोपाल पहुंचने पर टीटीई द्वारा मेमो सौंपे जाने पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने युवक को हिरासत में लिया। रेल अधिनियम की धारा 145 और 146 के अंतर्गत मामला दर्ज कर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट भोपाल ने अपराध क्रमांक 1621/25 के तहत कार्रवाई की। न्यायालय ने आरोपी वरुण सहगल पर 1500 का जुर्माना तथा 4100 का दंड तहत लगाया। इससे पहले टीटीई द्वारा यात्रा किराया व जुर्माना मिलाकर 4170 की वसूली मौके पर ही कर ली गई थी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल वैध टिकट और यात्रा दस्तावेजों के साथ ही यात्रा करें। फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें जुर्माना, जेल और सामाजिक प्रतिष्ठा की हानि शामिल हो सकती है।

यात्रियों में संरक्षा के प्रति जागरूकता के प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

सदैव सुरक्षा-संरक्षा नियमों का सतर्कता से हो पालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। पूर्णतया संरक्षित रेल परिचालन के साथ यात्रियों एवं आमजन की संरक्षा-सुरक्षा के प्रति पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल सदैव प्रतिबद्ध एवं कार्यरत है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्रियों एवं आमजन में संरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा यह आयोजन डीडीयू जंक्शन परिसर पर किया गया जिसमें अस्मिता नाट्य एवं सामाजिक सांस्कृतिक संस्था द्वारा ''जान है तो जहान है'' शीर्षक से संरक्षा आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के साथ-साथ उपस्थित संरक्षा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बंद फाटक को जबरन खुलवाने या गेटमैन पर दबाव बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया कि रेलवे पटरियों को अनधिकृत रूप से पार करना जानलेवा हो सकता है और इससे न केवल स्वयं की जान, बल्कि रेल यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित यात्री एवं आम नागरिक इस कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक हुए। पूर्ण संरक्षा-सुरक्षा बनाए रखने में आमजन द्वारा रेल प्रशासन का सहयोग महत्वपूर्ण है। रेलवे फाटकों को पार करते समय सावधानी बरतें, बंद फाटक को जबरन पार करने का प्रयास न करें। सभी संकेत एवं निर्देशों का पालन करते हुए समपार फाटक को पार करें। रेलवे पटरियों पर चलना या उन्हें अनधिकृत रूप से पार करना दंडनीय अपराध है और जान के लिए घातक हो सकता है। रेलवे पटरियों से सुरक्षित दूरी बनाकर रखें और अनाधिकृत स्थान से वाहन आदि के साथ भी रेलवे लाइन कभी न पार करें। चलती ट्रेनों से चढ़ना या उतरना खतरनाक है, कृपया इससे बचें। सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

प्रेम, समर्पण को दर्शाता है शिव और सती का प्रसंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। भगवान शिव और उनकी पत्नी सती के बीच के प्रेम और समर्पण को दर्शाती शिव और सती का प्रसंग है। डालमियानगर में चल रहे श्री हनुमान ज्ञान यज्ञ में कथावाचक मानस केसरी अरुण शास्त्री ने रविवार रात कथावचन में कही। उन्होंने कहा कि सती भगवान शिव की पत्नी थीं, लेकिन उनके पिता दक्ष प्रजापति शिव को नहीं मानते थे। उन्हें अपमानित करते थे। एक बार दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया जिसमें उन्होंने शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। सती ने अपने पिता के यज्ञ में जाने का निर्णय किया, लेकिन वहां पर शिव के प्रति अपमानजनक व्यवहार देखकर वह अत्यधिक दुखी हुईं। उन्होंने कहा कि अपने सम्मान और पति के प्रति अपमान को सहन न कर पाने के कारण, सती ने उसी यज्ञ कुंड में कूदकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस घटना के बाद भगवान शिव ने सती के शव को लेकर पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा की और अंत में विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शव को 51 भागों में विभाजित कर दिया। जहां-जहां सती के शरीर के अंग गिरे, वे स्थान शक्तिपीठों के रूप में पूजित हुए। उन्होंने कहा कि शिव और सती की कथा में कई महत्वपूर्ण संदेश हैं।

पति-पत्नी का प्रेम और समर्पण

नारी की शक्ति और साहस, सती की कहानी नारी की शक्ति और साहस का प्रतीक है जिन्होंने अपने सम्मान और पति के प्रति अपमान को सहन नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह कथा हिंदू धर्म में शक्तिपीठों के महत्व को भी दर्शाती है, जो सती के शरीर के अंगों के गिरने के स्थानों पर स्थापित हैं। श्री शास्त्री ने कहा कि शिव और सती की कथा न केवल एक पौराणिक कथा है, बल्कि यह हमें प्रेम, समर्पण और साहस के महत्वपूर्ण सबक भी सिखाती है। आगत कथावाचक का स्वागत यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रफुल कुमार सिंह व श्रद्धालु को धन्यवाद ज्ञापन केश्वर सिंह ने किया।

समाजसेवा एवं पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्यानंद कुमार को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। ए आर के फाउंडेशन और विशाल एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा दिल्ली में आयोजित इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड राष्ट्रीय समारोह में पत्रकारिता व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बिहार के रोहतास जिले के पत्रकार सत्यानंद कुमार को प्रशस्ति पत्र और अवार्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि निजी कारणोंवश सत्यानंद स्वयं समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उनका यह सम्मान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रितेश कुमार ने ग्रहण किया। समारोह के दौरान सत्यानंद कुमार के द्वारा संचालित 'निःशुल्क पाठशाला' की विशेष चर्चा हुई जिसे वे रोहतास बिहार के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चला रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व सचिव ने सत्यानंद कुमार के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और कहा कि 'समर्पण और सेवा की यह भावना समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है। ऐसे प्रयास ही देश को नई दिशा देते हैं।' यह सम्मान सत्यानंद कुमार के निरंतर प्रयासों, सामाजिक सरोकारों और पत्रकारिता के माध्यम से बदलाव की कोशिशों का प्रतिफल है।

पूर्व आईजी उमाशंकर सुधांशु की माता की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिले के कोचस के नरवर पंचायत के ग्राम नरवर टोला में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) उमाशंकर सुधांशु जी की पूज्य माता जी की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम लाल सिंह ने की जबकि संचालन सिपाही राय ने किया। इस अवसर पर श्री सुधांशु ने भावुक होते हुए कहा मां जैसा स्नेह, दुलार और मार्गदर्शन जीवन में अत्यंत दुर्लभ होता है। उनकी ममता और स्मृतियां आज भी हमारे हृदय में जीवंत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी माता जी का स्थान उनके जीवन में अमिट है। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार हिमांशु ने कहा आज भी हमारे हृदय में जीवंत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी माता जी का स्थान उनके जीवन में अमिट है। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार हिमांशु ने कहा उनका आशीर्वाद और प्रेरणा हमारे साथ सदा रहेगी। हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें पूर्व वित्त सचिव अयोध्या सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह यादव, शिक्षक विजय कुमार, कृष्णानंद सिंह, मनोज कुमार, रामबदन सिंह, अनिल कुमार, डॉ कृष्णा सिंह, गिरीश नारायण सिंह, हरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, त्रिभुवन, राजाराम सिंह, रामाशंकर सिंह, अभय समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे। सभी ने मिलकर पूज्य माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके जीवन मूल्यों को स्मरण किया।

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुन खुशी से झूम उठे भक्त

जिन पर प्रभु का हाथ हो उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है : अभिनेता रितेश पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहारी गांव का है जहां कोहारी में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में पांचवें दिन पण्डित बालकृष्ण शास्त्री ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखे हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी-मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गईं। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानते हैं, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत, रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। आपको बताते चलें कि वही कथा का श्रवण करने पहुंचे अभिनेता रितेश पाण्डेय एवं उनके बड़े भाई राजीव पाण्डेय ने भागवत गीता पर सर झुकते हुए शास्त्री बालकृष्ण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। आगे बताते हुए चलें कि वही आयोजनकर्ता अमरेन्द्र मिश्रा ने सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

गोवर्धन पूजा का वर्णन

वही शास्त्री जी ने गोवर्धन पूजा का वर्णन करते हुए बताया कि ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिरिराज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब श्री कृष्ण भगवान ने गिरिराज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था कि मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया। वही यजमान के रूप में शिव शंकर मिश्रा, रमावती देवी, अमरेन्द्र मिश्रा, सतेन्द्र मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, दीपक मिश्रा, अशोक पाण्डेय, बलिराम पाण्डेय, राम सनेही उपाध्याय, देवी दयाल उपाध्याय, राजेन्द्र उपाध्याय, अवधेश उपाध्याय, जय प्रकाश उपाध्याय, सर्वेश्वर उपाध्याय, नागेन्द्र उपाध्याय, हरि शंकर उपाध्याय, आलोक उपाध्याय, अशोक पाण्डेय, विनोद सिंह पूर्व मुखिया डुमरैठ पंचायत लखन उपाध्याय, चन्दन उपाध्याय, नरेन्द्र उपाध्याय, नीतीश कुमार उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, कन्हैया उपाध्याय, जितेन्द्र उपाध्याय सहित हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

शपथ पत्र

मैं प्रतिमा देवी पति इन्द्रमणी सिंह उम्र लगभग 43 वर्ष आधार न.-484658550102 ग्राम पो.-महरोढ़ थाना-नटवार जिला-रोहतास (बिहार) का स्थायी निवासी हूं। मैं निम्नवत बातों का हल्फन बयान करती हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं वो हिन्दू धर्म का पालन करती हूं।

मेरे नाम से L.I.C POLICY जिसका न.-516452243 है। इस पर मेरा नाम प्रतिभा देवी व आधार कार्ड पर प्रतिमा देवी अंकित है। प्रतिमा देवी व प्रतिभा देवी दोनों नाम मेरा ही है। मैं दोनों नामों से जानी, पहचानी, पुकारी जाती हूं इसमें संशय की बात नहीं है। मेरा नाम प्रतिमा देवी वो प्रतिभा देवी दो तरह से लिखा जाता है।

शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-7168-दिनांक-25/04/25 है।

शपथकर्ता
प्रतिमा देवी

भारतीय लोकतंत्र की जड़ें हमारी परंपराओं में : राज्यपाल

टीएस कॉलेज, हिसुआ में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हिसुआ (नवादा)। टीएस कॉलेज, हिसुआ में शनिवार को भारतीय राजनीति : एक समालोचनात्मक दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस संगोष्ठी का आयोजन राजनीति शास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी, टीएस कॉलेज हिसुआ द्वारा, मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र विभाग के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री आरिफ मोहम्मद खान रहे। उन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें हमारी प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत के शासन तंत्र को केवल आधुनिक कानूनी ढांचे के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों की प्रेरणा से समझा जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र कोई नया विचार नहीं है। प्राचीन काल से ही बिहार और दक्षिण भारत में ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां जनता स्वयं अपने शासक का चुनाव करती थी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सत्ता परिवर्तन पहले हिंसात्मक हुआ करता था, लेकिन लोकतंत्र ने देश को शांति और स्थायित्व का मार्ग दिखाया। उन्होंने 'धर्म' की भारतीय अवधारणा को 'सभ्य आचरण' और 'शोषणविहीन समाज' की स्थापना से जोड़ा और कहा कि संविधान में निहित मूल्य हमारी सांस्कृतिक चेतना के ही विस्तार हैं। यदि हम अपनी परंपराओं को नहीं समझेंगे, तो संविधान की आत्मा भी अधूरी रह जाएगी। राज्यपाल ने समावेशी नेतृत्व और सभी वर्गों के कल्याण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक प्रो. एस. पी. शाही ने स्वागत भाषण में भारतीय राजनीति की समकालीन चुनौतियों–जैसे जातीय राजनीति, सशक्त विपक्ष की कमी और मूल्यों के क्षरण–पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान आयोजन सचिव डॉ. अंजनी कुमार द्वारा लिखित पुस्तक ओबीसी रिजर्वेशन : कांस्टीट्यूशन एंड पॉलिसी का भी विधिवत विमोचन किया गया।

कृषि के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। आज कृषि के क्षेत्र में भी छात्रों को असीम संभावनाएं है तथा परचम लहरा रहे है। जिसका उदाहरण रासबिहारी उच्च विद्यालय में पढ़ने वाली 12वीं कृषि की छात्रा अराधना कुमारी ने पुर्वी भारत विज्ञान मेला में 12 राज्यों के जीरो वेस्ट एग्रीकल्चर मार्केटिंग पर प्रोजेक्ट के माध्यम से पछाड़ते हुए दिया है। उक्त बातें सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सिलाव प्रखंड स्थित रासबिहारी प्लस टू ए स्कूल नालंदा में लगभग 25 लाख की लागत से बने साइकिल सेड, पीसीसी ढलाई एवं चाहरदीवारी उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि राज्य सरकार बिहार के छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चार लाख रुपए का ऋण दे रही है। जिससे विद्यार्थियों को राज्य या राज्य से बाहर पढ़ने में आर्थिक रूप से समस्या ना आ सके। मंत्री ने विद्यालय में छह महीने के अंदर प्रयोगशाला बनाने तथा अगले एक सप्ताह के भीतर विद्यालय में पानी की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा तथा बिहार सरकार के मॉडल को दूसरे प्रदेश भी अपना रहे हैं। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेंद्र प्रसाद से समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा शीघ्र निदान करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेंद्र प्रसाद ने कहा कि 24 लाख 98 हजार की लागत से बने चाहरदीवारी, साइकिल स्टैंड पीसीसी दलाई निर्माण एवं पुराने साइकिल स्टैंड को जीर्णोद्धार किया गया है। अब इससे जहां छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। चाहरदीवारी निर्माण होने से विद्यालय परिषद भी सुरक्षित होगा। कार्यक्रम में पूर्वी भारत विज्ञान मेला सफल छात्रा अराधना कुमारी के अलावे 12वीं में 91 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहने वाले अर्चना कुमारी के साथ दसवीं के दिलखुश कुमार हंसराज एवं विपिन कुमार को मोमेंटो देकर मंत्री एवं सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा का किरण कुमारी एवं राकेश पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षक रविंद्र कुमार यादव ने की।

नीतीश के गांव से जनसुराज का बिगुल 11 मई को प्रशांत किशोर भरेंगे हुंकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार की सियासत में नई करवट लेते हुए जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याणबिगहा से 11 मई को हस्ताक्षर अभियान की धमाकेदार शुरुआत करेंगे। इसे सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनता की अदालत में जाने का बिगुल माना जा रहा है। प्रशांत किशोर ने केवल कल्याणबिगहा में हस्ताक्षर अभियान करेंगे, बल्कि घर-घर जाकर यह जानने की कोशिश करेंगे कि सरकार की तमाम योजनाएं कितनी जमीन पर उतरी हैं और कितनी सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं। जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरमणि यादव ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब जनता अपने अधिकार के लिए जागे। नीतीश सरकार की योजनाएं अखबारों में दिखती हैं, लेकिन गरीब के घर तक नहीं पहुंचती। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिले के कोने-कोने से लोग इस अभियान में जुड़कर प्रशांत किशोर का साथ देंगे। नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, नीतीश कुमार ने जाति आधारित जनगणना कर 98 लाख गरीबों और 49 लाख भूमिहीनों को सहायता देने का वादा किया था, लेकिन आज तक वो वादा सिर्फ घोषणा बनकर रह गया है। दूसरी ओर केंद्र सरकार भी जाति जनगणना के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की सरकारें मिलकर प्रशांत किशोर के अभियान को कमजोर करने की साजिश रच रही हैं, लेकिन जनसमर्थन के दम पर जनसुराज का कारवां अब रुकने वाला नहीं है। दिनेश कुमार ने कहा, अब जनता विकल्प चाहती है, और प्रशांत किशोर वही विकल्प बनते जा रहे हैं। हम अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लेकर विधानसभा तक जाएंगे। मौके पर कमलेश पासवान, सरफराज, राहुल कुमार, नरेंद्र सिंह, बच्चन पाठक सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

600 बोरी चीनी चोरी कांड का खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र में हुए 600 बोरी चीनी चोरी कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस सुनियोजित ठगी में शामिल पटना के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं अब तक 55 बोरी चीनी भी बरामद की जा चुकी है। सदर एसडीपीओ मो. नुरुल हक ने बताया कि बिहार थाना क्षेत्र के बिचली खंदक मोहल्ला निवासी, स्व. मुंशी साह के पुत्र एवं व्यवसायी सत्येंद्र कुमार द्वारा दीपनगर थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, उन्होंने गोपालगंज से 600 बोरी चीनी ट्रक पर लोड करवाई थी, जिसकी कुल कीमत 12,88,665 रुपये थी। ट्रक 24 अप्रैल को गोपालगंज से रवाना हुआ था और 25 अप्रैल को चालक ने फतुहा पहुंचने की जानकारी दी थी। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और अगली सुबह ट्रक बिहारशरीफ के मामू भगीना मोड़ पर खाली अवस्था में पाया गया। इसके बाद 3 मई की रात से विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसके तहत पटना से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में खाजेकला थाना क्षेत्र के दुल्ली घाट निवासी सत्यप्रकाश राय, आलमगंज थाना क्षेत्र के जल्ला रोड निवासी प्रदीप कुमार तथा गुलजारबाग, चैलीटॉड निवासी राकेश कुमार शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि राकेश कुमार, पटना के एक गल्ला व्यवसायी गोलू कुमार का भाई है। इसी के सहयोग से पूरे षड्यंत्र की योजना बनाई गई थी।

यूपी की चार लड़कियों को नालंदा पुलिस ने कराया मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। ऑर्केस्ट्रा की चकाचौंध के पीछे छिपे काले सच का पर्दाफाश करते हुए नालंदा पुलिस ने लहेरी थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी में छापेमारी कर मानव तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया है। ऑर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिग लड़कियों का शोषण किया जा रहा था। इस कार्रवाई में चार लड़कियों को मुक्त कराया गया है, जिनमें दो नाबालिग हैं। सभी लड़कियां उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि एसपी भारत सोनी के निर्देश पर रविवार की देर रात एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। छापेमारी बैंक कॉलोनी स्थित गोपाल यादव के मकान में की गई, जहां किराए पर रह रहे ऑर्केस्ट्रा संचालक लालटुस कुमार, उसकी पत्नी और एक अन्य आरोपी इंद्रजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान एक कमरे से चार लड़कियों को मुक्त कराया गया। पीड़िताओं ने रोते हुए बताया कि उन्हें पहले सूत काटने का काम दिलाने के नाम पर हर दिन चार से पांच हजार रुपये कमाई का लालच देकर यहां लाया गया था। लेकिन यहां पहुंचते ही उन्हें जबरन ऑर्केस्ट्रा में नचवाया जाने लगा। संचालक दंपती द्वारा धमकी देकर उन्हें शोषण का शिकार बनाया गया। पुलिस ने मकान मालिक गोपाल यादव के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर सुमंत कुमार, महिला थानाध्यक्ष कुमारी उषा सिन्हा, दारोगा निशा भारती, रंजन पाठक, संतोष दुबे, अनुपम कुमारी, मंटू कुमार और उज्जवल कुमार शामिल थे।

प्रधानाध्यापकों की बैठक में मिशन निपुण,बाल संसद चुनाव एवं ईको क्लब गठन पर विस्तृत चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिरामल फाउंडेशन से गांधी फ़ेलो आयुष यादव,प्रोग्राम लीडर संजीव यादव,एमडीएम प्रभारी संजय पासवान मौजूद रहे। बीइओ सुशील कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन निपुण, बाल संसद चुनाव तथा ईको क्लब गठन से संबंधित दिशा-निर्देशों और प्रक्रियाओं के बारे में प्रधानाध्यापकों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण-शिक्षण प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया तथा शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक बेहतर कक्षा और एक आदर्श विद्यालय का निर्माण तभी संभव है जब शिक्षक समर्पण भाव से कार्य करें। संजीव यादव ने मिशन निपुण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों में भाषा और गणित की बुनियादी समझ को मजबूत करना है। उन्होंने निपुण रजिस्टर के महत्व को भी रेखांकित किया, जिससे बच्चों की अधिगम प्रगति का नियमित आकलन संभव हो सके। गांधी फ़ेलो आयुष यादव ने बाल संसद चुनाव को पूरे प्रखंड में अभियान के रूप में चलाने की योजना साझा की। उन्होंने कहा, 'बाल संसद बच्चों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्य विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है।' इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में ईको क्लब के गठन की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक के अंत में सभी प्रधानाध्यापकों ने 5 मई से 27 मई तक अपने-अपने विद्यालयों में बाल संसद चुनाव सफलतापूर्वक कराने हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

चुनाव की तैयारियों के तहत इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। सोमवार को जिलाधिकारी प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त रूप से ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा वीवीपैट की सुरक्षा एवं व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी ने ईवीएम की सुरक्षा, रख-रखाव एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके। रवि प्रकाश ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं इवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषयक पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का विधिवत समापन सोमवार को किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कुंदन आर्या,ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षित अनुज्ञप्तिधारकों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन का मानव जीवन एवं पशुओं के जीवन मे प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए तकनीकों व जानकारियों को किसानों तक सही ढंग से पहुँचाया जाए एवं उन्हें उचित सलाह दिया जाए,जिससे कि वृहद स्तर पर किसान लाभान्वित हो और उत्पादन के साथ ही फसलों की गुणवत्ता तथा भूमि की उर्वरा शक्ति का संतुलन बना रहे। प्रशिक्षण प्राप्त तीन सफल प्रतिभागियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार,विकास कुमार, सुमिताप रंजन,अनिल कुमार, डॉ0 शशांक शेखर सिंह, श्रवण रविदास, पिंटू पासवान आदि मौजूद थे। प्रशिक्षण में नवादा, नालंदा, जमुई, शेखपुरा सहित विभिन्न जिलों के 60 प्रतिभागी शामिल हुए।

महुडर पंचायत में पूर्व विधायक ने किया जनसम्पर्क


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कौआकोल। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव ने सोमवार को कौआकोल प्रखण्ड के महुडर पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने महुलियाटांड़,मननपुर,महुडर आदि गांवों का दौरा कर डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क साधा। वहीं इस दरम्यान बड़ी संख्या में पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थकों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक श्री यादव ने पूर्व में की गई गलतियों को क्षमा करते हुए लोगों से एक बार फिर मौका देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ब्लॉक,थाना आदि जगहों पर आसानी से लोगों के काम होते थें। परन्तु वर्तमान विधायक की शिथिलता के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों ने उन्हें एवं उनके परिवार को सदैव घर के बेटा की तरह मान आदर देकर स्नेह किया है। यही कारण है कि वे सदैव यहां के लोगों के साथ जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर विकास करने का काम किया है। मौका मिलने पर अनवरत यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन,पैक्स अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव,रामबालक यादव,ब्रहमदेव रविदास,उपेन्द्र कुमार,पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह आदि मौजूद थे।

परीक्षा केंद्र में समय से पूर्व उपस्थिति एवं अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। जिलाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा बताया गया कि इंटरमीडिएट विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा, 2025, इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा, 2025, माध्यमिक विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा, 2025 तथा माध्यमिक कम्पार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे परीक्षा की दोनों पालियों में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्पष्ट चेतावनी दी जाती है कि यदि कोई परीक्षार्थी चहारदीवारी फांदकर अथवा जबरदस्ती या अवैध रूप से केंद्र में प्रवेश करता है, तो यह कदाचार की श्रेणी में आएगा और उसे अनुचित साधन का प्रयोग (यूण्फएम) माना जाएगा। ऐसे परीक्षार्थी को दो वर्षों के लिए परीक्षा से निष्कासित किया जाएगा तथा उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं अन्य चिन्हित कर्मियों के विरुद्ध भी निलंबन सहित विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु उपरोक्त निर्देशों का सभी परीक्षार्थियों एवं संबंधित पदाधिकारियों द्वारा कड़ाई से अनुपालन किया जाना अनिवार्य है।

एक नजर

प्रभारी प्रधान शिक्षक के निधन पर शोकसभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय पुरानी जिउरी के प्रभारी प्रधान शिक्षक एवं अड्सनिया गांव निवासी सुदामा कुमार पासवान का निधन हो गया। परिवार वालों ने बताया कि रात को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई और उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर सुनते ही पकरीबरावां प्रखण्ड के दर्जनों शिक्षक उनके आवास पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से भेंट की। उनके निधन पर बीआरसी में एक शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शंभु कुमार, उमेश प्रसाद यादव, प्रहलाद कुमार, सूर्यदेव प्रसाद यादव, रमेश कुमार, देवेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अजीत कुमार, चंदन कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। इधर, उनके निधन पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, एमडीएम के साधनसेवी संजय कुमार, बीआरपी किशोरी शरण वर्मा, बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह आदि ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढस

पकरीबरावां। प्रखण्ड के अड्सनिया गांव निवासी एवं प्राथमिक विद्यालय पुरानी जिउरी के प्रभारी प्रधान शिक्षक सुदामा कुमार पासवान के निधन की खबर सुनते ही राजद नेता अशोक महतो, रामबालक यादव एवं वारिसलीगंज विधानसभा के पूर्व विधायक प्रदीप कुमार उनके परिवार वालों से भेंट कर उन्हें ढाढस बंधाया। नेताओं ने कहा कि दुःख की घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके घर में शादी समारोह का उत्साह था। उनके निधन से पूरा परिवार गम में डूब गया है। लोगों ने कहा कि वे मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के थे।

इंटर विद्यालय नारदीगंज में बाल सभा का आयोजन

नारदीगंज,नवादा। विभागीय आदेश अनुसार व पीरामल फाउंडेशन के दिशा निर्देश के आलोक में संकुल संसाधन केंद्र इंटर विद्यालय नारदीगंज में सोमवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया रंणविजय पासवान, सरपंच प्रवेश रविदास समेत अन्य रहे। इंटर विद्यालय नारदीगंज के संकुल स्थित विद्यालय राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज, मध्य विद्यालय पड़रिया, मध्य विद्यालय दरियापुर ,प्राथमिक विद्यालय शादीपुर, प्राथमिक विद्यालय दक्षिण यादव टोला,प्राथमिक विद्यालय अब्दुलपुर उर्दू व हिंदी, कन्या प्राथमिक विद्यालय नारदीडीह, उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय नारदीगंज शामिल के सभी कक्षा तीन से आठवीं तक के बच्चे एवं शिक्षक पंचायतीराज दिवस मनाने हेतु शामिल हुए । इसमें सभी विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रमों में मुख्य रूप से स्वागत गान, अभियान गीत, बाल संसद का चुनाव की प्रक्रिया एवं उसके कार्य, सामाजिक जागरूकता संबंधी नाटक जैसे पर्यावरण संरक्षण, भ्रूण हत्या अशिक्षा एक कलंक जैसे विषय शामिल रहे।इस कार्यक्रम को अभिभावकों ने भी सराहना की।

दुबई सिटी थीम डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। रविवार को आईटीआई कॉलेज के सामने मैदान में आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग के द्वारा आयोजित दुबई सिटी थीम डिज्नीलैंड मेला का भव्य शुभारंभ पूर्व विधायक प्रदीप महतो ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि अपने शहर में लगे इस डिजनीलैंड मेला का आयोजन नवादा वासियों के लिए नई सौगात लाया है। यहां सिंगापुर एयरलाइंस से डिजनीलैंड में प्रवेश बच्चों को खूब पसंद आएगी। आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग के आयोजक विक्की पाण्डेय ने बताया कि नवादा में पहली बार मेला का मुख्य आकर्षण में सिंगापुर एयरलाइंस गेट पर कैट वॉक के साथ प्रवेश साथ ही मेला में 20 यूरोपियन झूला है । अन्य झूला के रूप में टोरा टोरा, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन, ड्रैगन, रशियन झूला मिकी माउस, वॉल वंशी, किड्स राइड्स भी है । मेले में आकर्षक रूप से युवकों के लिए विशेष प्रकार की सेल्फी जोन बनाई गई है जो दुबई सिटी थीम पर है। इस मेले में मनोरंजन के साथ-साथ लगन और त्योहार के लिए जमकर खरीदारी भी लोग कर सकेंगे। मेले में मुख्य रूप से राजस्थानी अचार, जयपुरी अचार, चूरन, सहारनपुर के फर्नीचर के साथ महिलाओं से संबंधित हर प्रकार के सौंदर्य उपयोगी सामान उपलब्ध है। मेला के बिट्टू सिंह ने कहा कि आज के दौर में बच्चों में सामाजिक सांस्कृतिक समझ को विकसित करने के लिए परिवार बच्चों के साथ मेला जरूर देखने जाना चाहिए। मेला के रोहन कुमार ने बताया कि सिंगापुर एयरलाइंस पर कैट वॉक प्रवेश करने के साथ ही लोगों में रोमांच भर जायेगा। महिलाओं के लिए ज्वेलरी आइटम, राजस्थानी कंगन मुंबई के फैंसी चप्पल जूते पर और अन्य जरूरत के समान यहां किफायती दाम पर मिलेंगे। खरीदारी करने के साथ-साथ खानपान की विशेष व्यवस्था की गई है। भारतीय व्यंजन एवं चाइनीज फास्ट फूड के साथ भेलपुरी, पाव भाजी, पॉपकॉर्न, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, पेस्टीज आदि की बेहतर व्यवस्था की गई है। मेला टीम ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ लेडिस कांस्टेबल, लेडिज एवं जेंट्स बाउंसर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है । मेला रोजाना 3:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक चलेंगे।

24 घंटे के अंदर 33 फरार अपराधी गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 04 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 07 एवं अन्य गिरफ्तारी 26 कुल 33 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 57 लीटर महुआ शराब एवं 8.56 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 712 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 1 लाख 53 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तसला 2, चुलाई मशीन 1, गैस सिलेंडर 1 एवं महुआ शराब 1000 लीटर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित विशेष व्याख्यान का आयोजन

प्रो. पवनेश कुमार ने शोध और नवाचार को बताया विकसित भारत का आधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राधाकृष्णन सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया। 'रोल ऑफ रिसर्च एंड इन्नोवेशन इन द कन्टेक्स्ट ऑफ एन.ई.पी. 2020: ए पाथवे टुवर्ड्स विकसित भारत @ 2047' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विभाग, गृह विज्ञान, एलएसडब्ल्यू विभाग एवं एन.ई.पी. प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में तथा आईक्यूएसी के संरक्षण में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में इग्नू के प्रो पवनेश कुमार ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। अपने विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारत के शैक्षिक और तकनीकी पुनर्जागरण की आधारशिला बताया। उन्होंने राधाकृष्णन, मुदलियार और कस्तूरीरंगन आयोगों की ऐतिहासिक भूमिका को



रेखांकित करते हुए कहा कि एनईपी 2020 एक समावेशी, समतामूलक और नवाचार-आधारित शिक्षा व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम है। प्रो पवनेश ने कहा कि 'शोध और नवाचार' को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का केंद्रबिंदु बनाकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से उन्नत और वैश्विक नेतृत्वकारी राष्ट्र के रूप में उभारने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में क्रिटिकल थिंकिंग, इनक्यूबेशन सेंटर, अनुभवजन्य शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मातृभाषा में शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा को मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' जैसे यूजीसी के नवाचारों को उल्लेखनीय बताया और कहा कि उच्च शिक्षा संस्थान अब मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च हब के रूप में विकसित किए जाएंगे जिससे देश में स्टार्टअप संस्कृति को गति मिलेगी और युवा केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। कार्यक्रम का संयोजन प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ गोपाल सिंह, सह-संयोजन प्रो मुकेश कुमार (आईक्यूएसी समन्वयक) और आयोजन सचिवों में डॉ दीपशिखा, डॉ वंदना कुमारी, डॉ अब्दुल रहमान, डॉ इमरान आलम, डॉ रमला फातिमा एवं डॉ राजेश कुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही। स्वागत भाषण प्रो निभा सिंह (पूर्व विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग) ने प्रस्तुत किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ वंदना कुमारी (एलएसडब्ल्यू विभाग) ने किया। मंच-संचालन डॉ प्रियंका सिंह, एन ई पी समन्वयक एवं डॉ एकता वर्मा, सारथी समन्वयक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक विभागों के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और एनईपी सारथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गया जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी सैकड़ों समर्थकों के साथ हुई कांग्रेस में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में गया जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ एआईसीसी महासचिव सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नैना कुमारी के आगमन से पार्टी मगध क्षेत्र में मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के प्रति उनकी आस्था ने उन्हें पार्टी से जुड़कर शोषित वंचित समाज के लिए काम करने की प्रेरणा मिली। बिहार में कांग्रेस के प्रति महिलाओं और युवाओं के साथ समाज के पिछड़े तबके में राहुल गांधी के संघर्षों के कारण आकर्षण बढ़ा है। कांग्रेस में नैना कुमारी के आगमन को उन्होंने पार्टी के नीतियों के प्रति आम लोगों में बढ़ती लोकप्रियता से जोड़कर कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी में और मजबूत साथी जुड़ेंगे। गया जिला परिषद की अध्यक्ष नैना कुमारी ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि आज पूरे देश में एकमात्र नेता राहुल गांधी ही हैं जिन्होंने कमजोर, दलित वर्ग के लोगों की हक की लड़ाई लगातार लड़ते हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाने के तमाम प्रयास कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार किया जा रहा है और इसी का नतीजा है कि वर्तमान निरंकुश सत्ता को कांग्रेस के विचारों के आगे झुकना पड़ा। कांग्रेस पार्टी से जुड़कर उन्होंने पार्टी और शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और पार्टी के मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। इस मौके पर बिहार विधान सभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, राष्ट्रीय सचिव व बिहार के सह प्रभारी सुशील पासी, पूनम पासवान, सांसद मनोज राम, पूर्व सांसद अजय निषाद, प्रेमचंद मिश्र, अभय दुबे, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मोतीलाल शर्मा, शरवत जहां फातिमा सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

मंत्री डॉ प्रेम कुमार खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पुरस्कार वितरण समारोह में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गयाजी में ग्रामीण विकास संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में खेलो इंडिया यूथ गेम में पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि मोक्ष ज्ञान मां मंगला गौरी की धरती पर देश के कोने-कोने (सभी राज्यों) से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों का अभिनंदन करते है। आज हमने तैराकी के दो खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जिन्होंने गोल्ड एवं ब्रोंज मेडल पाया एवं दिल्ली और महाराष्ट्र के खो खो टीम के खिलाड़ियों से मिला एवं खेल शुभारंभ में शामिल हुआ। उनके मनोबल को बढ़ाया ताकि वो ऐसे ही देश के लिए मेडल ले के आए। साथ ही देश में ऐसे भव्य आयोजन के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। निश्चित यह बिहार के लिए गौरव का विषय है एवं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है। सभी युवाओं खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना करता हूं।

वहीं मौके पर जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विकास कुमार, मंडल अध्यक्ष धीरू, दीपू जी, विनोद पासवान, शिवा मांझी, वेद प्रकाश, संजीत सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

महिला लापता, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोच। थाना क्षेत्र के करमा टोला पाण्डेय पोखर गांव से एक महिला के लापता होने का मामला सोमवार को सामने आया है। महिला के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि पुलिस महिला की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आरती देवी पति जितेंद्र यादव उम्र 21 वर्ष बैंगनी रंग की साड़ी पहनी हुई है। वह बीते 30 अप्रैल को अपने घर से अपने ही गांव में शादी देखने के लिए निकली थी और अभी तक लापता है। इनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जो अचानक गायब हो गई और उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने महिला की तलाश के लिए टीम गठित की है और आसपास के इलाकों में छानबीन शुरू कर दी है।

सहकारिता मंत्री ने की सहकारी बैंक में गोल्ड लोन योजना और पेमेंट गेटवे की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार राज्य सहकारी बैंक की बांकीपुर शाखा में सोमवार को गोल्ड लोन योजना और पेमेंट गेटवे सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने किया। उनके साथ सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र कुमार (भा.प्र.से.) और नेशनल कंज्यूमर कोऑपरेटिव फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल सिंह मौजूद रहे। गोल्ड लोन योजना के तहत बैंक अब 20 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराएगा। यह ऋण ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों के मूल्यांकन के आधार पर दिया जाएगा। लोन की ब्याज दर 9.5 से 10 प्रतिशत के बीच होगी और इसकी अवधि एक माह से अधिकतम 12 माह तक की होगी। समय पर लोन चुकता करने पर ऋण अवधि को आगे भी बढ़ाया जा सकेगा। गिरवी रखे गए आभूषणों के लिए बीमा की व्यवस्था भी की गई है। इच्छुक ग्राहक नजदीकी शाखा में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पांच ग्राहकों – मोहम्मद सहनवाज़ फैजी, हर्षा गांधी, कमल कपूर, मोहम्मद शमसाद और मोहम्मद नाजिर अली हुसैन – को चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही सहकारी बैंक के पेमेंट गेटवे की भी शुरुआत की गई, जो डिजिटल लेन-देन को आसान और पारदर्शी बनाएगा। इस सुविधा के जरिए ग्राहक अब क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई जैसे माध्यमों से ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। यह सेवा न सिर्फ ग्राहकों के लिए, बल्कि अन्य संस्थाओं और सरकारी योजनाओं के वित्तीय संचालन में भी उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारी बैंकों की भूमिका को बिहार के विकास में महत्वपूर्ण बताया और बैंक के आधुनिकीकरण व तकनीकी उन्नयन के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही। उन्होंने राज्य के नागरिकों से आह्वान किया कि वे सहकारी बैंकों से जुड़कर आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाएं और बिहार की प्रगति में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे ने की। मंच पर गोपालगंज जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष महेश राय, पाटलिपुत्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रितेश कुमार, बिहार राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुधी रंजन प्रसाद, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक श्रीन्द्र नारायण और अंकित कुमार सहित बैंक के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सहकारी बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाला सूचना पत्र भी लोकार्पित किया गया।

भव्य मंदिर के अनुष्ठान को लेकर तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। नगर पंचायत के इमामगंज थाना के पास शिव मंदिर की भव्य स्थापना को लेकर सात मई को भगवान को निमंत्रण के साथ अनुष्ठान प्रारंभ होगी। इस संबंध में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि भवानी सिंह ने बताया कि मेरे घर के नजदीक एक पौराणिक शिव मंदिर स्थापित था जो काफी जीर्ण-शीर्ण हो गया था। उसी स्थान पर भव्य मंदिर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सात मई को भगवान शिव जो फिलहाल दूसरे मंदिर में रखे गए हैं उन्हें भव्य मंदिर में आने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। आठ मई को सुबह साढ़े छह बजे जलभरी का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा 24 घंटे का अखंड कीर्तन और भगवान का नगर भ्रमण होगा। नौ मई को वैदिक मंत्रोचारण के साथ भगवान शिव का स्थापना होगा। वहीं उन्होंने बताया कि स्थापना के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालु भगवान का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस कार्य में पैक्स अध्यक्ष बबलु सिंह, सुजित सिंह, विकास कुमार कश्यप, कारू सिंह, चिकू सिंह, पंडित सिंह, प्रदीप सिंह सहित दर्जनों लोग लगे हुए हैं।

नई दिल्ली और गया के मध्य चलायी जा रही समर स्पेशल का मार्ग विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु नई दिल्ली और गया के मध्य सप्ताह में दो दिन गाड़ी सं. 04064/04063 नई दिल्ली-गया-नई दिल्ली स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। अब 05.05.2025 से इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली और शेखपुरा के मध्य चलाया जाएगा। इस स्पेशल का शेखपुरा तक परिचालन विस्तार के कारण गाड़ी सं. 04063 शेखपुरा-गया-नई दिल्ली स्पेशल का गया और नई दिल्ली के मध्य संशोधित समयानुसार परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 04064 नई दिल्ली-गया-शेखपुरा सुपरफास्ट स्पेशल 05.05.2025 से 10.07.2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को नई दिल्ली से 09.30 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 02.20 बजे गया पहुंचेगी तथा गया से यह स्पेशल 02.25 बजे खुलकर 03.10 बजे तिलैया, 03.27 बजे नवादा, 03.45 बजे वारिसलीगंज रूकते हुए 04.30 बजे शेखपुरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04063 शेखपुरा-गया-नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल 06.05.2025 से 11.07.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शेखपुरा से 06.00 बजे खुलकर 06.25 बजे वारिसलीगंज, 06.48 बजे नवादा, 07.05 बजे तिलैया रूकते हुए 08.15 बजे गया पहुंचेगी तथा गया से संशोधित समयानुसार यह 08.20 बजे खुलकर 09.30 बजे डिहरी ऑन सोन, 09.50 बजे सासाराम, 10.25 बजे भभुआ रोड एवं 11.30 बजे डीडीयू सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 01.10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

बीडीओ की पहल पर नक्सल क्षेत्र खड़ाऊ व लूटी टांड़ गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। गया जिले के नक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती इलाका इमामगंज प्रखंड क्षेत्र के सुमार रहे खड़ाऊ और लूटी टांड़ गांव में बीडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए बोरिंग कराया गया। इन दोनों गांव में जाने के लिए डुमरिया प्रखंड के बरहा गांव से जंगल, पहाड़ और पथरीले रास्तों से होते हुए जाना पड़ता है। वहीं प्रखंड क्षेत्र का यह गांव काफी दुर्गम रास्ता माना जाता है। इधर इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि मल्हारी पंचायत के खड़ाऊ और लूटी टांड़ गांव में गर्मी के दिनों में पानी की घोर किल्लत बनी रहती है जहां टैंकर भेजकर लोगों को पानी मुहैया कराया जाता है, लेकिन इन दोनों गांव में पेयजल समस्या को डीएम डॉ त्याग राजन एसएस ने काफी गंभीरता से लिया और उनके मार्ग दर्शन में सोमवार को बोरिंग कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बोरिंग होने के बाद पानी मिला, लेकिन पानी का लेयर अच्छी नहीं रहने के कारण पुनः बोरिंग कराया जा रहा है। उम्मीद है कि बहुत जल्द ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल जाएगा। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने बीडीओ के साथ-साथ पीएचईडी के जेई हसन नवाज, एसडीओ इश्वरी प्रसाद के अलावे डीएम को धन्यवाद दिया है।

e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

e-Procurement Notice, RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No -06/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26 (2nd Call)

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Sadar Hospital, Palamu, Jharkhand** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :– (1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 09.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 19.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 21.05.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj.

PR 351654 Building(25-26)#D

कार्यपालक पदाधिकारी ने 702 लाभुकों को दिया आवास योजना का चेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। नगर पंचायत अंतर्गत रानीगंज हॉट बाजार स्थित कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष रंजन पांडेय, मुख्य पार्षद सोनम कुमारी, उप मुख्य पार्षद खुशबू देवी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि भवानी सिंह, धीरज पासवान आदि ने आवास योजना के लाभु को कार्यादेश व चेक का वितरण किया। वहीं इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पीएम शहरी आवास योजना बिहार सरकार के मदद से चलाया जा रहा है जिसमें नगर पंचायत इमामगंज के द्वारा पहले फेज में 702 लाभुकों को चयनित किया गया है। सोमवार को प्रत्येक वार्ड के एक-एक लाभुकों को कार्यालय बुलाकर कार्यादेश और चेक बुक दिया गया है। इन सबों के बैंक खाता

में आवास योजना के प्रथम किस्त के रूप में एक लाख रुपया भेज दिया गया है जिन लोगों के खाता में पैसा चला गया है वे लोग कार्य प्रारंभ कर दे। कुछ लोगों के खाता में अभी भी पैसा नहीं गया है। उनके खाता में एक- दो दिनों में पैसा चला जाएगा। उन्होंने लाभुकों से अपील किया कि यह राशि आपको सरकार ने आवास बनाने के लिए दिया है। किसी भी बिचौलियों को एक पैसा भी न दे। अगर कोई मांगता है तो इसकी सूचना हमें तुरंत दे। उन सबों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना गरीबों के लिए है। अगर कोई पक्का मकान वाले इस योजना का लाभ लेते हुए पकड़े जायेंगे तो उन सबों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि भवानी सिंह ने कहा कि प्रथम फेज में 702 लोगों को आवास योजना केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि पूर्व में जो रानीगंज एवं बभंडीह पंचायत वासियों को चार-चार वर्षों से आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। उन सबों को दूसरे फेज में 856 लोगों को बहुत जल्द आवास मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने भी बिचौलियों को एक रूपये भी नहीं देने की बात कही है। इस मौके पर मुख्य पार्षद पति धीरज पासवान, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि उपेन्द्र रजक, समाजसेवी भवानी सिंह, वार्ड पार्षद अखिलेश कुमार दांगी, वार्ड पार्षद सुरेश गुप्ता, कमलेश दास, संतोष सौण्डिक सहित दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक...../दिनांक.....

कार्यालय आदेश

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड राँची के पत्रांक 328(AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग स्वास्थ्य के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and Wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सको/M.P Co(maith) की अनुबध पर सेवा प्राप्त किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार शौक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदन के साथ 42/- रू0 का टिक्ट सटा दो लिफाफा एवं स्व पता लिखित दिनांक 15.05.2025 तक कार्यालय में हाथो–हाथ/निबंधित डाक से कचहरी कम्पाउण्ड, मेदिनीनगर नगर निगम, मेदिनीनगर, पलामू में भेज सकते है।

निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

क्र0	पदनाम	न्यूनतम योग्यता	उम्र सीमा	मानदेय	कुल रिक्त
1	चिकित्सक	मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री (चयन प्रक्रिया मौखिक पुछ–ताछ से किया जायेगा)	अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा एक वर्ष के लिए मान्य होगी।)	प्रतिमा 63,000/- (तिरसठ हजार रूपये मात्र)	02
2	MPW (Male)	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से LT/ANM प्रमाण पत्र	अधिकतम 40 वर्ष	11,466/- (ग्यारह हजार चार सौ रूपये मात्र)	01

नोटः– 1. चिकित्सक/MPW का चयन प्रक्रिया पुछ–ताछ के माध्यम से किया जायेगा।
2. कार्य अवधि सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 9:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. चयनित चिकित्सको/MPW को भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.351618 District(25-26):D

बांके बाजार प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बांके बाजार। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को दोपहर 2 बजे बीस सूत्री कार्यक्रम की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सीताराम प्रजापति ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड प्रमुख अविता कुमारी, हम पार्टी की नेता रूबी देवी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष (उत्तरी मंडल) कमल कुमार वर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामबरन कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) राजेश कोरवा, पे0–रामेश्वर कोरवा, सा0–ढेंगुरा, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमकण्डा थाना कांड सं0–68/2021 दिनांक–09.12.2021 धारा–385/387 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्रीमती वीना कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–13.04.2025 को आपके स्थायी पते सा0–ढेंगुरा के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्रीमती वीना कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 351697 Police (25-26)_D

संपादकीय

महाराष्ट्र की ईवी नीति से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी

महाराष्ट्र सरकार ने गत दिनों इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल की है. इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए महाराष्ट्र सरकार की इस पहल के निश्चित रूप से सकारात्मक नतीजे निकलेंगे और वायु प्रदूषण कम करने में अपेक्षित सफलता हासिल होगी.अपनी नीति में महाराष्ट्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर सब्सिडी प्रदान करने तथा राजमार्गों पर टोल टैक्स में छूट देने का प्रावधान किया है. महाराष्ट्र देश के उन राज्यों में से है जहां पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा है. मुंबई, नागपुर, पुणे, अहमदनगर, औरंगाबाद, नाशिक जैसे बड़े शहर ही नहीं बल्कि अमरावती, अकोला, नांदेड़, रत्नागिरि, जालना, लातूर जैसे मध्यम स्तर के शहरों तक को प्रदूषण अपनी चपेट में लेने लगा है. डीजल तथा पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से निकलने वाला धुआं महाराष्ट्र के वायु मंडल में जहर घोल रहा है. वैकल्पिक ईंधनों से वाहन चलाने के प्रयोग महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे विकल्प की तरह सफलता नहीं मिल सकी है. वास्तव में इलेक्ट्रिक वाहन पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों के सबसे अच्छे विकल्प के रूप में अपनी क्षमता को साबित कर चुके हैं. इसीलिए लोग उन्हें तेजी से अपना रहे हैं. उन्हें पेट्रोल-डीजल वाहन का शत-प्रतिशत विकल्प बनाने में कुछ बाधाएं हैं. मसलन इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत बहुत बड़ी समस्या है. पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) महंगे हैं. उनका रख-रखाव भी अपेक्षाकृत जटिल है. इसके अलावा सबसे बड़ी समस्या उन्हें चार्ज करने की है. बैटरी से चलने वाले इन वाहनों को चार्ज करने में बहुत वक्त लगता है. दूसरी बड़ी समस्या है कि उन्हें चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशनों की बहुत कमी है. ये वाहन फिलहाल शहर के भीतर या आसपास पचास-सौ किमी के दायरे तक यात्रा करने के लिए ही उपयुक्त हैं. लंबी दूरी की यात्रा के लिए इन वाहनों में क्षमता तो है लेकिन समस्या यह है कि बैटरी की चार्जिंग खत्म हो जाने पर उन्हें चार्ज करने के लिए राष्ट्रीय और प्रादेशिक राज मार्गों पर सैकड़ों किमी तक चार्जिंग स्टेशन ही नहीं मिलते. इलेक्ट्रिक वाहन नीति तैयार करते वक्त महाराष्ट्र सरकार ने इन मामलों को ध्यान में रखा है. नई ईवी नीति में हर 25 किमी के दायरे में चार्जिंग प्वाइंट बनाने का प्रावधान है. इससे लंबी दूरी की यात्रा करने पर ईवी को चार्ज करने की समस्या का समाधान हो जाएगा. ईवी की ज्यादा कीमतों पर भी राज्य सरकार ने गौर किया है. उसने ईवी की बिक्री बढ़ाने के लिए उनकी खरीद पर ग्राहकों को 10 से 15 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान भी किया है. इससे ईवी की बिक्री को निश्चित रूप से प्रोत्साहन मिलेगा. भारत दुनिया के उन मुल्कों में शामिल है जहां कार्बन उत्सर्जन सबसे ज्यादा होता है और इस अप्रिय मामले में महाराष्ट्र भी पीछे नहीं है. औद्योगिकीकरण तथा वाहनों की विशाल संख्या एवं राख व धुआं उगलने वाले बिजलीघरों के कारण वायु और ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है. इससे तापमान में भी असामान्य वृद्धि दर्ज की जा रही है. राज्य में वायु प्रदूषण के महत्वपूर्ण कारणों में वाहन भी हैं. पेट्रोल तथा डीजल का विकल्प ढूंढने के प्रयास वर्षों से चल रहे हैं. जो विकल्प मिले हैं, उनसे पेट्रोल तथा डीजल की खपत कम करने में कोई खास मदद नहीं मिल रही थी. इलेक्ट्रिक वाहन सबसे अच्छे विकल्प के रूप में तो उभरे लेकिन कई कारणों से उसे लोकप्रिय बनाने की प्रक्रिया धीमी रही. चार्जिंग तथा कीमत से जुड़ी समस्याओं के कारण ईवी को अपनाने में लोगों को वक्त लगा लेकिन एक बार उसकी उपयोगिता समझ में आ जाने के बाद ईवी की बिक्री में तेजी से वृद्धि होने लगी है. एक अनुमान के मुताबिक अगले दस वर्षों में महाराष्ट्र देश के उन राज्यों में शामिल हो जाएगा जहां ईवी की संख्या डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से ज्यादा रहेगी. पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ईवी काफी मददगार साबित हो सकते हैं. इन वाहनों से जहरीला धुआं नहीं निकलता और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है. ईवी पेट्रोल-डीजल वाहनों की तरह शोर नहीं करते. ईवी की बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें अपनी ओर से कुछ कदम उठा रही हैं लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने ईवी को लेकर एक समग्र नीति बनाई है जो अन्य राज्यों के लिए निश्चित रूप से अनुकरणीय साबित होगी.

दावों के बावजूद नहीं छूटती वीआईपी संस्कृति !

यूं तो वर्ष 2014 में फडणवीस सरकार बनने के बाद कहा यह गया था कि वीआईपी संस्कृति समाप्त की जाएगी. जिसके चलते आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों के अलावा समस्त सरकारी वाहनों से लाल-पीली बत्तियां हटाई जाएंगी और हट भी गईं. किंतु कर्कश सायरन, बिना किसी कारण या अनुमति के समय- बेसमय बजते 'हूटर' आम लोगों की परेशानी का विषय बने हुए हैं.

मगर प्रशासन की नेताओं के प्रति निष्ठा आम आदमी की दिक्कतों से परे जा चुकी है. वर्ष 2014 में जब मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल में देवेंद्र फडणवीस ने विमान के 'इकोनॉमी क्लास' में यात्रा की थी, तब उन्होंने वीआईपी संस्कृति से दूर रहने का संदेश दिया था. उसके बाद कुछ दिनों पहले उन्होंने सड़कों पर लगने वाले होर्डिंगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है.

अमिताभ श्रीवास्तव



राज्य में महाराष्ट्र दिवस धूमधाम से मनाया गया. परंपरा अनुसार अनेक सरकारी कार्यक्रम हुए. जिनके चलते अलग-अलग जिलों के पालकमंत्री अपने-अपने स्थानों पर झंडावंदन कार्यक्रम के लिए पहुंचे. यही नहीं मुंबई में प्रदेश के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अतिरिक्त मनोरंजन जगत के लिए विशेष कार्यक्रम 'वेव्स' का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री मुख्य अतिथि थे. यद्यपि राजधानी मुंबई से लेकर उपराजधानी नागपुर तक कार्यक्रमों की भरमार थी तो दूसरी ओर नेताओं के काफिलों की आवाजाही हर जगह दिखाई दी.

बार-बार थमता यातायात और फंसते लोग 'वीआईपी प्रोटोकॉल' के नाम पर गरमी और प्रदूषण को सहते नजर आए. दरअसल इन दिनों विधायक से लेकर मुख्यमंत्री और सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्रियों तक के आने-जाने का मतलब आम जनता के लिए बड़ा सिरदर्द बन चुका है. कुछ स्थानों पर राज्यपालों के कार्यक्रम होने से अलग मुश्किलें पैदा होती हैं.

यूं तो वर्ष 2014 में फडणवीस सरकार बनने के बाद कहा यह गया था कि वीआईपी संस्कृति समाप्त की जाएगी. जिसके चलते आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों के अलावा समस्त सरकारी वाहनों से लाल-पीली बत्तियां हटाई जाएंगी और हट भी गईं. किंतु कर्कश सायरन, बिना किसी कारण या अनुमति के समय- बेसमय बजते 'हूटर' आम लोगों की परेशानी का विषय बने हुए हैं.

मगर प्रशासन की नेताओं के प्रति निष्ठा आम आदमी की दिक्कतों से परे जा चुकी है. वर्ष 2014 में जब मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल में देवेंद्र फडणवीस ने विमान के 'इकोनॉमी क्लास' में यात्रा की थी, तब उन्होंने वीआईपी संस्कृति से दूर रहने का संदेश दिया था. उसके बाद कुछ दिनों पहले उन्होंने सड़कों पर लगने वाले होर्डिंगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है.

मगर वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2025 तक जमीनी स्थितियों को देखा जाए तो कुछ नहीं बदला है. अब विशेष विमान, हेलिकॉप्टर नियमित आने-जाने का साधन बन चुके हैं. उच्च न्यायालय के अनेक आदेश के बावजूद होर्डिंग कहीं भी और किसी के भी लग सकते हैं. हवाई सवारियों के बाद सड़कों पर वीआईपी के नाम पर वाहनों की गिनती कम होने की बजाय लगातार बढ़ती ही जा रही है.

एक विधायक के पीछे कम से कम एक, सांसद के पीछे दो से तीन, राज्यमंत्री के वाहन के पीछे पुलिस के वाहन के साथ कम से कम तीन से चार, कैबिनेट मंत्री के वाहन के आगे-पीछे पुलिस के कम से कम दो वाहनों के साथ पीछे कम से कम चार से पांच अन्य वाहन अवश्य ही दिखाई देते हैं. इसके बाद उप मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के साथ वाहनों की गिरती करना संभव ही नहीं है.

इसके अलावा पार्टियों के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों के साथ वाहन कितने भी हो सकते हैं. इन सभी वाहनों के काफिलों के लिए यातायात सिग्नलों, टोल नाकों का अस्तित्व न के बराबर होता है. इनमें कुछ सरकारी वाहनों को छोड़ दिए जाएं तो बाकी में सांसद, विधायक, नगरसेवक और वीआईपी के स्टीकर और 'हूटर' भी लगे होते हैं.

यातायात नियमों को तोड़ने पर पुलिस कर्मचारी कार्रवाई तो दूर वह आगे बढ़कर रास्ता खाली करने के लिए प्रयास करने में जुट जाते हैं. यदि उसने ऐसा नहीं किया तो उन्हें अधिकारियों की फटकार सुनने के लिए तैयार रहना पड़ता है. महाराष्ट्र के मुंबई के अलावा पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, नासिक, जलगांव, सातारा, कोल्हापुर, अहिल्यानगर आदि जैसे जिलों से एक से अधिक मंत्री हैं.

नाम के लिए कुछ का निर्वाचन क्षेत्र उनके जिले में होता है, लेकिन सभी जिला मुख्यालय में रहते हुए गांवों के रास्तों पर निकलते दिखाई देते हैं. हालांकि एंबुलेंस सहित सभी वाहनों के लिए रात दस बजे बाद आपातकालीन परिस्थिति को छोड़कर सायरन बजाने की अनुमति नहीं है. फिर भी पुलिस काफिलों के गुजरते समय, नेताओं के काफिले नियमों का उल्लंघन करते नजर आते हैं.

उसे आम आदमी की समस्याओं से परे वीआईपी प्रोटोकॉल अधिक दिखाई देता है. दूसरी तरफ कुछ नेताओं को शक्ति प्रदर्शन और आम जन पर प्रभाव बनाए रखने के लिए झंडे-सायरन जैसी वस्तुओं का सहारा लेना हो जाता है. कुछ हद तक चुनाव जीतने बाद निर्वाचित प्रतिनिधियों का भी यही उद्देश्य होता है. वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन प्रतिनिधि का लाभ कुछ इसी रूप में लेना चाहते हैं.

मोटे स्वरूप में यह भी सत्य है कि वीआईपी संस्कृति के भौंडे प्रदर्शन का आम जन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, बल्कि जान मानस के मन में नेताओं की छवि ही खराब होती है. कुछ पुराने नेता अतीत को याद करते हुए बताते हैं कि उनके दौर में चुनाव के समय में किसी बड़े नेता के लिए एक गाड़ी को भी उपलब्ध कराना आसान नहीं होता था.

यदि एक गाड़ी के साथ आपातकालीन परिस्थिति के लिए दूसरी गाड़ी भी मिल गई तो बहुत बड़ी बात मानी जाती थी. ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या काफिलों में इतने अधिक वाहनों की आवश्यकता होती है? क्या दलों के बड़े नेता स्वयं वाहनों की कतार को शक्ति प्रदर्शन का आधार मानते हैं? या फिर छोटे नेता स्वप्रेरणा से कतार में लग जाते हैं?

अवश्य ही यह अनुत्तरित तथा विचार योग्य स्थिति है. वीआईपी संस्कृति केवल वाहनों से लाल बत्ती हटाना नहीं है, बल्कि आम और खास का अंतर समाप्त करना है. यदि कुछ साल पहले उस पर अमल आरंभ हुआ था तो उसकी वास्तविकता का धरातल पर आंकलन जरूरी है.

शायद खास से आम के परिवर्तन में कार्यकर्ताओं के उत्साह में कमी आने का डर मन में हो सकता है, लेकिन आम जन के दिमाग में पैदा हो रहे गुस्से का गुबार भी कभी फूट सकता है. लिहाजा खतरा दोनों तरफ है. जरूरत नेताओं के सामाजिक आचरण में संयम और संतुलन के साथ सरलता लाने की है, जो मतदाता को सामान्य नागरिक भी समझ कर जीने का अधिकार दिला सकती है.

अध्यात्म

बुराई का अंत हर हाल में होता है



एक सांप को एक बाज आसमान पे ले कर उड रहा था। अचानक पंजे से सांप छूट गया और कुवें मे गिर गया बाज ने बहुत कोशिश की अखिर थक हार कर चला गया।

सांप ने देखा कुवें मे बड़े किंग साईज़ के बड़े बड़े मेढक मौजूद थे। पहले तो डरा फिर एक सूखे चबूतरे पर जा बैठा और मेढकों के प्रधान को लगा खोजने।

अखिर उसने एक मेढक को बुलाया और कहा मैं सांप हूँ मेरा ज़हर तुम सब को पानी मे मार देगा।

ऐसा करो रोज़ एक मेढक तुम मेरे पास भेजा करो, वह मेरी सेवा करेगा और तुम सब बहुत आराम से रह सकते हो।

पर याद रखना एक मेढक रोज़ रोज़ आना चाहिए।एक एक कर के सारे मेढक सांप खा गया। जब अकेले प्रधान मेढक बचा तब सांप चबूतरे से उतर कर पानी मे आया और बोला प्रधान जी आज आप की बारी है।

प्रधान मेढक ने कहा मेरे साथ विश्वास घात ? सांप बोला जो अपनो के साथ विश्वास घात करता है उसका यही अंजाम होता है।

फिर उसने प्रधान जी को गटक लिया। कुछ देर के बाद साँप आहिस्ता आहिस्ता कुवें के ऊपर आ कर चबूतरे पर लेट गया।

तभी एक बाज ने आ कर साँप को दबोच लिया नवनीत और बोला पहचान साँप मुझे मैं वही बाज हूँ जिसके बच्चे तूने पिछले साल खा लिये थे। और जब तुझे पकड़ कर ले जा रहा था तब तू मेरे पंजे से छूट कर कुएं मे जा गिरा था।

तब से मैं रोज़ तेरी हरकत पर नज़र रखता था।आज तू सारे मेढक खा कर काफी मोटा हो गया। मेरे फिर से बच्चे बड़े हो रहे है वह तुझे ज़िंदा नोच नोच कर अपने भाई बहनो का बदला लेंगे।। फिर बाज साँप को लेकर उड़ गया अपने घोसले की तरफ। बुराई एक दिन हार जाती है वह चाहे कितनी भी ताक़तवर हो !

जब बुद्धिमत्ता प्रकृति से टकराए, विकास की दौड़ में विनाश की आहट

मनुष्य की बुद्धिमत्ता ने उसे विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मगर जब यही बुद्धिमत्ता प्रकृति के विरुद्ध खड़ी हो जाएं, तब मनुष्य का विनाश तय है। अगर मनुष्य अपना कल्याण चाहता है, तो उसे यह बात समझने की आवश्यकता है कि असली बुद्धिमत्ता वही है, जो सृजन करे, न कि विनाश। प्रकृति और मानव के बीच का संतुलन ही स्थायी विकास की कुंजी है। आज यह जरूरत है कि मनुष्य अपनी बुद्धिमत्ता को जिम्मेदारी से जोड़े, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस धरती को उतना ही सुंदर और जीवनदायी पाएं, जितना उसे विरासत में मिला है। मनुष्य की बुद्धिमत्ता उसे बाकी जीवों से अलग बनाती है, क्योंकि वह प्रकृति को अन्य जीवों से ज्यादा समझ पाया है। यही वजह है कि मनुष्य प्रकृति के संसाधनों का ज्यादा उपयोग कर पाया। आज यह मनुष्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह प्रकृति का सम्मान करे।

निरिवल रस्तोगी

मनुष्य की बुद्धिमत्ता उसकी कल्पना से कहीं अधिक समृद्ध और गतिशील है, जितना कि हमें औपचारिक शैक्षणिक शिक्षा द्वारा विश्वास दिलाया गया है।' प्रसिद्ध शिक्षाविद् सर केन राबिंसन के ये विचार हमें मनुष्य और उसकी बुद्धिमत्ता का बोध कराते हैं। मनुष्य को सभी जीवों में क्यों उच्चतम जीव माना गया है? यहां तक कि उसका जीवन एक वरदान के समान क्यों है? इन सब बातों का जवाब इस एक कथन से साफ हो जाता है।

दरअसल, मनुष्य की बौद्धिक क्षमताएं असीम है। हालांकि, दूसरे जीवों में भी यह पहलू मौजूद है, लेकिन वह एक दायरे में सिमटा हुआ है। मनुष्य के मामले में यह बिल्कुल अलग है। मनुष्य की बुद्धिमत्ता अपार है, उसकी जिज्ञासा अटल है, जिसके कारण उसके पास अनंत संभावनाओं तक पहुंचने और प्रकृति को अपनी स्थिति के अनुकूल बनाने का बल है। मनुष्य का बाकी जीवों की तुलना में ज्यादा विकास हुआ है। यह उसकी बौद्धिक क्षमता का प्रमाण ही है कि वह आज इतना काबिल हो गया कि उसने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अद्भुत तकनीकों का निर्माण किया है। मनुष्य ने अपनी प्रतिभा के जरिए नवाचारों को जन्म देकर इसे मुमकिन कर दिखाया और लगभग हर क्षेत्र में विजय हासिल कर रहा है।

इन सब उपलब्धियों की वजह से मनुष्य अपनी बुद्धिमत्ता की छवि देख सकता है और अपने विकास के पीछे का कारण जान सकता है। मगर यह भी जानने की जरूरत है कि अपने विकास के साथ प्रकृति और उसके आयामों का कितना विकास हुआ, उसकी बुद्धिमत्ता से प्रकृति को कितना लाभ और उस पर कितना असर पड़ा। आखिर उसकी बुद्धिमत्ता का सृजन प्रकृति से ही हुआ है। इसी संदर्भ में बात की जाए तो मनुष्य अपने विकास के दौरान प्रकृति, उसके आयामों और यहां तक कि उसके द्वारा दुनिया में कायम संतुलन को खुद ही असंतुलित कर रहा है। आज जिस स्तर पर बाढ़, भूकम्प और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक विपदाएं सामने आ रही है, वह कई बार चिंता पैदा करती है। लगभग एक सदी पहले इस स्तर पर न कोई विपदा देखी जाती थी और न ही कोई इसकी कल्पना करता था। पिछले कुछ सालों में मनुष्य ने जिस अनैतिक तरीके से प्रकृति का दोहन किया, उन्हीं कर्मों का फल ये विपदाएं हैं।

मनुष्य को यहां एक और बात समझने की जरूरत है। वह बुद्धिमान जीव है और गतिशील जीव भी। इसमें कोई दोराय नहीं है, लेकिन यह देखने की जरूरत है कि उसकी बौद्धिक क्षमताएं कितनी मुसीबतों को निमंत्रण दे रही हैं। एक अध्ययन के अनुसार, मानव गतिविधियों ने पृथ्वी को हद से ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। उसे ऐसी विकट परिस्थिति में धकेल दिया है, जहां वैज्ञानिकों द्वारा रेखांकित नौ पारिस्थितिकी सीमाओं में से चार उसके द्वारा पहले ही पार कर ली गई हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, भूमि उपयोग में परिवर्तन और नाइट्रोजन व फास्फोरस चक्रों में असंतुलन शामिल हैं। इन सीमाओं को पार



करने से पृथ्वी की स्थिरता प्रभावित हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन परिवर्तनों में जलवायु परिवर्तन पार की गई सबसे गंभीर सीमा है, क्योंकि वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड का स्तर 350 भाग प्रति मिलियन से बढ़कर 395 भाग प्रति मिलियन हो गया है। यह स्थिति पृथ्वी की प्रणाली में अचानक परिवर्तनों का कारण बन सकती है। जैसे कि आर्कटिक बर्फ की चादरों का पिघलना, जो और अधिक ग्रीनहाउस गैसों को मुक्त कर सकता है।

मनुष्य ऊर्जा का भंडार है। वह उर्जा, जिसके बिना प्रकृति अधूरी है। लेकिन यहां प्रकृति मनुष्य से उसके हित और विस्तार की उपेक्षा करती है, न कि विध्वंस का। आज मनुष्य अपनी ऊर्जा का प्रयोग अपने हित के लिए कर रहा है। हालांकि पहले भी मनुष्य अपनी प्रतिभा का प्रयोग अपने लाभ के लिए करता आया है, लेकिन यहां फर्क बस इतना है कि पहले मनुष्य प्रकृति के साथ साझेदारी बनाकर अपना विकास करता था, जो आज प्रभुत्व से बदल गया है। हाल ही में हैदराबाद के कांचा गाचीबोवली में आइटी पार्क के निर्माण के चलते लगभग दो वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के जंगल और वनस्पतियों को नष्ट कर दिया गया। यह उदाहरण असल में मनुष्य का स्वार्थ साबित करता है, जहां वह सिर्फ अपने हित के लिए कार्य करना चाहता है और उसे प्रकृति से कुछ लेना-देना नहीं है।

मनुष्य की बुद्धिमत्ता ने उसे विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मगर जब यही बुद्धिमत्ता प्रकृति के विरुद्ध खड़ी हो जाएं, तब मनुष्य का विनाश तय है। अगर मनुष्य अपना कल्याण चाहता है, तो उसे यह बात समझने की आवश्यकता है कि असली बुद्धिमत्ता वही है, जो सृजन करे, न कि विनाश। प्रकृति और मानव के बीच का संतुलन ही स्थायी विकास की कुंजी है। आज यह जरूरत है कि मनुष्य अपनी बुद्धिमत्ता को जिम्मेदारी से जोड़े, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस धरती को उतना ही सुंदर और जीवनदायी पाएं, जितना उसे विरासत में मिला है।

मनुष्य की बुद्धिमत्ता उसे बाकी जीवों से अलग बनाती है, क्योंकि वह प्रकृति को अन्य जीवों से ज्यादा समझ पाया है। यही वजह है कि मनुष्य प्रकृति के संसाधनों का ज्यादा उपयोग कर पाया। आज यह मनुष्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह प्रकृति का सम्मान करे। चूंकि उसकी बुद्धिमत्ता प्रकृति की देन है, इसलिए उसे प्रकृति का ऋणी होना चाहिए। मनुष्य और उसकी बुद्धिमत्ता का परिचय सतत् विकास के साथ हो, यही उसका प्रयास होना चाहिए। आखिर उसकी भलाई इसी बात में निहित है।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आपको अच्छे सम्पर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा। छोटे भाई बहनों की उन्नति से आप प्रसन्न होंगे। सहकर्मियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

वृषभ

सम्पत्ति में आप धन निवेश कर सकते हैं। दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें शेयर करना उचित होगा।

मिथुन

सन्तान के रवैये से आप सन्तुष्ट रहेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। परिवार के सदस्यों के बीच अच्छा तालमेल रहेगा।

कर्क

युवा नौकरी को लेकर परेशान हो सकते हैं। महत्वपूर्ण सामान चोरी हो सकता है। इसीलिये आज यदि यात्रा कर रहे हैं तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें।

सिंह

आकस्मिक यात्रा की सम्भावना बन सकती है। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवेश करें। रिश्तेदारों पर अधिक विश्वास करना उचित नहीं है।

कन्या

लक्ष्य प्राप्ति के लिये कड़ी मेहनत करेंगे। जिसके सार्थक परिणाम भी आपको जल्द प्राप्त होंगे। परिजनों के साथ आनन्द का समय बितायेंगे।

तुला

कार्यक्षेत्र में हल्की-फुल्की परेशानियाँ लगी रहेंगी। घर में मेहमान आने के योग बन रहे हैं। प्रणय जीवन का भरपूर आनन्द उठायेंगे।

वृश्चिक

विद्यार्थियों को पढ़ाई में ध्यान रखना पड़ेगा। आप शुभ कार्यों में धन खर्च करेंगे। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखने चाहिये।

धनु

विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी। छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनायेंगे। गले में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है।

मकर

आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। भविष्य के लिये आप बड़ी योजना बना सकते हैं। मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के प्रति एकाग्र रहेंगे।

कुंभ

वैवाहिक जीवन की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

मीन

जिद्दीपन वाले व्यवहार से बचना चाहिये। थकान और कमजोरी रहेगी। दूसरों की भावनाओं पर अधिक विश्वास न करें। विरोधियों से सावधान रहे।

खेलो इंडिया गेम में फुटबॉल महाकुंभ, देखने को मिले जबरदस्त मुकाबले

एकतरफा मुकाबले में झारखंड ने राजस्थान को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बेगूसराय। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पहले दिन सोमवार को जिले में आयोजित नेशनल फुटबॉल में आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में बिहार एवं तमिलनाडू की महिला टीम के बीच मुकाबला हुआ। आईओसीएल रिफाइनरी मैदान में खेल गए मैच में तमिलनाडु की टीम ने बिहार को 2-1 से हराया। तमिलनाडु और बिहार टीम के बीच कांटे का मुकाबला रहा। तमिलनाडु की ओर से आर प्रेमा ने 2 गोल दागे जबकि बिहार की ओर से निक्की कुमारी ने एक गोल किया। दूसरे अन्य मुकाबले में यमुना भगत स्टेडियम बरौनी में राजस्थान और झारखंड की महिला टीम के बीच मैच खेला गया। यमुना भगत स्टेडियम में खेले गए मैच में झारखंड की टीम ने राजस्थान को एक तरफा मुकाबले में 8-0 से हराया। रीना कुमारी ने 4 और बबीता कुमारी ने टीम के लिए 3 गोल किए। सब्टिच्यूट की तौर पर आई रीना टप्पो ने 1 गोल किया। राजस्थान की टीम गोल का खाता भी नहीं खोल सकी। आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में महिला के ग्रुप ए में खेलने वाली बिहार एवं तमिलनाडू की टीमों के साथ खेल मंत्री बिहार सरकार सुरेंद्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, विधायक सदर कुंदन सिंह, महापौर नगर निगम पिंकी देवी एवं अन्य के द्वारा हाथ मिलाकर सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्द्धन किया गया। राष्ट्रगान के साथ इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय फुटबल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। खेल मंत्री बिहार सरकार सुरेंद्र मेहता ने कहा कि बिहार में खेलों के विकास और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बिहार के खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। महापौर पिंकी देवी ने नगर निगम बेगूसराय की ओर से सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि दिनकर की धरती और श्रीकृष्ण सिंह की कर्मभूमि पर यह राष्ट्रीय फुटबल का आयोजन खेल के क्षेत्र में आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। जिला अधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि दोनो मैदान में 4 मई से 15 मई तक दो सत्र में फुटबल के मैच खेले जाएंगे। पहले सत्र में सुबह 7:30 से और दूसरे सत्र में शाम के 4 बजे से मैच खेले जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बेगूसराय एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय, पूर्व महापौर संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

बदमाशों ने मक्का की फसल किया बरबाद

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाने के नावकोठी में बदमाशों ने खेत में लगी मक्का की फसल को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीड़ित नावकोठी वार्ड संख्या 03 के महेश शर्मा ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिये गये आवेदन में उन्होंने गांव के ही रेखा देवी, अहिल्या देवी, राम बालक महतो, सुखदेव महतो, विजय महतो पर मक्का की फसल तथा पेड़ काटने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि थाना संख्या 179 खाता 1396, खेसरा 1632 रकबा 6 डिसमिल मेरी माँ द्रोपदी देवी के नाम से है। उस भूमि पर शांतिपूर्ण दखल कब्जा भी है। उपरोक्त सभी लोगों ने उक्त भूमि पर लगे मक्के के पौधे को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मेरी माँ तथा पत्नी ने उन लोगो को ऐसा करने से रोका तो उपरोक्त सभी ने गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर एक राय बनाकर उनलोगों के साथ मारपीट भी की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा कांड अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एक नजर

बखरी में लगेगी लोक अदालत

बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बखरी व्यवहार न्यायालय में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। पेशकार वीरेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बखरी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर में 10 बजे दिन से पक्षकारों के आने तक लोक अदालत के माध्यम से जमानतीय अपराधिक वाद को समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को इसमें सहयोग करने हेतु अनुरोध किया है साथ ही पक्षकारों से भी इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने कि अपील की। वहीं पेशकार आर्यन कुमार ने बताया कि लोक अदालत में पक्षकारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसलिए संबंधित पक्षकार बढ़ चढ़ कर इस मौके का लाभ उठा केस को समाप्त करवायें।

नाबालिग छात्रा अगवा

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाने के एक गांव में शादी की नीयत से एक नाबालिग छात्रा को अगवा कर लिया गया। पीड़िता की मां ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। उसने बताया कि उसकी बेटी स्थानीय हाईस्कूल की कक्षा नवमी की छात्रा थी। शनिवार को अपने घर से पढ़ने के लिए निकली थी। शाम तक घर वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। खोजबीन के क्रम में पता चला कि गांव का ही एक युवक उसे अपने बाइक पर बैठाकर ले गया है। उसके पास का मोबाइल फोन का स्वीच आँफ आ रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दिया है।

स्कूल को उपलब्ध कराई आरओ मशीन

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। समस्तीपुर प्रखंड के रूप नारायणपुर बेला पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार साह के द्वारा मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में ड्रिंकिंग वाटर कूलर एवं आर ओ उपलब्ध कराया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन आज प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने किया। इस मशीन के लग जाने से बच्चों की चिर प्रतिक्षित मांगे पूरी हुई। इस मशीन की एक घंटा में 100 लीटर पानी का शुद्धिकरण एवं शीतलीकरण करने की क्षमता है। इस उपकरण के लगने से बच्चों को शुद्ध एवं ठंडा पानी पीने का मौका मिला, जिससे उनमें खुशी देखने को मिला। इंस्टॉलेशन कार्य में शिक्षा सेवक कैलाश सदा,रात्रि प्रहरी अमरजीत कुमार, शिक्षक शत्रुघन कुमार, कंचन कुमारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका के लिए किया गया सम्मानित

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। ब्लड फोर्स टीम को सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका के लिए दुद्धी सोनभद्र, उत्तर प्रदेश में प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान कार्यक्रम में ''भारत सेवा सम्मान''से सम्मानित किया गया। मौके पर टीम के कोर मेंबर एवं मीडिया प्रभारी राहुल कुमार और को-फाउंडर दिवाकर यादव उपस्थित थे। संस्था के फाउंडर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि उनका एक ही संकल्प है कि ''आओ मिलकर करे एक ऐसे युग का निर्माण..जहां रक्त की कमी से न जाए किसी का भी जान...''आगे उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से अब तक 1000+ लोगों को मदद रक्त देकर किया गया है और अबतक 20 कैंप लगाकर 700+ साथियों ने अपना रक्तदान महादान कर चुके है। संस्था के द्वारा समय समय पर गरीबों के बीच कंबल वितरण, सामूहिक विवाह में सहयोग, भोजन वितरण इत्यादि सब किया जाता है। आईये हम सब मिलकर संकल्प लेते है की हम सभी को जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान करना चाहिए।

बखरी में जनसुराज सम्मेलन की हो रही तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। प्रखंड में जन सुराज कार्यकर्ता पार्टी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जनसम्पर्क अभियान तेज कर दी है। सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से जन सुराज के संभावित विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम ने क्षेत्र का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संवाद स्थापित कर अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। श्री राम ने कहा कि जन सुराज एक वैकल्पिक राजनीतिक सोच है। जो समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय, विकास और स्वाभिमान की भावना लेकर पहुंचना चाहता है। उन्होंने बताया कि 8 मई को होने वाला यह सम्मेलन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं। बल्कि जन सुराज के विजन को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने क्षेत्रीय दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए संगठन की नीति और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कहा कि इस सम्मेलन में भागीदारी सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहेगी। बखरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के कारण माहौल उत्साहजनक बना हुआ है। भ्रमण के दौरान जिला महासचिव तुफैल अहमद खान, प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान, प्रखंड अध्यक्ष नरेश पासवान,अमित कुमार, लक्ष्मण महतो, रूस्तम बैठा, संजीत महतो, वीरेंद्र महतो आदि थे।

साइबर कांडों के अनुसंधान में लाएं तेजी : डीआईजी

साइबर अपराध कांडों में गिरफ्तारी, निष्पादन तथा ठगी गई राशि की वापसी में वृद्धि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बेगूसराय। पुलिस उप महानिरीक्षक बेगूसराय क्षेत्र ने कार्यालय में बेगूसराय एवं खगड़िया जिला के साइबर अपराध के कांडों की समीक्षा की। जिसमे बेगूसराय जिला के साइबर थाना अध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक इमरान अहमद एवं खगड़िया जिला के प्रभारी साइबर थानाध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक त्रिलोकनाथ मिश्रा एवं दोनों जिला के साइबर थाना के अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। समीक्षा के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दोनों जिला के थानाध्यक्षों एवं अनुसंधानकर्ताओं से साइबर अपराध के कांडों में अनुसंधान की स्थिति की जानकारी ली गई। इस बैठक से पूर्व बेगूसराय साइबर थाना की समीक्षा की गई थी। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2025 में साइबर अपराध के कांडों में गिरफ्तारी, कांड निष्पादन तथा पीड़ितों को ठगी की गई राशि को वापस लौटाने में वृद्धि हुई है। साइबर अपराध के मामलों में पुलिस कार्यवाही को और बेहतर बनाने हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने दोनों जिला के साइबर थाना के थानाध्यक्षों एवं अनुसंधानकर्ताओं को अपराधकर्मियों की पहचान कर गिरफ्तारी करने एवं कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सूचना प्राप्त होने पर तुरंत कांड दर्ज करने, ठगी की राशि को होल्ड करने, राशि को पीड़ित को वापस कराने तथा एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ताओं से अनुशासनिक कार्यवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है तथा सुधार करने हेतु अंतिम चेतावनी दी गई है। इसके अतिरिक्त दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षक को अनुसंधानकर्ताओं की परेशानियों को दूर करने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही दोनों पुलिस अधीक्षक को साइबर अपराध के कांडों में निरंतर समीक्षा कर लंबित कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

महागठबंधन का अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। केन्द्र की सत्ता पर काबिज संघ परिवार के इशारे पर काम करने वाली नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा के लोगों को ठगने का काम किया है। इनके नेतृत्व वाली सरकार आरक्षण को सार्वजनिक उपक्रमों को कोरपोरेट मित्रों को देकर समाप्त करना चाहती है। इनके मंसूबे को चकनाचूर करने के लिए सभी अमनपसंद लोगों को एकताबद्ध होकर विरोध करने की अपील की। उक्त बातें स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान ने सोमवार को कही। महागठबंधन के बैनर तले प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर आयोजित तेरह सूत्री मांगों के समर्थन में आयोजित धरना प्रदर्शन का था। उन्होंने कहा कि यह देश हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी धर्मों के मानने वाले लोगों का है। यह इसकी खूबसूरती है। वक्फ संशोधन बिल लाकर हिन्दू-मुस्लिम को आपस में लड़ा कर सम्प्रदायिक सौहार्द तथा गंगा, यमुनी संस्कृति को मिटाने की मंशा पाल रखी है। पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार को मारे गए लोगों की नहीं होकर इस बहाने चुनाव में जीतकर फिर से सत्ता में काबिज रहने की है। आतंकियों की कोई जाति, धर्म नहीं है। अफसरशाही, भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं में प्रखंड से अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मियों द्वारा व्यापक रूप से लेनदेन की जा रही है। वृद्धावस्था पेंशन सहित सभी सामाजिक पेंशन में तकनीकी गड़बड़ी के कारण काफी तादाद में वृद्ध इस लाभ से वंचित हो रहें हैं। पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर इसे दुरूस्त करने की बात कही। राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि केन्द्र सरकार कोई भी बिल लाने के पीछे केन्द्रीय सरकार की मंशा पाकसाफ नहीं है। सभा को संजीव कुमार सिंह, रौशन कुमार, विद्या नंद महतो, फूलेना सहनी, सुरेश पासवान, सुरेन्द्र पासवान, मो नसीम, मो नाजिम, मुक्ति नारायण सिंह, मो इसराफिल, जितेंद्र कुमार, शिवशंकर सिंह, कामेश्वर झा, गोपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व हसनपुर बागर से सैकड़ों कार्यकर्ता ने जुलूस निकाल कर सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के गंगा राम महतो तथा संचालन भाकपा के चंद्र भूषण चौधरी ने किया।

मासूम से दुष्कर्म

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शाहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को शाम में रिश्तों का शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। गांव के रिश्ते में चाचा लगने वाले एक युवक ने तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता बच्ची को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ग्रामीणों ने दुष्कर्मी वासुदेव महतो को पकडकर जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया है. दुष्कर्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है।

एनएसएस ने बुक बैंक को उपलब्ध कराई किताबें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के संबध जीडी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना व सेहत केंद्र के स्वयंसेवक के द्वारा अनूठा पहल करते हुए बुक बैंक, समस्तीपुर को बुक उपलब्ध करवाया गया। बुक दान से लोगों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा मिलता है। जो उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में मदद करता है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने कहा कि बुक दान से ज्ञान और शिक्षा का प्रसार होता है। जिससे लोगों को नई जानकारी और कौशल प्राप्त करने में मदद मिलती है। अब किताब के बदले बच्चे गेस पेपर का प्रयोग करने लगे। कुछ किताबें काफी महंगी होती है। जिसे खरीदने में सभी बच्चे असमर्थ होते है। इसलिए हमलोगों ने अपने-अपने बुक को बुक बैंक में देने का निर्णय किया। ताकि दूसरे किताब के आभाव में बच्चों के शिक्षा में कोई बाधा नहीं आये। पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने कहा कि बुक दान से पुस्तकालयों को अपनी संग्रह बढ़ाने में मदद मिलती है। जिससे अधिक लोगों को पुस्तकों तक पहुंच प्राप्त होती है। स्वयंसेवक नीतीश कुमार व अजित कुमार ने बताया हम सभी स्वयंसेवकों ने अपने पूर्व में पढ़े हुए बुक को एक साथ जमा किया। बुक बैंक के संस्थापक पांडव राय ने कहा कि बुक को रद्दी में बेचने से बेहतर है। वो बुक किसी जरूरतमंद को दे दें ताकि किसी का भविष्य संवर जायेगा। इस मौके पर नीतीश कुमार, अजित कुमार, सुमित कुमार, गुलशन, नयन राज, आशीष सत्यम, सोनी, राजन गुप्ता, विक्रम राठौड़, मुस्कान, शिवानी, श्वेता सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

पुलिस ने फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



समस्तीपुर। मुफस्सिल थाना पुलिस ने नीट परीक्षा में मूल अम्यार्थियों के बदले फर्जी अभ्यर्थी (स्कालर) को परीक्षा में बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इसमें शामिल एक जेल चिकित्सक समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरभंगा जिले के लहेरियासराय के रहमगंज काली मंदिर के सुरेश मल्लिक के पुत्र रामबाबू मल्लिक और बेगूसराय के जेल चिकित्सक सह विभूतिपुर के बेलसंडी गांव के डॉ रंजीत कुमार के रूप में हुई है। उनके पास से पुलिस ने तीन मोबाइल, 50 हजार नगद, और एक कार बरामद किया गया है।

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ कार्यालय पर सदर एसडीपीओ सह एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने संवाददातओं को बताया कि रविवार को सूचना मिली की एक गिरोह के सदस्य कार से घूम कर परीक्षा में तकनीकी रूप से छेड़छाड़ कर मूल अम्यार्थियों के बदले दूसरे फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाकर परीक्षा दिलाता है ताकि अधिकतम प्राप्तांक प्राप्त हो सके और अभ्यार्थियों का चयन हो सके। मामले की गंभीरता देखते हुए सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर उक्त कार को मोहनपुर पुल के पास रविवार की रात संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया और उसमें सवार लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे नीट परीक्षा में समस्तीपुर एवं अन्य जगहों पर नीट परीक्षा पास कराने की गारंटी देते हैं। इसकेलिए वे अभ्यर्थी से मोटी रकम लेते हैं और मूल अभ्यर्थी के फोटो, पहचान पत्र एवं हस्ताक्षर की नकल कर 2 से 5 लाख दे कर स्कालर को उसकी जगह बैठा देते हैं। जांच के क्रम में पुलिस को आरोपित के मोबाइल से सिद्ध हो गया कि अन्य साथियों के सहयोग से उसने नीट 2025 परीक्षा संबंधित कई परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, हस्ताक्षर, फोटो आदि का आदान प्रदान किया है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। छापमारी दल में पुनि अजीत प्रसाद सिंह, पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष मुफस्सिल, पुनि शिवपूजन कुमार, प्रभारी तकनीकी शाखा, पुनि चन्द्रकेतु कुमार, तकनीकी शाखा पु0अ0नि0 प्रमोद कुमार मंडल, मुफ्फसिल थाना, पुअनि चन्द्रभूषण कुमार, मुफ्फसिल थाना, पुअनि, दीपक कुमार, मुफ्फसिल थाना, पुअनि, अमित कुमार, तकनीकी शाखा के अलावा सिपाही गौतम कुमार, मुफ्फसिल थाना, सिपाही यशवंत कुमार, मुफ्फसिल थाना एवं पीटीसी अखिलेश कुमार, तकनीकी शाखा शामिल थे।

सोशल मीडिया से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



समस्तीपुर। भारतीय जनता पार्टी के समस्तीपुर जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा समस्तीपुर उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम सहनी और दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा की संयुक्त अध्यक्षता में फ़ेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सोशल मिडिया से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका संचालन जिला महामंत्री वैधनाथ झा ने किया। स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद सबसे पहले जिलाध्यक्ष द्वय एवं मंचासिन नेताओं ने करतल ध्वनि के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया।

इसमें सोशल मिडिया से जुड़े सभी जिला पदाधिकारी और सोशल मिडिया जिला संयोजक, इलेक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया से जुड़े भाजपाइयों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने बूथ स्तर से जिला स्तर तक संगठन के लोगों को जोड़कर एनडीए के पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी विकास योजनाओं को बूथ स्तर के लाभुकों तक पहुंचाने केलिए अभियान चलाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने बूथ स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक सोशल मिडिया से अंतिम कार्यकर्ता को जोड़ कर 2025 बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने बूथ सुदृढ़ कर एनडीए की जीत को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में सभी जिला पदाधिकारी और सोशल मिडिया के जिला संयोजक का अभिनंदन जिलाध्यक्ष द्वय ने किया। कार्यशाला में भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, जिला महामंत्री सुनील कुमार राय, सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

अपहृत आशीष को पुलिस ने 24 घंटे में किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर। कल्याणपुर के ग्राम-वासुदेवपुर से अपहृत आशीष कुमार को पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर बरामद करने में सफलता पायी है। इस बाबत संवाददाता ओं को जानकारी देते हुए एएसपी संजय पाण्डेय ने बताया कि आशीष कुमार उम्र 17 वर्ष, पिता सुधीर झा, ग्राम वासुदेवपुर, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर को शनिवार देर शाम उनके घर से अपराधकर्मी राजा सहनी, ग्राम शिवनन्दनपुर एवं अन्य अपराध कर्मियों के द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर अपरहण किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर के निर्देशानुसार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2, समस्तीपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुये विशेष टीम गठित कर अपराधकर्मी के छिपने के संभावित ठिकानों एवं उनके सगे संबंधियों तथा सहयोगियों के घर पर लगातार छापामारी कर उनसे सघन पूछताछ की गई। पुलिसिया दबिश के फलस्वरूप महज 24 घण्टे के अन्दर अपहृत आशीष कुमार को सकुशल बरामद किया जा सका है।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत तालाब निर्माण में दिखी प्रगति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना की अध्यक्षता में फुलवारीशरीफ में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं राज्य सरकार की मत्स्य विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मधेपुरा, नवादा, मधुबनी और नालंदा जिलों के जिला मत्स्य पदाधिकारी शामिल हुए और योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत इन चार जिलों में तालाब निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, मधेपुरा में 7.28 हे0, नवादा में 6.18 हे0, मधुबनी में 19.59 हे0 और नालंदा में 48.90 हे0 क्षेत्र में नए तालाबों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, रियरिंग तालाब निर्माण के क्षेत्र में भी प्रगति दर्ज की गई है, जिसमें मधेपुरा में 0.34 हे0, मधुबनी में 14.25 हे0 और नालंदा में 12.1 हे0 क्षेत्र शामिल हैं। राज्य योजना के अंतर्गत विशेष सहायता योजना (वर्ष 2023-24 व 2024-25) के तहत मधेपुरा में 3.50 ए0, नवादा में 4.94 ए0, मधुबनी में 12.49 ए0 और नालंदा में 12.47 ए0 क्षेत्र में तालाब निर्माण कार्य हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के तहत मधेपुरा में 27.44 हे0 तथा मधुबनी में 62.92 हे0 क्षेत्र में तालाबों का निर्माण किया गया है। निदेशक मत्स्य ने निर्देश दिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के भीतर पूर्ण किया जाए. उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ख्रत्रह्ल पोर्टल पर सभी आवेदनों की त्वरित जांच कर रिपोर्ट जिला मत्स्य पदाधिकारी को अग्रेषित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मानसून के आगमन से पहले सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

सगा भाई निकला बहन का हत्यारा, पुलिस ने किया गिफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। थाना क्षेत्र के पटना- गया रेलखण्ड के नेर हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक पर कुछ दिन पूर्व एक युवती का शव बरामद हुआ था, जिसमे पुलिस ने उसका उदभेदन कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 10 मार्च को मखदुमपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि नेर हाल्ट के समीप एक युवती का शव पड़ा हुआ है। जिसमें पुलिस ने युवती के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें पुलिस ने युवती की पहचान हुलासगंज थाना क्षेत्र के धवल विगहा गांव निवासी



विनय यादव की पुत्री आरती कुमारी 19 वर्ष के रूप में की गई थी। जब पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की तो पुलिस को पता चला कि युवती की हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर हुआ है जबकि युवती का हत्यारा कोई और नही बल्कि युवती का सगा भाई धर्मेंद्र यादव है। दरअसल मृतका आरती कुमारी गया जिले के वजीरगंज गांव निवासी पंचम कुमार का पुत्र काजु कुमार के साथ प्रेम कर बैठी और घर से फरार हो गई। युवती जब युवक के घर वजीरगंज पहुंची तो युवक के पिता ने लड़की के घर फोन कर घटना की जानकारी दी और बताया कि आप की पुत्री हमारे घर आ गई है। जिसे लेने युवती के परिजन गया जिले के वजीरगंज युवक के घर पहुंचे और युवती को अपने साथ घर लाया और रास्ते मे नेर हाल्ट के समीप युवती को ट्रेन के नीचे फेंक दिया, जिससे युवती की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद उसके भाई अपने घर चले गए। जब युवती की तस्वीर से उसकी पहचान हुई तो पूरा मामला सामने आया और हत्यारा भाई धर्मेंद्र यादव को पुलिस ने पटना जिले के फतुहा से गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने बताया कि इस मामले में युवक के घर जो पंचनामा बना था उसमें युवती का भाई धर्मेंद्र यादव, गौतम कुमार एवं चंद्रकांत कुमार ने हस्ताक्षर किया था जिसमें धर्मेंद्र की गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एसपी ने भेलाही थानाध्यक्ष मो. शाहरुख़ को किया निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। शराब के विरुद्ध लगातार शिकायत मिलने और अवैध वसूली की शिकायत पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने भेलाही थानाध्यक्ष मो0 शाहरुख़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया कि उक्त थानाध्यक्ष के विरुद्ध लगातार शिकायत मिलने पर उसकी जांच प्रशिक्षु डीएसपी शिप्रा राजपूत से जांच करायी गयी, जहां जांच में थानाध्यक्ष की संलिप्तता सामने आयी। थानाध्यक्ष की संलिप्तता सामने आते ही एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया कि शराब के विरुद्ध लापरवाही बरतने वाले चौकीदार से लेकर थानेदार तक को भी जेल जाना पडेगा। इसमें किसी भी प्रकार की



कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि अब इंस्पेक्टर से लेकर डीएसपी के कार्यकलापों की भी समीक्षा की जा रही है। अपराध का उद्भेदन नही होने पर, गंभीर कांड हत्या व लूट जैसे पुराने कांडों में शिथिलता बरतने पर डीएसपी के ऊपर भी गाज गिर सकती है। एसपी के उक्त फरमान से चौकीदार से लेकर डीएसपी तक हडकंप मच गया है। एसपी के उक्त कार्रवाई से लोगों में हर्ष का माहौल है और जनता एसपी पर भरोसा जता रही है।

एक नजर

कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने वशनराज बिगहा गांव से देसी कट्टा बरामद किया था। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया के नगर थाना कांड संख्या 337/2025 के अनुसंधान में वंशराजबिगहा गांव निवासी कैलाश यादव एवं पवन कुमार के घर छापेमारी की गई थी। जिसमें एक देसी कट्टा बरामद किया गया था। हालाकि इस दौरान दोनों आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में टेहटा पुलिस ने पवन कुमार को उसके घर वंशराज बिगहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में पदक के लिए तैयार जहानाबाद की भारोतोलन टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का शुभारंभ 4 मई से बिहार के पांच जिलों में हो चुका है, और इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन में जहानाबाद जिले की आठ सदस्यीय भारोतोलन टीम भी पदक की प्रबल दावेदारी के साथ भाग ले रही है। यह आयोजन भारत सरकार के खेल मंत्रालय, बिहार सरकार के खेल विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उभरते युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को पहचान और दिशा दे सकें। जहानाबाद की टीम इस बार खास तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी और प्रतियोगिता में जिले का नाम रौशन करने के लक्ष्य से प्रदर्शन करेगी। स्थानीय खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि यह टीम राज्य के लिए गौरव और जिले के लिए स्वर्णिम उपलब्धि लेकर लौटेगी।

भाजपा नेता के निधन पर शोक सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। भाजपा हुलासगंज मंडल के अध्यक्ष रणधीर कुमार की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में भाजपा जहानाबाद के पूर्व आईटी सेल सोशल मीडिया संयोजक नंदकिशोर कुमार उर्फ सोनू जी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया ।इसमें पंचायती राज संयोजक परमात्मा शर्मा, मंडल पदाधिकारी रौशन कुमार, अखिलेश कुमार पंडित, सौरभ कुमार, राकेश कुमार, राजेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद अखिलेश कुमार, रत्नेश शर्मा श्रीकांत शर्मा, शुभम कुमार आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस दौरान शोक सभा में उपस्थित लोगों ने कहा की सोनू जी अपने कार्यकाल में जिला का नेतृत्व करते हुए पार्टी के कार्यक्रमों का सफल संचालन किए थे। वे हुलासगंज मंडल अंतर्गत शरमा गांव के निवासी थे। लोगों ने बताया कि हुलासगंज मंडल में काफी बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते थे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से उनकी आत्मा के शांति के लिए मौन धारण कर प्रार्थना किया।

पैक्स के चुनाव को ले अधिसूचना जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)। पकड़ी दीक्षित पंचायत पैक्स के चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दिया गया है। पैक्स अध्यक्ष पद पर एक व प्रबंध कारिणी सदस्य के ग्यारह पदों के लिए मतदान 21 मई को होगा। नामांकन पत्र 7 एवं 8 मई को दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्रों की जांच 9 व 10 मई को होगी। नाम वापसी 14 मई किया जायेगा। मतगणना 21मई को मतदान समाप्त होने के बाद प्रखंड मुख्यालय में स्थित सभागार में किया जायेगा। जानकारी बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी चन्द्रगुप्त कुमार बैठा ने दिया।

शिविर में अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। डॉ0 अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित विशेष विकास शिविर में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को रोस्टर के अनुसार शिविर में भाग लेकर शिविर को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। परंतु प्रायः यह देखा जा रहा है कि कुछ पदाधिकारी एवं कर्मी शिविर से अनुपस्थित पाये जा रहे है, जिसके कारण सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं से अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति के व्यक्तियो को शत प्रतिशत आच्छादित करने में बाधा उत्पन्न हो रही है जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी को निदेश दिया गया है कि तिथिवार निर्धारित विशेष विकास शिविर में अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों को शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायें तथा अनुपस्थित एवं कार्य में उदासिन पदाधिकरियों एवं कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए संसूचित करें। साथ हीं वासभूमि में प्रत्याशित प्रगति नहीं होने के कारण सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण को दायित्व दिया गया कि अपने स्तर से अधिक से अधिक वासभूमि से वंचित अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति के व्यक्तियों को आच्छादित करना सुनिश्चित करें।

भू-माफिया देवा गुप्ता पर संगठित अपराध में प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। शहर के कुख्यात भू-माफिया व संगठित अपराधी देवा गुप्ता के खिलाफ नगर थाना में गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठित अपराध में लिप्त देवा गुप्ता के 15 सहयोगियों को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिकी में राहुल मुखिया, मिंटू सिंह, सुगंध गुप्ता समेत अन्य अपराधियों के नाम शामिल हैं। वहीं, निबंधन नियमावली के उल्लंघन के आरोप में सहायक निबंधन पदाधिकारी को भी अभियुक्त बनाया गया है। एसपी के अनुसार, देवा गुप्ता ने जिले में अपराध के बल पर आठ कंपनियों के माध्यम से अवैध तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री, जबरन वसूली, पैसे का गबन और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुँचाने जैसी गतिविधियों को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 डीएसपी शिवम धाकड़ के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस टीम में पकड़ीदयाल, सदर-2, अरेराज के डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष और डीआईयू की टीमें शामिल हैं। एसपी ने यह भी बताया कि इस संगठित आर्थिक अपराध की गहराई से जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई, पटना को पत्र लिखा गया है, ताकि जांच को व्यापक और निष्पक्ष बनाया जा सके।

समारोह आयोजित कर निवर्तमान डीएसपी को दी विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। एनएच 28 स्थित गगन होटल के सभागार में शनिवार को देर शाम थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार के अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में थाना अध्यक्ष मेहसी सानू गौरव, केसरिया उदय कुमार, कल्याणपुर जितेंद्र कुमार, बिजधरी राजीव कुमार, पिपरा अनुज कुमार, डुमरिया घाट सुधीर कुमार,तुरकौलिया सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी के अलावा पुलिस कर्मी,जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्यों ने सेवानिवृत हुए निवर्तमान डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह व एएसआई सुनील कुमार दत को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा की सरकारी सेवा में सभी को एक दिन सेवानिवृत होना पड़ता है लेकिन अच्छे कार्य करने वाले हमेशा याद किए जाते हैं। डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में जो काम किया है वह सराहनीय है। उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। लोगों ने उनके अच्छे भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। वहीं डीएसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में यहां के लोगों ने जो सहयोग किया वह सराहनीय है। हम चकिया से सेवानिवृत हो रहे हैं बच्चे शेष जीवन में यहां के लोग हमें याद रहेंगे। मौके पर पूर्व विधायक सचिंद्र सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, अपर थाना अध्यक्ष चकिया गौरव कुमार, पीएसआई अफजल रजा, राजकुमार राजू, पप्पू कुमार, साक्षी सेहा,रीडर मनोज कुमार व जय प्रकाश यादव, सुनील सिंह,रोहित सिंह, सत्यम कार्तिकेय वत्स सहित अन्य मौजूद थे।

युवती का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चिरैया (पूर्वी चंपारण)। चिरैया थाना क्षेत्र के लालबेगिया स्थित सिकरहना नदी से शुक्रवार को एक युवती का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी लालबाबू साह की पुत्री नीधि कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, नीधि 23 मई की सुबह कोचिंग सेंटर जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन यानी 24 मई की सुबह उसका शव सिकरहना नदी में तैरता हुआ मिला। नीधि के शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया है।

जिला अभियोजन समिति की मासिक बैठक में स्पीडी ट्रायल एवं दोषसिद्धि दर में वृद्धि का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह एवं अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला अभियोजन समिति की मासिक बैठक समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स में आयोजित की गई।बैठक की शुरुआत में विगत बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि मार्च माह में विधि पदाधिकारियों द्वारा 409 कांडों का निष्पादन किया गया, जिनमें से 104 मामलों में दोषियों को सजा हुई है। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विधि पदाधिकारी कम-से-कम 25-25 मामलों को चिन्हित कर शीघ्र विचरण करें एवं लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को प्राथमिकता दें। ऐसे वाद जिनमें केवल डॉक्टर या अनुसंधानकर्ता की गवाही शेष है, उनकी सूची तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सरकारी सेवकों के विरुद्ध वाद, गबन, टाइटल सूट, पॉक्सो एक्ट, रेप, ड्रग्स, जूवेनाइल एवं जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों की विशेष समीक्षा की गई तथा स्पीडी ट्रायल हेतु चिन्हित मामलों को प्राथमिकता देने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी विधि पदाधिकारियों को गंभीर मामलों में न्यायालय से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया एवं क्रिमिनल अपील से संबंधित वादों का अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर दैनिक प्रविष्टि एवं निष्पादित मामलों का समय पर अपडेट सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में सरकारी अधिवक्ता, लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, जिला अभियोजन पदाधिकारी एवं सहायक अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी को साक्ष्य के लिए लंबित मामलों की समीक्षा कर अनुसंधानकर्ता एवं गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विशेष धावा दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चला बाल श्रमिक को कराया विमुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर के नेतृत्व में मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के क्रम में मोतिहारी सदर प्रखंड के कुल-01 प्रतिष्ठान न्यू मोटरसाइकिल रिपेयरिंग से एक बाल श्रमिक को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा !बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के



विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।

श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासाहन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा, इज्जहठ, मोतिहारी, प्रयास संस्था, न्याय नेटवर्क के प्रतिनिधि एवं पुलिस लाइन से चार पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

भूमि विवाद में पीट पीट कर हत्या,18 घंटे बाद आरोपित के दरवाजे पर शव को जलाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

केसरिया (पूर्वी चम्पारण)। जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। घटना बिजधरी थाना क्षेत्र के बिजधरी वार्ड संख्या 10 स्थित निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक के समीप की है। मृतक बाथना पंचायत के जगीराहां किसनौटी टोला के 40 वर्षीय संजय राय बताया जाता है। जानकारी के अनुसार करीब 10 कट्ठा पुस्तैनी जमीन पर संजय व उसके चचेरे भाई शिवपूजन राय के बीच करीब एक साल से विवाद चल रहा था। उक्त जमीन में हिस्सेदारी को लेकर मामला न्यायालय में भी लंबित है। रविवार को संजय घर से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित उक्त जमीन में कार्य कर रहा था। इसी बीच शिवपूजन व



उसके साथ अन्य लोग भी विवादित जमीन पर पहुंचे। जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस के बाद लाठी-डंडे से जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। अस्पताल लाने के क्रम में रास्ते में संजय की मौत हो गई। इधर, घटना के बाद एक पक्ष के लोग घर छोड़ कर फरार हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया वहीं मृतक पक्ष के लोग शव को आरोपित के दरवाजे पर राख कर गिरफ्तारी का मांग कर रहे थे करीब अठारह घंटा बाद शव को आरोपी के दरवाजे पर ही सोमवार को जला दिया गया।मामले तनावपूर्ण मगर नियंत्रण में है घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है वहीं आवेदन पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छामारी कि जा रही है।तीन दिन पहले जेल से आया था संजय

संजय डीलिया बाजार पर ठेला लगा कर भुजा बेचता था। उसी से अपने परिवार का भरणपोषण करता था। तीन दिन पूर्व एक मामले में वह जेल से आया था। इससे पहले भी वह जेल गया था। मृतक की पत्नी कविता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। संजय को तीन पुत्री व दो पुत्र है। घटना के बाद गाँव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

अंचलाधिकारी के भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखिया संघ ने दिया एक दिवसीय धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आज सोमवार को सदर ब्लॉक परिसर में अंचलाधिकारी की भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखिया संघ ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता गोढवा पंचायत के मुखिया राजू बैठा ने किया। धरना को संबोधित करते हुए मुखिया श्री बैठा ने कहा कि मोतिहारी सदर अंचल के अंचलाधिकारी संध्या कुमारी के द्वारा न्यायालय के आदेश का धज्जियां उड़ाते हुए जमीन का दाखिल- खारिज कर दिया गया है और उसी दिन परिमार्जन भी कर दिया गया है जो सवाल के घेरे में है। अंचलाधिकारी द्वारा मुफसिल थाना क्षेत्र के बनकट में खेसरा-768, खाता-123 रकबा 10 कट्ठा 10 धुर जमीन पर न्यायालय के स्टे आर्डर के बावजूद दाखिल-खारिज कर दिया गया। इस बावत जब राकेश कुमार जो उक्त जमीन का हिस्सेदार है द्वारा पूछे जाने पर अंचलाधिकारी ने बताया कि हम यहां की अंचलाधिकारी ही नही बल्कि यहां का डीसीएलआर भी है। मेरा यहां कोई कुछ बिगाड़ नही सकता। इतना ही नही अंचलाधिकारी द्वारा बडा बरियारपुर में सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार कुल 638 खाता ही है जबकि अंचलाधिकारी द्वारा 933 खाता बनाकर सरकारी जमीन का भू माफिया से सांठगांठ कर मोटी रकम नजराना लेकर दाखिल- खारिज कर उसी दिन परिमार्जन भी कर दी। इस प्रकार की कई मामले है। मुखिया श्री बैठा ने इस बावत जिलाधिकारी से मांग किया है कि इसका आपने स्तर से जांच कराकर अंचलाधिकारी के विरुद्ध न्यायोचित कार्रवाई की मांग किया है और कहा है अंचलाधिकारी की अविलम्ब तबादला करें अन्यथा मुखिया संध बाध्य होकर समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

अग्निकांड में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेहसी (पूर्वी चम्पारण)। ओझिलपुर गांव निवासी जयकिशुन राम का परिवार पिछले महीने हुए एक दर्दनाक अग्निकांड से अब तक उबर भी नहीं पाया था कि आज एक और सदमा उसे झेलना पड़ा। बीते 9 अप्रैल को घर में आग लगने की घटना में गंभीर रूप से झुलसे जयकिशुन राम के पुत्र सुनील राम (उम्र 35 वर्ष) की मौत सोमवार को मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। गौरतलब है कि यह दुर्घटना 9 अप्रैल 2025 को शाम के समय उस वक्त हुई थी जब घर में खाना पकाया जा रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार सिलेंडर में आग लग गई देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर में मौजूद सुनील राम की मां, धनवंती देवी (उम्र लगभग 65 वर्ष) की मौके पर ही जलकर मौत हो गई थी। वहीं, सुनील राम आग बुझाने और अपनी मां को बचाने की कोशिश में बुरी तरह झुलस गया था।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे गंभीर हालत में मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ बीते कई दिनों से उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने शुरू से ही उसकी स्थिति को गंभीर बताया था। तमाम प्रयासों के बावजूद सोमवार को उसने दम तोड़ दिया।

परिजनों पर टूटा दुःख का पहाड़

सुनील की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। एक ही घटना में माँ-बेटे दोनों की मौत से पूरा ओझिलपुर गांव स्तब्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि यह परिवार आर्थिक रूप से पहले से ही संघर्ष कर रहा था और अब इस घटना ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया है। राजू राम ग्रामीण व पंचायत समिति सदस्य तथा पूर्व मुखिया सतेंद्र सिंह ने मौत की पुष्टि की है साथ ही पीड़ित परिवार को उचित सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

पेयजल व्यवस्था, प्याऊ और नालों की सफाई को लेकर एक्शन में दिखे जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। गर्मी के प्रचंड प्रकोप को देखते हुए जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई, चापाकलों की मरम्मती, तथा प्याऊ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान चापाकलों की स्थिति व मरम्मती प्रगति पर विशेष चर्चा एवं समीक्षा की गई।कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 11,600 चापाकल हैं, जिनमें से अब तक 577 चापाकलों की मरम्मती की जा चुकी है। बताया गया कि लगभग 250 चापाकल अभी भी खराब हैं, जिन्हें शीघ्र मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है। वहीं जानकारी दी गई कि 410 चापाकलों को विगत माह मरम्मत कर पुनः चालू किया गया है। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कनीय अभियंता, पीएचईडी को निरीक्षण प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही चापाकल मरम्मती नियंत्रण कक्ष का नंबर सक्रिय रखने एवं मरम्मती दलों की लाइव लोकेशन के माध्यम से उपस्थिति की निगरानी का आदेश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि छूटे हुए महादलित टोलों की सूची पीएचईडी को उपलब्ध कराएं।

सख्ती के बावजूद शराब करोबारी की बल्ले बल्ले कानून का नहीं है भय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)। एसपी स्वर्ण प्रभात के सख्त निर्देश के बावजूद भी क्षेत्र में शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कारोबारी के बीच कानून का भय समाप्त हो चुका है। बता दें कि प्रदेश में शराब बंदी के बाद से थानाक्षेत्र के दो पंचायतों के देशी शराब लगभग दो दर्जन पंचायतों मे सप्लाई होता है।जिले में पुलिस दबिश ने अंग्रेजी शराब को कुछ हद तक रोकने का प्रयास किया है। जिससे कारोबारी दो नंबर के अंग्रेजी शराब का निर्माण करने लगे है। पुलिस कप्तान के दबाव पर छोटे कारोबारियों के पास छापेमारी कर खानापूर्ति की जाती है। जिस



कारोबारी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजती है। वह कारोबारी जमानत पर रिहा होकर पुलिस के नाक के नीचे अपने कारोबार को बंद करने के बजाय कारोबार का दायरा बढ़ा कर अपने कारोबार को करते है। जिले से आए पुलिस बल के साथ छापेमारी कर सैकड़ों लीटर शराब को विनष्ट किया जाता है। पुलिस के जाते ही कारोबारी अपने कारोबार में दुबारा जुट जाते है। कारोबारियों को आसानी से कच्चे माल उपलब्ध हो जाता है। जिसके वजह से कारोबार में कोई दिक्कत नहीं होता है। इसमें कई बार अधिकारियों की कार्यशैली से भी कई सवाल खड़े होते है। जब कोई शराब कारोबारी सोशल मीडिया पर थानाध्यक्ष का फोटो शेयर कर जन्मदिन की बधाई देने लगे तो अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं गत दिनों देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कारोबारी राकेश राम का पुलिस वाहन पर सवार पुलिसकर्मी से गुफ्तगू करते फोटो वायरल हो रहा है जबकि राकेश सैकड़ों लीटर शराब के मामले का आरोपित था। वही उत्पाद विभाग के द्वारा 17अक्टूबर को गिरफ्तार कारोबारी को बल प्रयोग के द्वारा छुड़ाने का भी राकेश पर आरोप है। राकेश केसरिया थाना कांड संख्या में जेल जा चुका है। पुलिस के इस प्रकार की कार्यशैली से कई सवाल खड़े होते है जो जांच का विषय है।

बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण शुरू कलाकारों को मिलेगा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरुआत कर दी गई है। यह पोर्टल राज्य के कलाकारों के लिए सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पुरस्कारों और सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ने का एक व्यापक डिजिटल मंच प्रदान करेगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल सामान्य, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के कलाकारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल कलाकारों को राज्यस्तरीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगा। पंजीकरण के बाद कलाकारों को प्रशिक्षण कार्यशालाओं, राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय आयोजनों, सरकारी मान्यताओं, पुरस्कारों और अनुदान योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अंत में चांदनी कुमारी ने जिले के सभी कलाकारों से अपील की कि वे शीघ्र पंजीकरण कराएं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी जानकारी या समस्या के लिए कलाकार जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, जहानाबाद से संपर्क कर सकते हैं।

एसडीपीओ ने की मासिक अपराध समीक्षा कहा, अपने- अपने क्षेत्रों में करें सुपर पेट्रोलिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे।



इसमें लंबित कांडों के यथा शीघ्र उद्भेदन एवं निष्पादन करने, मदनपुर क्षेत्र में हो रहे बाइक चोरी की घटना पर रोक, मादक प्रदार्थों की रोकथाम, मिशन 75 के अनुरूप कांडों का ससमय निष्पादन करने, महिला व बालकों से संबंधित अपराधों पर त्वरित अनुसंधान करने, वारंट, कुर्की का त्वरित निष्पादन करने सहित अन्य अपराधों के रोकथाम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सीडीपीओ ने पुलिस की सक्रियता बढ़ाने, पुलिस की उपस्थिति दर्ज करने, सामुदायिक पुलिसिंग पर बल दिया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मामलों का त्वरित अनुसंधान पूर्ण करने सहित अन्य विविध विषयों पर निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने कहा एसपी द्वारा दिए गए आदेश व निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। अपने थाना क्षेत्रों में सुपर पेट्रोलिंग की तैयारी करें, वीसीएनबी रजिस्टर अद्यतन करने, आईओ फॉरमेट पूर्ण करने, 200 प्रतिशत निष्पादन का लक्ष्य पूरा करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देश दिया गया है। बैठक में सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, सलैया थानाध्यक्ष कन्हाई शर्मा सहित थानाध्यक्ष एवं पुलिस इंस्पेक्टर शामिल थे।

माता काली व मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा को ले यज्ञ की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। उदवंतनगर प्रखंड के चोराई गांव में माता काली एवं मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य रूप से यज्ञ की तैयारी की जा रही है। सभी कार्यक्रम लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज की मंगलानुशासन में होगा। स्वामी जी महाराज 9 मई को चोराई में आएंगे तथा 12 तक रहेंगे। 12 को यज्ञ की पूर्णाहुति भी है। तब तक 5 मई से आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज तथा श्री बैकुंठ नाथ स्वामी जी द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम किया जाएगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष जनेश पांडेय की अध्यक्षता में काफी संख्या में कार्यकर्ता सेवा भाव में लगे हुए हैं। आचार्य धर्मेंद्र स्वामी जी ने आज प्रवचन करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण करने मात्र से बड़ी से भी बड़ी परेशानियां दूर हो जाती है। किसी भी परिस्थिति में ईश्वर को याद करते रहना है। बाकी जो भी होगा वह ईश्वर की कृपा से ठीक ही होगा।

अंचलाधिकारी पर लगा गलत जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। उपहारा थाना क्षेत्र के गोरकट्टी गांव में अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। जहां अतिक्रमण मुक्त से जुड़ा हुआ है। सोमवार को पीड़िता ने अंचलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार धीरज साव व बबलू सिंह के बीच रास्ते का विवाद चल रहा था, धीरज साव के आवेदन पर अंचलाधिकारी अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने गए थें, लेकिन आरोप है कि गलत प्लॉट संख्या में अतिक्रमण मुक्त करने लगे, जानकारी के अनुसार प्रस्तावित प्लॉट 1515 व 1514 है, जबकि अतिक्रमण मुक्त 515 में किया गया। गौरतलब हो कि गोरकट्टी गांव में एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इधर इसे लेकर बबलू सिंह के माँ ललीता देवी ने डीएम भूमि सुधार उप-समाहर्ता सहित अन्य वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है साथ ही इसके विरुद्ध हाई कोर्ट जाने की भी बात कही है। इधर अंचलाधिकारी अजय कुमार सिंह से दुरभाष पर से बात करने की कोशिश की गई परंतु उनसे संपर्क नही हो सका।

दुर्घटना में ट्रक चालक घायल

कोईलवर/भोजपुर/नबिटा संवाददाता। कोईलवर छपरा फोरलेन दौलतपुर बोरिंग के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ट्रक चालक गोपालगंज जिला के विजयपुर थाना अंतर्गत बिलरूआ गांव निवासी ददन यादव के पुत्र शिव कुमार है। बताया कि बालू लोड करने के लिए चांदी जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से अनियंत्रित ट्रक ने साइड से टक्कर मार दिया। घायल ट्रक चालक के गांव के ही दूसरे ट्रक चालक ने बताया कि घटना के बाद ड्राइवर सीट पर बुरी तरह से शिवकुमार फंसे हुए थे। रस्सी की सहायता से ट्रक के केबिन से बाहर निकाल कर कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया। जहां से इलाज के बाद गंभीर स्थिति में दोपहर 3:30 बजे सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल ने बताया कि घटनास्थल की स्थिति को देखने के बाद ऐसा लगा ट्रक चालक की झपकी आने से आगे जा रही ट्रक में टक्कर मार दिया है। जिसके वजह से यह हादसा हुआ है।

वर्षों से निर्माण कार्य को ले बाट जोहती सड़क ग्रामीण विकास मंत्री को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। वर्षों से आधे-अधूरे पड़े सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी को पत्र लिखा है। दरअसल, मामला मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के एनएच - 19 से सटे मोती बिगहा से सैलवां अंबेडकर नगर तक सड़क की हैं। मामले में ग्राम पंचायत बनियां के पंचायत समिति सदस्य बविता देवी एवं समिति सदस्य प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने बताया कि क़रीब 500 मीटर सड़क वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है। अधूरे कार्य को पूरा कराने के लिए जिला प्रशासन, ग्रामीण कार्य विभाग सहित क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया गया, लेकिन आज तक इस पर कोई पहल नहीं की गई। यह सड़क न केवल एक गांव को जोड़ता है, बल्कि दो प्रखंडों मदनपुर एवं रफीगंज को जोड़ता है। साथ ही तीन पंचायतों बनियां, महुआवां, चेईनवादा इन तीन पंचायतों के पचासों गांवों को जोड़ने का काम करता है। इतने महत्वपूर्ण सड़क को आधे अधूरे निर्माण कार्य वर्षों से पड़े रहना सरकार की लापरवाही प्रलक्षित करता है। ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार मंत्री अशोक चौधरी से अनुरोध किया गया है कि बरसात मौसम आने से पहले इसका निर्माण कार्य पूरी कराई जाए। पत्र की प्रति लिपि ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव और अभियंता प्रमुख को दिया गया है। यह मांग सरकार नहीं पूरा करती है तो सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतरने पर मजबूर हो जाएंगे।



शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान चार नंबर फॉल के समीप से शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के दधपा गांव निवासी विशाल कुमार तथा टंडवा थाना क्षेत्र के लहंग कर्मा गांव निवासी मोहित कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि तस्कर बाइक पर सवार होकर उक्त रास्ते से शराब की डिलीवरी करने जा रहे थे इसी क्रम में पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। जांच के दौरान तस्कर के पास से 15.66 लीटर रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि संशोधित मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

लोक अदालत 10 मई को, तैयारी अंतिम चरण में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि तैयारी अंतिम चरण में है। उन्होंने जिलावासियों से अपील किया कि इस लोक अदालत में अपने सुलहनीय वादों का बढ़कर-चढ़कर निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से जो वाद निस्तारित होता है उसे परिवार के साथ-साथ समाज में भी भाईचारे की भावना प्रबल होता है। सचिव ने तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश कार्यालय कर्मियों को देते हुए कहा कि कोई भी पक्षकार लोक अदालत के पूर्व भी कार्यालय में आते हैं तो उनसे सम्बन्धित वाद में प्री-कॉन्सेलिंग की प्रक्रिया किया जाए, जिससे कि लोक अदालत के दिन उनका वाद निस्तारण में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो।



सचिव द्वारा बताया गया कि लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में हो रहा है और इसमें और गति लाया जाना आवश्यक है। सचिव ने अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया हैं जिसमें मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण बताया हैं। उन्होंने आम जनों से भी अपील किया है कि वे ज्यादा-से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण करायें अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न होती हो तो प्राधिकार के कार्यालय अथवा प्राधिकार से सोसल मीडिया अथवा किसी भी स्तर से सम्पर्क स्थापित करें। दिव्यांगता प्रमाणीकरण करने, उन्हें स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु आयोजित किया जायेगा।

दिव्यांगता पहचान हेतु प्रखंडों में लगेगा शिविर : प्राधिकार के सचिव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश का अनुपालन जिसके अन्तर्गत किशोर न्याय अनुश्रवण समिति, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उनके दिव्यांगता प्रमाणीकरण करने, उन्हें स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु 5 मई से 15 मई, 2025 के बीच दिव्यांगता पहचान शिविर (कैंपों) का आयोजन प्रत्येक प्रखण्डों में किया जायेगा जिसके लिए पारा विधिक स्वयं सेवक के माध्यम से इस हेतु प्रचार-'प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। सचिव द्वारा बताया गया कि चिन्हित बच्चों में दिव्यांगता की प्रतिशत की जांच के लिए सिविल सर्जन द्वारा मेडिकल बोर्ड का गठन किया जायेगा उसके पश्चाम दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तथा यूडीआईडी कार्ड भी जारी किया जायेगा। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि हितधारक विभागों की भागीदारी, सहयोग सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

सड़क पर जलजमाव से लोगों में आक्रोश नगर पंचायत से सड़क निर्माण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 स्थित कारगिल गैस एजेंसी के समीप बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव की समस्या गहरा गई है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। इलाके के निवासियों–सेवानिवृत्त फौजी के.पी. सिंह, कांति देवी, रवि कुमार, अमरजीत कुमार, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, पुनीता देवी, कालू देवी, अर्जुन दास, रेनू देवी, सुनीता देवी, राधा कुमारी, मनोरमा देवी और गीता देवी सहित दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने नगर पंचायत के खिलाफ रोष जताया। उनका कहना है कि सड़क से ऊंची नाली के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे न सिर्फ राहगीरों बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इस मार्ग पर पैदल चलना, साइकिल या बाइक से निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है। फिसलन और जलजमाव के चलते अब तक कई छोटी-मोटी घटनाएं भी हो चुकी हैं।



इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी यहया से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस जलजमाव की जानकारी नहीं दी गई थी। यदि ऐसी स्थिति है तो वे शीघ्र ही कर्मचारियों को भेजकर स्थल निरीक्षण कराएंगे और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। उपहारा थाना पुलिस ने रविवार देर रात गश्ती के दौरान मियांपुर मोड़ के पास से अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार चालक की पहचान गैनी गांव निवासी ओमप्रकाश कुमार के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध ट्रैक्टर मालिक के साथ खनन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार चालक को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कंप्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवीनगर। टंडवा पंचायत के शेखपुरा स्थित कंप्यूटर के प्रशिक्षण पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। यह वितरण कार्य राईट चॉइस कंप्यूटर अकैडमी के द्वारा किया गया। निदेशक मो. फखरुद्दीन ने बताया कि छह माह और एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 15 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर क्षेत्र के लिए कंप्यूटर शिक्षा जरूरी होगी। साथ ही सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाते हुए सबको कंप्यूटर के महत्व के बारे में समझाया गया। सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले छात्रों में गुलनाज प्रवीण, रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, निक्की कुमारी, अजीत कुमार मेहता, पवन तिवारी सहित अन्य ने प्राप्त किया।



पिकअप की ठोकर से ऑटो चालक व दो अन्य जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अनियंत्रित पिकअप ने सब्जी लदी एक ऑटो में टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो पलट गया और चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य पथ के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तीताई बिगहा मोड़ स्थित पार्क की हैं। घायलों में रिसियप थाना क्षेत्र के बिजहर गांव निवासी प्रहलाद उर्फ पिंटू मेहता, औरंगाबाद शहर के रामाबांध निवासी बिरजू राम व सिमरा गांव निवासी ऑटो चालक आनंद कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल प्रहलाद मेहता ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह आज ऑटो से सब्जी लेकर औरंगाबाद सब्जी मंडी बेचने जा रहा था। जैसे ही वह उस जगह पहुंचा, तभी एक अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दिया। पिकअप की टक्कर से ऑटो होकर पलट गया जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों के भीड़ जुट गई। मौके का फायदा उठाकर चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीनों घायलों को ऑटो से बाहर निकाला तथा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज किया। प्राथमिक इलाज के उपरांत बिरजू राम को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया, फिलहाल प्रहलाद और आनंद का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा हैं।



पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222 - एस / 1 / डब्लू - II, दिनांक: 30.04.2025. निम्नलिखित कार्य के लिए सीनियर डिवीजनल इंजीनियर/, पूर्वी रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-22-25-26; कार्य का विवरण:** कांचरापाड़ा में [i] एमडीएसटीआइ आरपीएफ बैरक (100 बेड), [ii] कांचरापाड़ा में संयुक्त आरपीएफ बैरक (50 बेड) एवं [iii] सीपीओएच/कांचरापाड़ा में ट्रैक मशीनों के आवधिक पुनर्निर्माण (पीओएच) डिपो में आरसीसी बाउंड्री वॉल आदि का प्रावधान; **निविदा मूल्य :** रु. 6,39,40,439.14; **ईएमडी :** रु. 4,69,700.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 23.05.2025 को 15.00 बजे; **कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 15 (पंद्रह) माह; **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 23.05.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्तावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(SDAH-40/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02 / औरंगाबाद / 2025–26
Email Id-ee.aurangabad.bcd@gmail.com

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता	:–कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि	:–दिनांक 30.04.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय	:–दिनांक 20.05.2025 से 30.06.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय	:– दिनांक 20.05.2025 से 30.06.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड)	दिनांक–01.07.2025 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड)	:–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	:–(i) दिनांक 07.05.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक–08.05.2025 को अपराहन् 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान	:–(i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि	:– 120 दिन

11. कार्य विवरणी:–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख़ में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड मदनपुर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन् फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
2	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड औरंगाबाद में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय–भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
3	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड नबीनगर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
4	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड हसपुरा में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
5	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड गोह में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निषमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
6	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड ओबरा में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
7	औरंगबाद जिलाअंतर्गत प्रखंड दाउदनगर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निमार्ण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)	1662.10	26,63,000/-	10,000.00	As per website	12 माह
	कुल	11634.7				

12. विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट :–www.eproc2.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR. No. 002552 (BCD) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

पिरौटा होकर नागोपुर जाने वाली सड़क नाली के पानी से नरक बनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। आरा सिन्हा रोड से पिरौटा होकर नागोपुर जाने वाली सड़क नरक बन चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश बाबा तथा मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू राय ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इस पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। अखिलेश बाबा ने बताया कि आरडब्ल्यूडी के तहत 2024 जनवरी में सड़क का कारपेटिंग कराया गया था। कारपेटिंग इतना गंदा था कि एक तरफ से कारपेटिंग होते गया और दूसरे तरफ से उखड़ते गया। उसके बाद एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से मुलाकात कर इस पर जांच करने की मांग की गई। लेकिन ठेकेदार तथा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के मिलीभगत होने के चलते आज तक टाल मटोल होते चला आया। आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल यह है कि टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास 6 फीट का चौड़ा नाला बन गया है। जिसमें ट्रेनिंग कॉलेज, बैंक एवं स्कूल में आने वाले सैकड़ो कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों तथा ग्रामीण लोगों को इस नाली से होकर आना जाना पड़ रहा है। पूरा सड़क गढ़े में तब्दील हो गया है। अखिलेश बाबा ने स्थानीय विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह से भी इस विषय में शिकायत किया तो उन्होंने कहा कि इंजीनियर से हम बात करते हैं। अखिलेश बाबा ने विधायक से कहा कि एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए तथा उनके वेतन से सड़क का निर्माण करवाना चाहिए। उनके लापरवाही के चलते 2 साल से लोग नाली से होकर गुजर रहे हैं। लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गई तो आरडब्ल्यूडी के खिलाफ ग्रामीण सड़क पर उतरेंगे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर
Email- nkcd1975@gmail.com
पत्रांक :–... .335
शुद्धि–पत्र(Corrigendum letter)

सर्वसाधारण को सूचीत किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–**183**, दिनांक–**17.03.2025** द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**02SBD/2024-25** है जिसका **PR** No-**22017(WRD)2024-25,** एवं पत्रांक–279, दिनांक–11.04.2025 के द्वारा द्वितीय शुद्धि–पत्र निकाला गया जिसका **PR** No-**001125(WRD) 2025-26,** एवं पत्रांक–303, दिनांक–24.04.2025 के द्वारा तृतीय शुद्धि–पत्र निकाला गया जिसको अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

क्र० सं०	विवरणी	पूर्व में निधारित तिथि एवं समय	संशोधित तिथि एवं समय
1.	निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि	दिनांक –**15.04.2025** से दिनांक – **02.05.2025** के **3.00** बजे अपराहन तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)	दिनांक –**15.04.2025** से दिनांक – **05.05.2025** के **3.00** बजे अपराहन तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
2.	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक –**05.05.2025**, समय **3.30** बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर)	दिनांक –**08.05.2025**, समय **3.30** बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर)

नोटः– निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर

PR. No. 002646(WRD) 2025-26

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

पालीगंज पुलिस ने अवैध शराब के गोरखधंधे का किया पर्दाफाश

362 लीटर विदेशी शराब सहित दो लाख नगदी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददात



पालीगंज। थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया। छापेमारी नवनीत कुमार के घर पर की गई, जो जलपुरा गांव निवासी कमलेश सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसके घर से 362 लीटर विदेशी शराब, 2 लाख 7 हजार 2 रुपये नकद, दो स्मार्टफोन और एक कार बरामद की है।

इस कार्रवाई की जानकारी पालीगंज डीएसपी प्रीतम कुमार ने सोमवार को थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नवनीत कुमार काफी समय से शराब के अवैध धंधे में लिप्त है और बड़ी मात्रा में शराब जमा कर रखी है। इस सूचना के बाद पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें अपर थानाध्यक्ष विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दयानंद पासवान, बबन सिंह, परि. अवर निरीक्षक विशाल कुमारी, प्रेमलता कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार, मुकेश कुमार और अन्य सशस्त्र बल के साथ नवनीत के घर पर छापा मारा। सबसे पहले कार की डिक्की की तलाशी ली गई। डिक्की में प्लास्टिक के बोरे में रॉयल स्टेज ब्रांड की 750 एमएल की 24 बोतलें मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 18 लीटर थी। इसके बाद जब घर के अंदर बेडरूम की तलाशी ली गई तो वहां से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब का विवरण इस प्रकार है: बडवाइजर मैग्नम बीयर (500 एमएल) 213 कैन, हंटर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर (500 एमएल) 187 कैन, मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स (750 एमएल) 73 बोतल, रॉयल स्टेज प्रीमियम व्हिस्की (750 एमएल) 104 बोतल, रॉयल स्टेज प्रीमियम व्हिस्की (375 एमएल) ऽ 21 बोतल, रॉयल चैलेंज फिनिश प्रीमियम व्हिस्की (375 एमएल) 3 बोतल, इन सबकी कुल मात्रा 344 लीटर जिसे मिलाकर कुल 362 लीटर विदेशी शराब की बरामदगी हुई है। इसके अलावा तलाशी के दौरान चौकी के नीचे एक थैला मिला, जिसमें दो लाख सात हजार दो रुपये नकद रखे गए थे। पुलिस ने नवनीत कुमार को मौके पर ही दो स्मार्टफोन के साथ गिरफ्तार कर लिया और जब्त शराब, नकद रुपये, मोबाइल फोन और कार को अपने कब्जे में ले लिया। पालीगंज पुलिस नवनीत पर अवैध शराब के कारोबार का मामला दर्ज कर लिया है उसे जेल भेजा जाएगा।

सड़कों पर राहगीरों को लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

मामला आलू व्यवसायी लूटकांड का



नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। सड़कों पर राहगीरों को लूटने वाला दो लुटेरे को पुलिस की हत्थे चढ़ गया है। दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 170/ 24 दिनांक 7.4.2024 की शाम साढे सात बजे आलू व्यवसायी झुलन कुमार पिता नकुल साव सतिस्थान मसौढ़ी, जो धनरूआ से मसौढ़ी बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे जहाँ दरधा पुल के पास तीन युवकों ने उससे सोने का लॉकेट, मोबाइल और 300 नगदी लूट कर चंपत हो गए थे। इस पूरे मामले में 1 साल के बाद 2 अपराधियों को पुलिस ने अनुसंधान के दौरान पकड़ा है। गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश कुमार (25 वर्ष) पिता नगीना प्रसाद ग्राम महादेव स्थान वीर ओरियारा जबकि दूसरा गुड्डू कुमार उम्र 24 वर्ष पिता दिनेश्वर राय, ग्राम वाली पचरुखिया थाना के निवासी हैं एक और फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया यह तीनों अपराधी सड़क पर राहगीरों को लूटा करते थे,गिरफ्तार अपराधियों की अपराधीक इतिहास खंगाला जा रहा है।

पंचायत सरकार भवन निर्माण में घटिया सामग्री मामले में कार्यपालक अभियंता ने की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददात



मसौढ़ी। धनरूआ प्रखंड के मोरियावां पंचायत में बन रहे पंचायत सरकार भवन निर्माण के दौरान घटिया सामग्री लगाने को लेकर ग्रामीणों के आक्रोश और विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यपालक अभियंता की टीम ने सोमवार को निर्माण स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया, जहां पर ग्रामीणों का आक्रोश उन्हें झेलना पड़ा। कार्यपालक अभियंता रामानंद प्रसाद ने संवेदक को वहां पर बोरिंग करने और बोर्ड लगाने और जो सामग्री पर आरोप लगा है उसे हटाकर निर्माण कार्य करने को कहा है। कार्यपालक अभियंता रामानंद प्रसाद ने कहा है की क्वालिटी और कंट्रोल से कोई समझौता नहीं होगी, उच्च गुणवत्ता वाला भवन का निर्माण कराया जाएगा। पंचायत के मुखिया रंजन कुमार ने बताया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था इसी को लेकर गांव के लोग आक्रोशित थे, वहीं पंचायत कार्यपालक अभियंता ने भरोसा जताया है की संवेदक को निर्देशित किया गया है की सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता का ही लगाना है।

'महिला संवाद' कार्यक्रम में एसडीएम ने दी योजनाओं की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददात



मसौढ़ी। प्रखंड जीविका के तत्वाधान में मसौढी के कराय पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन राधा जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा किया गया। जहां मौके पर एसडीएम अमित कुमार पटेल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें महिला सशक्तिकरण, महिला का आर्थिक शक्तिकरण, सामाजिक और राजनैतिक विकास पर जोर दिया जा रहा है साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना है। आयोजन के दौरान उपस्थित महिलाओं से योजनाओं में सुधार हेतु सुझाव भी लिया गया। इस आयोजन के लिए बिहार सरकार द्वारा महिला संवाद वैन के जरिए वीडियो चला कर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं के बीच लिप लेट का वितरित भी किया गया। कार्यक्रम में जीविका के बीपीएम जयप्रकाश शर्मा, सामुदायिक समन्वयक एवं गांव के ढेर सारी महिलाएं शामिल हुए।

पत्नी से जमीन बेचने को लेकर हुआ विवाद, गुस्से में आकर कर दी हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। बेउर थाना क्षेत्र के सिपारा इंद्रपुरी इलाके में पत्नी की हत्या में फरार उसके पति को गिरफ्तार कर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया। बता दें कि एक व्यक्ति ने जमीन विवाद को लेकर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। यह घटना 27 अप्रैल की रात को हुई थी। मृतका की पहचान 50 वर्षीय सीता देवी के रूप में हुई थी, जो सिपारा इंद्रपुरी में अभिमन्यु सिंह के मकान में अपने पति रवि रंजन सिंह के साथ किराए पर रहती थीं। आरोपी रवि रंजन सिंह ने पहले अपनी पत्नी के चेहरे पर हमला किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद वह मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद मृतक्का के बेटे ने पुलिस को बताया था कि पिता को शक था कि उसकी पत्नी का किसी से अवैध संबंध है जिसके चलते हत्या हुई हालांकि अब खुलासा हुआ है की जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद में हत्या हुई थी। इस मामले में मृतका के बेटे ने अपने पिता रवि रंजन सिंह के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधान शुरू किया और आरोपी को जहानाबाद से गिरफ्तार कर लिया। बेउर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार शाह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण अवैध संबंध बताया गया था, लेकिन बाद में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सच सामने आया कि हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी। पुलिस पूछताछ में रवि रंजन सिंह ने बताया कि कुछ जमीन उसने पत्नी के नाम पर खरीदा था. जिससे थ्रेसर चला रहा था मगर उस पर कर्ज हो गया था और थ्रेसर भी बंद हो गया था वह चाहता था कि पत्नी के नाम खरीदी गई जमीन को बेच कर कर्ज चुकता कर दे. इसके लिए वह बार बार पत्नी से जमीन बेचने की बात कहता था मगर पत्नी इस बात पर तैयार नहीं हो रही थी. इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। घटना के दिन जब पत्नी सीता देवी ने उससे खाना खाने को दिया तब उसने पत्नी से जमीन बेचने की चर्चा की। इस बात पर पत्नी भड़क गई और पति को गाली देने लगी बात बढ़ गई और पत्नी ने पति की पिटाई शुरू कर दिया.इस बात से नाराज रवि रंजन ने पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दिया और फरार हो गया। हत्या के बाद उसने मोबाईल को पास के नाला में फेंक दिया और जहानाबाद अपने मूल गांव राजा बाजार शिक्षक कॉलोनी चला गया जहां उससे डर हुआ कि पुलिस यहां भी पहुंच जायेगी तब वह वहां से गया चला गया। इसके बाद वह सिपारा भी पहुंचा मगर पुलिस के डर से घर नहीं जा सका और इधर उधर भटकता रहा.हत्या के इस जघन्य मामले में गिरफ्तार आरोपी रवि रंजन सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

किसानों में आक्रोश

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पटना सोन कैनाल से सटे असपुरा में निर्मित सोलर प्लांट द्वारा करहा का रास्ता बंद कर पटवन को बाधित किए जाने से किसानों में आक्रोश है। किसानों द्वारा सूचित किए जाने पर स्थानीय विधायक सिद्धार्थ सौरभ ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। किसान संजीव सिंह, चन्द्रमा सिंह, लुच्चू सिंह, शिव कुमार, रोहित राजेश्वर सिंह आदि ने बताया कि सर्वे का 20 फीट का करहा पइन है जिससे यहां के किसानों के खेत पटवन होता है किंतु सोलर प्लांट के कर्मी जबरदस्ती रास्ता बंद कर दिया है।

मरम्मत के बाद सड़क पर बहने लगा पानी



नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। फुलवारीशरीफ नगर परिषद कार्यालय के पास मुख्य बाज़ार में कई दिनों से खुदा हुआ गड्ढा राहगीरों और दुकानदारों के लिए मुसीबत बना हुआ था. ठेकेदार द्वारा वाटर सप्लाई लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों की शिकायतों पर भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब इस मामले को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया।

मीडिया में खबर छपते ही नगर परिषद प्रशासन और ठेकेदार की नींद खुली। सोमवार को सुबह-सवेरे मजदूरों की टीम भेजी गई और गड्ढे को भरने और मरम्मती कार्य पूरा करने का काम शुरू हुआ। इसी दौरान वाटर सप्लाई की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई। हालांकि गड्ढा तो भरा गया, लेकिन जैसे ही सप्लाई चालू की गई, पाइप से लीकेज शुरू हो गया और पूरे बाज़ार की सड़क पर पानी बहने लगा। इससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फिसलन और कीचड़ के कारण बाजार में आवाजाही बाधित हो गई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया, 'पहले गड्ढे से परेशानी थी, अब पानी सड़कों पर बहने ने से पूरा बाजार जलजमाव का शिकार है। जब तक ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ऐसे हालात बने रहेंगे।' लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि जल्द से जल्द वाटर सप्लाई पाइप की लीकेज ठीक की जाए और सड़क की स्थिति सामान्य बनाई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से घोषित राज्यव्यापी सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र से की गई। परिचर्चा में यह संकल्प लिया गया कि लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के विचारों को हर घर तक पहुँचाया जाएगा और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में बिहार में सामाजिक व आर्थिक न्याय को सशक्त किया जाएगा। यह 10 दिवसीय कार्यक्रम प्रदेश भर के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अवधि 5 मई से 15 मई 2025 तक निर्धारित की गई। फुलवारी प्रखंड एवं नगर परिषद, पुनपुन प्रखंड और पुनपुन नगर परिषद के राजद कार्यकर्ताओं के लिए यह परिचर्चा कार्यक्रम राय चौक स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सरवन ने की। कार्यक्रम में राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर हसन ने लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के विचारों को ज़मीनी स्तर पर उतारने के तरीकों पर विस्तार से बात रखी. पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ने पार्टी को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की. प्रदेश प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव ने चुनावी अभियान के मुख्य बिंदुओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को रेखांकित किया। पूर्व विधायक स्वीटी सीमा हेम्ब्रम ने चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की, जबकि पूर्व महिला आयोग सदस्य राबिया खातून ने संगठन निर्माण और महिला भागीदारी को लेकर अपने विचार साझा किए. युवा राजद नेता दिवाकर कुशवाहा ने सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर सुझाव दिए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव, देव किशन ठाकुर, सुरेंद्र यादव आदि थे।

प्लस टू का दर्जा तो मिला लेकिन आज भी है शिक्षकों का इंतजार

साइंस की पढ़ाई से महरूम हैं छात्र-छात्राएं

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। मसौढ़ी में ऐसे कई हाई स्कूल है जहां प्लस टू का दर्ज़ा तो मिल गया लेकिन तकरीबन 12 साल बीत गए लेकिन आज तक इन हाई स्कूलों में साइंस के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है। नतीजन सैकड़ों छात्र-छात्राओं का साइंस बिषयों की पढाई से महरूम है। ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है क्या क्या ऐसे शिक्षा में सुधार में बदलाव लाएंगे। नतीजन छात्र कोचिंग के सहारे अपनी पढ़ाई को पूरी कर रहे हैं। दरअसल मामला मसौढी के गांधी मैदान स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल को वर्ष 2013 में टेन प्लस टू का दर्ज़ा मिला था, उसकी एक नई बिल्डिंग भी बनी थी, लेकिन आज तक उस बिल्डिंग में पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जहां न केवल साइंस के शिक्षक बल्कि कई आर्ट्स के विषयों के भी शिक्षक नहीं है। प्रभारी इंचार्ज गोपाल कृष्ण गोखले ने बताया कि श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में साइंस के 418 सीट है और आर्ट्स के 132 सीटे हैं। साइंस के विद्यार्थियों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, इंग्लिश, मैथ के शिक्षक नहीं है। वही आर्ट्स में जियोग्राफी, सोशियोलॉजी, हिंदी, हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, फिलासफी के शिक्षक नहीं है। कुल 1600 विद्यार्थियों का पठन-पाठन चल रहा है। साइंस में महज जूलॉजी के सिर्फ शिक्षक हैं वही आर्ट्स में पोल साइंस, उर्दू, साइकोलॉजी और अकाउंट के एक-एक शिक्षक हैं। यही छह शिक्षक मिलकर अन्य विषयों की पढ़ाई कराते हैं। इसके अलावा नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय को 8 साल पहले 10+2 का दर्ज़ा मिला था वहां भी 120 साइंस और 120 आर्ट्स के विद्यार्थियों का नामांकन है बावजूद वहां भी सिर्फ बॉटनी और इंग्लिश छोड़कर किसी भी विषयों के शिक्षक नहीं है। छात्रा ब्यूटी कुमारी, सुमन कुमारी, रेखा कुमारी, सलोनी कुमारी ने बताया कि हम लोग रोज पढ़ाई करने आते हैं लेकिन शिक्षक नहीं है।

एक नजर

तीन लाख नगदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शादी ब्याह के लग्न जोरों पर हैं। ऐसे में इन दिनों चोरों की भी चांदी कट रही हैं। दरअसल शादी ब्याह के मौके पर परिवार में जाने के दौरान बंद घरों को चोर निशाना बना रहे हैं। पुनपुन के रसूलपुर गांव में बीते 28 अप्रैल को नालंदा के माधोपुर शादी में गए हुए घर के लोगों का बंद घर देख चोरों ने पीछे के दीवाल को फांदकार छत पर चढ़कर घर में घुस आए और गोदरेज से 3 लाख नगदी समेत कई सोने के आभूषण को चोरी कर लिए हैं। ऐसे में पीड़ित प्रभा देवी पति अखिलेश शर्मा ने थाने में घर में चोरी हो जाने के लिखित सूचना दी है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि प्रभादेवी और उसके पूरा परिवार नालंदा बीते 28 अप्रैल को गए हुए थे, और जब सोमवार को लौटे हैं तब पूरा घर का सामान बिखरा पड़ा था। वही गोदरेज का चाबी बेड के नीचे रखे थे चोरों ने गोदरेज खोलकर सारा सामान चुरा ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

विद्यालयों में लॉगिन नहीं होने को लेकर पांच प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तहत विद्यालय में मशाल कार्यक्रम के तहत अभी तक कई विद्यालयों में लॉगिन नहीं किए जाने के कारण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पूनम कुमारी ने मसौढ़ी अनुमंडल के पांच विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पर शो कॉज को जारी किया है। जिसमें मसौढ़ी प्रखंड में चेथौलचक और खैनियाचक विद्यालय के प्रभारी, वही पुनपुन में पारथु विद्यालय के प्रभारी के अलावा धनरूआ प्रखंड के अंजनी गोविंदपुर और सांडा मध्य विद्यालय के प्रभारी पर शो कॉज को जारी किया गया है। दरअसल बताया जाता है कि मशाल कार्यकम के अन्तर्गत पोर्टल पर विद्यालयों द्वारा लॉगिन किया जाना था। बार-बार अनुरोध एवं लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी विद्यालय द्वारा लॉगिन नहीं किया गया है, जबकि इस हेतु सभी विद्यालय से एक-एक शिक्षक को ट्रेंड किया गया है। निदेश दिया गया है कि 24 घंटें के अंदर पोर्टल पर लॉगिन करना सुनिश्चित करें। साथ ही, अभी तक लॉगिन नहीं करने के संबंध में स्पष्टीकरण की गई है।

बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में सोमवार को बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया। भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि बीस सूत्री सदस्य सरकार और प्रशासन के बीच समन्वय बनाकर प्रखंड के विकास के लिए काम करेंगे। अध्यक्ष मोंटी और उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं को बिक्रम प्रखंड में लागू कराना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। मौके पर प्रखंड प्रमुख रामेईश्वर पासवान, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार, गुणी लाल वर्मा, सुब्रत वासुदेव, महफूज अहमद, तेजनारायण शर्मा, मिथलेश सिंह, जनार्दन ठाकुर, राज कुमार मधुकर आदि मौजूद थे।

शोभा यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के पैनापुर से सोमवार को पांच दिवसीय श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ को लेकर भक्तों ने 751 कलश के शोभा यात्रा निकाली गई। पैनापुर गाँव स्थित नवनिर्मित सूर्य मंदिर से श्रद्धालुओं ने असपुरा से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल तक नगर भ्रमण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की गई। महायज्ञ परमानंदजी महाराज के सान्निध्य में हो रहा है। मौके पर आयोजन समिति के अरुण सिंह (सिपाही जी) विमल कुमार सिन्हा, रामतीर्थ कुमार, राजकुमार यादव, गोपाल विद्यार्थी, जितेन्द्र पासवान, नागेश्वर सिंह, गुड्डू यादव, राकेश यादव, कमलेश सिंह, उमेश पुजारी, बीरेन्द्र यादव, छोटू यादव व दिनेश यादव समेत सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पृष्ठ 1 का शेष

छत्रपति शिवाजी महाराज की...

शिवाजी महाराज के बीच युद्ध हुआ था, जिसने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। दिन में लंच के बाद ट्रेन अपने अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए रवाना होगी। पांचवें दिन की सुबह ट्रेन छत्रपति शाहू जी महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां होटल में नाश्ते और तैयारियों के बाद पर्यटक महालक्ष्मी मंदिर (अंबाबाई) और फिर पन्हाला किला जाएंगे। सह्याद्री पर्वत पर स्थित यह किला कई ऐतिहासिक लड़ाइयों का साक्षी रहा है। यहीं शिवाजी महाराज 500 दिनों तक रुके और फिर सफलतापूर्वक निकल भागे थे। पन्हाला किला अपने सांप-जैसे आकार के कारण 'फोर्ट ऑफ स्नेक्स' भी कहलाता है। यह किला शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज के जीवन से जुड़ा है। यह स्थल शिवाजी महाराज के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की वीरता के लिए भी याद किया जाता है। यहां से देर शाम को ट्रेन मुंबई के लिए वापसी यात्रा पर निकलेगी और छठे दिन सुबह मुंबई पहुंचेगी। इस यात्रा का आयोजन भारतीय रेल के टूरिज्म एंड कैटरिंग कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है जिसमें होटल में रात्रि विश्राम, शाकाहारी भोजन, बसों के जरिए दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा और टूर एस्कॉर्ट आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

पथ निर्माण विभाग ने...

ने इनकी कार्यशैली की सराहना की। वहीं दूसरी ओर विभाग ने सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले पांच संवेदकों की भी पहचान की है। इन संवेदकों में मदर इंडिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, सोना इंजिकॉन प्राइवेट लिमिटेड, दुर्गा टावर्स प्राइवेट लिमिटेड, कवलजीत सिंह कॉन्ट्रैक्टर एवं मेसर्स वीणा सिंह शामिल हैं। इन संवेदकों को मंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि इनके कार्यों में जल्द सुधार नहीं हुआ तो इनका अनुबंध समाप्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि राज्य में 10,379 किलोमीटर लंबी सड़कों का रखरखाव ओपीआरएमसी प्रणाली के तहत किया जा रहा है। इस प्रणाली में संवेदक को सात वर्षों के लिए अनुबंधित किया जाता है, जिसमें उन्हें सड़कों की निरंतर निगरानी और ससमय मरम्मत की जिम्मेदारी दी जाती है। इन सड़कों पर जीपीएस आधारित पेट्रोल मेंटेनेंस यूनिट (सड़क एम्बुलेंस) और मेडिकल एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके।

बहन की डोली से पहले...

रंजन के साथ बाइक से चकौसन बाजार गया था। लौटते समय चांदपुरा थाना क्षेत्र के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही चांदपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। सोमवार की सुबह जैसे ही यह खबर गांव में फैली, आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार वर्मा ने बताया कि फरार वाहन की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

डीडीसी को बीडीओ ने भेजा प्रस्ताव

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पंचायत स्तर पर स्थायी आधार पंजीकरण केंद्र स्थापित करने को लेकर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर पंचायत स्तर पर आधार पंजीकरण केंद्र खोलने को लेकर प्रस्ताव भेजा है। डीडीसी को दिए पत्र में बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय में एकमात्र आधार केंद्र होने से दूर दराज से आने वाले लोगो को काफी परेशानी होती है। बीडीओ ने बताया कि पंचायत स्तर पर आधार पंजीकरण केंद्र स्थापित होने से पंचायत के लोगो को सहूलियत मिलेगी। गौरतलब हो कि दिनों प्रखंड परिसर में संचालित आधार पंजीकरण केंद्र के बंद हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगो को काफी परेशानी हो रही है।

स्वच्छता दिवस पर बच्चों को किया गया जागरूक

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के पोखरिया, विशुनपुरवा, एवं बरगजवा गाव में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस संदर्भ में कार्यक्रम प्रभारी शशिकांत पाठक ने बताया कि विश्व हाथ स्वच्छता दिवस की शुरूआत सबसे पहले 2009 में हुई थी। तब से प्रति वर्ष पांच मई को संक्रमण भगाए जीवन बचाएं अपने हाथ साफ करें अभियान के तहत जागरूक किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा और सुविधा पर ध्यान केंद्रित करना है। श्री पाठक ने बताया कि हाथ को स्वच्छ रखने के तरीके को बच्चों में बताया गया है। कार्यक्रम में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए हाथ धोने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, प्रियंका कुमारी जायसवाल, बहादुर माझी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सारण के तत्वावधान में 10 मई को व्यवहार न्यायालय, छपरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर सुलहनीय वादों का निपटारा किया जाएगा। डालसा के सचिव ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क निपटारे के लिए लोक अदालत में अपने वाद लाएं। इसमें लघु आपराधिक मामले, एन.आई. एक्ट की धारा 138, विद्युत वाद, सिविल सूट, वाहन दुर्घटना दावे, बैंक ऋण वसूली आदि मामलों का निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत में कोई कोर्ट फीस नहीं लगती और इसके निर्णय अंतिम होते हैं।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की भव्य शुरूआत

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के जजौली गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में सोमवार को श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलशयात्रा से हुई। आचार्य रविन्द्र तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान पंकज सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ममता देवी को कलश सौंपा गया। कलशयात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बली विशुनपुरा पोखरा पर पहुंची जहां विधिवत जलाभिषेक किया गया। आयोजन समिति के पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सात दिवसीय इस यज्ञ में शिव परिवार की प्रतिमाओं की विधिपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

बीएलओ बैठक में विस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मशरक प्रखंड कार्यालय में बीएलओ की बैठक बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षक संतोष सिंह ने बतौर ट्रेनर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने बूथ स्तर पर न्यूनतम सुविधाओं, मृत मतदाताओं के नाम विलोपन तथा नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश दिए। महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने और बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) के गठन पर भी जोर दिया गया। अनुपस्थित बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

रामदेव विद्यालय ने निकाली प्रभात फेरी

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान के तहत रामदेव मध्य विद्यालय, मशरक के शिक्षकों एवं छात्रों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली। छात्रों ने "आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे", "हर घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा" जैसे नारों से लोगों को प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल छात्र-छात्राओं के शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। इस दौरान शिक्षक जितेन्द्र सिंह, सच्चितानंद उपाध्याय, कुमारी सुमन गुप्ता एवं ममता कुमारी भी मौजूद थीं।

राजद का सामाजिक न्याय परिचर्चा आयोजित

हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर पंचायत हसनपुरा स्थित एक नीली विवाह भवन परिसर में सोमवार को राजद का समाजिक न्याय परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा की अध्यक्षता हसनपुरा प्रखंड अध्यक्ष बिनोद यादव ने किया। जबकि संचालन सिसवन प्रखंड अध्यक्ष अवधेश चौहान ने की। परिचर्चा के मुख्य अतिथि विधायक समीर कुमार महासेठ,सुबेदार दास, सुदामा यादव,श्रीमती अनीता देवी थीं। इस दौरान आगामी विधान सभा चुनाव को ले पार्टी मजबूती पर बल दिया। कहा कि सोशल मीडिया, वाट्सएप्प पर पार्टी कार्यक्रमों को शेयर करें। वहीं चौक चौराहों व चाय दुकानों पर लोगों के बीच पार्टी की सिद्धांतों को बताएं, ताकि लोग जागरूक हो सके। मौके पर राजद नेता मुन्ना शाही, जिलाध्यक्ष इं.विपिन कुमार कुशवाहा, अश्वत्थामा यादव, शारीक इमाम, नोमान अहमद, मनोज कुमार यादव, वशिष्ठ यादव,किंग यादव, नजरें इमाम, मिथलेश कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

गाली-गलौज और मारपीट को लेकर प्राथमिकी

हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के हबीबनगर निवासी नंदजी प्रसाद की पत्नी माया देवी ने थाना में आवेदन देते हुए गाँव के ही तीन लोगों को गाली गलौज व मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. आवेदिका ने अपने आवेदन में बताया है कि मेरे पति और पुत्र बाहर काम करते हैं. घर पर मै और मेरी बहु और छोटे छोटे बच्चें रहते हैं.वही पड़ोसी बोल बम प्रसाद हमेशा नशे में रहता है. जो आवेदिका के दरवाजे पर 3 मई को दोपहर में जाकर गंदी गंदी गाली गलौज कर रहा था. जिसके बाद आवेदिका थाना के 112 नंबर वाहन को फोन कर बुला कर बोमबम के बारे में बताई. पुलिस दोनों को समझा बुझा कर चली गई. पुनः दुसरे दिन सुबह में ही आरोपी और उसके परिजनों ने आवेदिका के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किए. जिसमें आरोपियों द्वारा ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया. वहीं उसके गले से मंगलसूत्र छीन लिया गया. घायलावस्था में सदर अस्पताल सीवान में ईलाज कराया गया.आवेदिका ने कहा है कि बोलबाला हमेशा हमलोगों पर गंदी नजर रखता है और परिशान करता रहता है. इस संदर्भ में तीन लोगों को आरोपित किया गया है जिसमें बोलबाला प्रसाद, सुदर्शन प्रसाद और सुदर्शन की बहु हैं.

सड़क पर चस्पाया पाकिस्तानी झंडा, जब्त

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पहलगाम हमले के खिलाफ रविवार की रात कतिपय तत्वों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घरदान पोखरा के समीप बेतिया-अरेराज मुख्य मार्ग पर पाकिस्तानी झंडा चस्पा दिया। बड़े आकार का झंडानुमा बैनर सड़क पर चस्पाया गया था। जिसपर वाहनें आ जा रहे थे। सूचना पर 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इसे जब्त कर मुफस्सिल थाना लाई। पुलिस सड़क पर झंडा जैसा बैनर लगाने वाले की पहचान करने की कोशिश शुरू कर दी है। पहचान के लिए मुफस्सिल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। सड़क पर झंडा किस उद्देश्य से चस्पाया गया था, इसकी भी जांच हो रही है। लोगों का मानना है कि विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकी हमला से नाराज किसी व्यक्ति ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा चस्पाया है। हालांकि पुलिस हर एंगल को ध्यान में रखकर तहकीकात कर रही है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि सड़क पर चस्पाए गए बैनर को जब्त किया गया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से सड़क पर बैनर चस्पाने वाले की पहचान करने की कोशिश हो रही है। मामले की जांच की जा रही है। मामले में नियम संगत कार्रवाई होगी।

अनुश्रवण समिति की बैठक

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राजेश कुमार ने की। बैठक में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित शत-प्रतिशत आवेदन महादलित टोले से प्राप्त करें। साथ ही इन आवेदनों का जल्द से जल्द निष्पादन करें।बैठक में अंचल अधिकारी पंकज कुमार,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

राजद की सामाजिक न्याय परिचर्चा में तेजस्वी को बताया बिहार का भविष्य

तेजस्वी को सीएम बनाने की अपील, राजद ने दिया सामाजिक न्याय पर जोर



एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय जनता दल सारण जिला इकाई द्वारा सोमवार को "सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम" का आयोजन एकमा विधायक श्रीकांत यादव के राजापुर स्थित आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष वकील यादव व संचालन जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनान खां ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, युवा राजद के प्रदेश महासचिव शिवेंद्र तांती, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, विधायक राजेश कुमार सिंह, युवा नेता दिलीप राय सहित राजद के कई वरिष्ठ नेता मंचासीन रहे। कार्यक्रम में कार्यकताओं व आमजन का विधायक श्रीकांत यादव ने स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

नेताओं ने साधा सत्तारूढ़ सरकार पर निशानाः

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारने का काम राजद व खासकर लालू प्रसाद यादव ने किया है। उन्होंने कहा कि आज जब सामाजिक अन्याय व जातीय असमानता फिर से सिर उठा रही है, ऐसे समय में तेजस्वी यादव जैसे युवा नेता की जरूरत है जो अपने संघर्ष व नीति के साथ बदलाव ला सके। पूर्व विधायक राजेंद्र राम ने कहा कि भाजपा की सरकार केवल कागज पर योजनाएं बनाती है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में राजद को वोट देकर सामाजिक न्याय की सरकार बनाएं।

तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपीलः

कार्यक्रम में वक्ताओं ने तेजस्वी यादव को बिहार का भविष्य बताते हुए कहा कि वे युवाओं, किसानों व मजदूरों की आवाज हैं। नेताओं ने कहा कि तेजस्वी सरकार ने 17 महीने के अल्प कार्यकाल में जो काम किए, वह इस बात का प्रमाण है कि राजद की नीयत साफ व नीति मजबूत है।

राजद को बताया गरीबों, शोषितों, वंचितों व अल्पसंख्यकों का सच्चा हितैषीः

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता मनान खां ने कहा कि लालू यादव ने जिस तरह 90 के दशक में सामाजिक बदलाव की शुरूआत की, उसी रास्ते पर आज तेजस्वी यादव आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार व विकास के लिए राजद को मजबूत करें।

एकमा में राजद का शक्ति प्रदर्शन, सामाजिक न्याय की बुलंद आवाज



इनकी रही मौजूदगीः

कार्यक्रम में मांझी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, कन्हैया यादव, अहमद अली, जितेंद्र यादव, मनोज कुमार, डॉ परशुराम शर्मा, डॉ अजय पंडित, भीम राम, लहलादपुर प्रखंड प्रमुख मनोज गुप्ता, नंदलाल राम, रुदल बिन, तारकेश्वर साह, दीपक प्रसाद कुशवाहा, चंद्रमा राम, बलीराम राम, प्रमोद राम, प्रदीप महतो, उमाशंकर महतो, रामाशंकर धानुक, विनोद साह गोंड सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, राजद समर्थक, ग्रामीण महिला-पुरुष व युवा उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इकरा ट्रेडर्स और फर्नीचर हाउस का हुआ उद्घाटन

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सोमवार को विशेष अपराध इकाई बेतिया के डीएसपी गोरख ठाकुर ने फीता काटकर इकरा ट्रेडर्स और फर्नीचर हाउस सतभिडवा नानोसती मार्ग मझौलिया का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के फर्नीचर दुकान का खुलना ग्रामीणों के लिए प्रसन्नता की बात होनी चाहिए। फर्नीचर हाउस का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने बताया कि इस फर्नीचर हाउस में उच्च कोटि के फर्नीचर उपलब्ध है। व्यवस्थापक मुजाहिदीन अंसारी उर्फ जुम्मन अंसारी ने बताया कि हमारे यहां दीवान पलंग कुर्सी अलमारी ड्रेसिंग टेबल सोफा सेट डाइनिंग टेबल महाराजा पलंग उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

कांग्रेस ने हमेशा से दलितों के अधिकार की लड़ी है लड़ाई : डॉ एहतेशाम

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गोरेयाकोठी प्रखंड के सतवार पंचायत में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव लाल प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ किया गया.कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलितों का पिछड़ों का हमेशा से सम्मान किया है.1946 में जब संविधान सभा देश विभाजन के साथ विभाजित हो गई.उस समय बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सीट पाकिस्तान के हिस्से में चली गई.ऐसी स्थिति में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भारत के संविधान सभा का सदस्य बने रहना एक बड़ी समस्या बन गई थी. क्योंकि कहीं भी कोई सीट खाली नहीं थी. ठीक उसी समय महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा सरदार वल्लभभाई पटेल ने आम समिति से यह निर्णय लिया कि देश के दलितों के प्रकार आवाज का संविधान सभा में होना अति आवश्यक है. उनके बगैर संविधान सभा की कल्पना नहीं की जा सकती है. पंडित जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के आग्रह पर उस समय मुंबई प्रांत के मुख्यमंत्री एस डी खरे ने कांग्रेस पार्टी के सदस्य महाराष्ट्र से एम जयकार का इस्तीफा के लिए आग्रह किया तथा एम जाकर के इस्तीफा के बाद खाली हुई सीट पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को मनोनीत करके संविधान सभा में भेजने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया.आज की सरकार भाजपा और एनडीए की सरकार केवल और केवल दलितों के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करती है. जबकि दलितों की समस्याओं को देश के सामने रखने वाले अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष उपाध्यक्ष जैसे प्रमुख पद अभी भी खाली है. संघ के लोगों ने 2015 में आरक्षण के पुनःविश्लेषण की बात कही है. यही उनका असली चेहरा है. अब राहुल गांधी ने पूरे देश में आंदोलन चला करके जाति जनगणना के पक्ष में जनमानस को एकजुट किया तो इसके दबाव में आकर के मोदी सरकार को जाति जनगणना की घोषणा करनी पड़ी. लेकिन कांग्रेस पार्टी केवल घोषणा तक सीमित नहीं रहेगी. दलितों के हक की लड़ाई तब तक जारी रहेगी.जब तक दलितों को सत्ता में देश के संसाधनों में उनके संख्या के अनुरूप अधिकार और हिस्सेदारी नहीं मिल जाती.कार्यक्रम में मनोज तिवारी, बीरबल राम, गणेश राम,नागेंद्र प्रसाद, जंगीलाल राम, भगन राम, अली हुसैन, मोहम्मद कैफ, राकेश राम, जोगिंदर प्रसाद, हीरा प्रसाद, राजेश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हैं.



बस स्टैंड में बदबू और जगह-जगह कचरे की ढेर देख बिफरी महापौर

स्वच्छ भारत मिशन के निरीक्षक और घारी प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगने का दिया आदेश



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतराज्यीय स्तर के मॉडल लुक में नगर निगम के बस स्टैंड का डीपीआर बनाने वाली एजेंसी इस्कॉन इंजीनियर्स की एक्जीक्यूटिव टीम के साथ सोमवार को बस स्टैंड में दल बल सहित पहुंचीं महापौर जगह जगह कचरे की ढेर देख बिफर पड़ीं। साथ रहे नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह से महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने पूछा कि आप महसूस कर रहे हैं कि कचरे के ढेर से बदबू भी आ रही है। मतलब यह कि जगह जगह पर जमा कचरा एक दिन का नहीं है। महापौर ने बस स्टैंड परिसर की विशेष साफ सफाई के लिए तैनात आधे दर्जन सफाई कर्मियों यथा रतन राउत, ललन राम, राजकुमार, पप्पू राउत, अनिल कुमार एक और अनिल कुमार दो के वेतन भुगतान पर महापौर ने जांच कार्रवाई निर्धारित होने तक रोक लगाने का आदेश नगर आयुक्त श्री सिंह को दिया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया है कि राजकुमार नाम के सफाई कर्मी पूरे अप्रैल महीने के बाद जारी मई महीने में भी अब तक भी गैरहाजिर होने के बावजूद अब तक उक्त सफाई कर्मी को निरीक्षक मोहम्मद तबरेज द्वारा स्वच्छता ऐप डी एक्टिवेट नहीं किया जाना साफ सफाई में जालसाजी उजागर करने वाला है। महापौर ने बताया कि चुकी प्रतिनियुक्त सफाईकर्मी घारी के रिजर्व सफाई कर्मी हैं और ऐप पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने में भी धांधली पकड़ी गई है। इसको लेकर घारी इंचार्ज मोहम्मद तबरेज और स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी अर्पित कुमार और मोहम्मद अशफाक से भी स्पष्टीकरण पूछने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश जांच के समय साथ रहे नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह को दिया। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया और नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह ने इस्कॉन इंजीनियर्स के एमडी कुमार सुधांशु सिंहा, कोऑर्डिनेटर एंड डेलीगेट हेड उदय कुमार, आर्किटेक्ट सुकृत सिंहा, एसोसिएट इंजीनियर आलोक मिस्त्री,प्रिंसिपल आर्टिटेक्ट, प्रतिमा सक्सेना, सिविल इंजीनियर प्रीतम कुमार, जूनियर आर्टिटेक्ट नाजिम आलम, जूनियर इंजीनियर रंजन पटेल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर नागेंद्र गुप्ता, सुपरवाइजर अर्शद अली और मो. सरफराज के अंतरराज्यीय बस अड्डा के मॉडल लुक में बस स्टैंड का डीपीआर बनाने के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्देश दिया।

अनुकंपा नियुक्ति में शर्तों का बोझ, सरकार कर रही नाइंसाफी : समरेंद्र बहादुर

दिवंगत शिक्षक मनोज कुमार सिंह के परिजनों को शिक्षकों ने दी 1.51 लाख की सहायता राशि



एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को एकमा प्रखंड क्षेत्र के धनाडीह गांव में दिवंगत शिक्षक मनोज कुमार सिंह के परिजनों को एक लाख 51 हजार 500 रुपये की सहायता राशि सौंपी गई। यह राशि एकमा प्रखंड के शिक्षकों ने आपसी सहयोग से एकत्रित की थी। इस अवसर पर शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति में प्रशिक्षण व परीक्षा को अनिवार्य करना अन्यायपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि मनोज कुमार सिंह के आकस्मिक निधन के बाद उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। लेकिन सरकार की ओर से अब तक न कोई मदद मिली है और न ही पूर्व में दी जाने वाली चार लाख की सहायता राशि की व्यवस्था ही बरकरार है। शिक्षक नेता श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षक नियमावली अमानवीय व संवेदनहीन है। कोई शिक्षक यह पूवार्नुमान नहीं लगा सकता कि कब उसकी मृत्यु हो जाएगी, तो ऐसे में वह अपने आश्रित को कैसे प्रशिक्षित करेगा।

उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक आश्रितों को बिना शर्त अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। ताकि संकट में घिरे परिवारों को राहत मिल सके। इस मौके पर पूर्व मुखिया भोला सिंह, शिक्षक नेता अनिल कुमार सिंह, कृष्ण बैठा, शैलेश कुमार सिंह, जयप्रकाश तिवारी, सुमन प्रसाद कुशवाहा, अमरेंद्र सिंह, तेजामुद्दीन, राज मोहम्मद, अमरेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, किरण देवी, बंटी बाबा, जिंतेंद्र राम, छविनाथ मांझी समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

तुमकड़िया में पंडई नदी पर स्थायी बांध बंधवाने की मांग

तुमकड़िया गाव में प्रति वर्ष बरसात के समय में नदी के पानी से गांव में होती है कटाव और फसल की बर्बादी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के तुमकड़िया गांव में पंडई नदी के कटाव को लेकर शहरी एवं ग्रामीण मंच के सदस्यों ने ग्रामीणों से मिलकर इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है। मंच के अध्यक्ष सागर श्रीवास्तव ने इस संदर्भ में डीएम को आवेदन के माध्यम से अवगत कराते हुए तुमकड़िया गांव में हो रहे पंडई नदी के कटाव से निजात दिलाने और नदी पर स्थायी बांध बंधवाने की मांग की है। अध्यक्ष ने बताया कि तुमकड़िया गाव में प्रति वर्ष बरसात के समय मे नदी के पानी से गाव में कटाव और फसल की बर्बादी हो रही है। जिसका अब तक कोई स्थायी समाधान नही हो सका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधियो व अधिकारियो से शिकायत भी किया है लेकिन अभी तक इसपर कोई ठोस पहल नही हो सका है। वही ग्रामीणों को इस बार भी बरसात से पहले कटाव रोधी कार्य नही होने से बरसात का डर सताने लगा है। ग्रामीण बृजेश मणि तिवारी, सुरेश मणि तिवारी, उमेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, संतोष मणि तिवारी, प्रेम कुमार, संतीश कुमार, सुधांशु कुमार, गोपाल कुमार, ओमप्रकाश यादव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि नदी नदी के कटाव से लगभग एक दर्जन घर नदी में विलीन हो चुका है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जहां जहां पानी का दबाव बनता है वहां पत्थर एवं तार की सहायता से स्थायी बांध बंधवाया जाय ताकि नदी के कटाव से गांव को बचाया जा सके। गौरतलब हो कि नदी के कटाव को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार भी किया था हालांकि अधिकारियो को समझाने व कटावरोधी कार्य कराने के आश्वासन पर वोट कराया गया। वही ग्रामीणों ने पिछले वर्ष बरसात में कटाव रोधी कार्य को लेकर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। स्थायी बांध को लेकर अब तक कोई पहल नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

आज होगा मंगुराहा में राजद का सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम

गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गौनाहा प्रखंड के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मंगुराहा गेस्ट हाउस में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल का सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन।इसकी जानकारी देते हुए राजद का प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम व उपाध्यक्ष भूपेश राय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदयनारायण चौधरी, पूर्व विधायक रेयाजुल हक, विधायक इसराईल मसूरी, प्रदेश महासचिव अनिल चंद्र कुशवहा व प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव होंगे ।वही राजद के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अनिता भारती ने बताई कि सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम 5 मई से शुरू है और राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्रों में 15 मई तक चलेगी।

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार को दी गयी भावभीनी विदाई

फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र व उपहार देकर किया गया सम्मानित



हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के गुरुजवा जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुरा स्थित सभागार में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ श्री निवास प्रसाद थे। सीएचओ व एएनएम प्रीति कुमारी, किरण कुमारी, अंशू किरण व अब अर्चना कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर आगत अतिथि को स्वागत किया। इस दौरान सीएस डॉ श्री प्रसाद ने कहा कि विदाई गीत दिल को छुआ है। सरकारी सेवा में आना जाना लगा रहता है। डॉ अभय कुमार ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से बढ़िया से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इनकी जितनी तारिफ की जाय कम है। उन्होंने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार से अपेक्षा करते हैं कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों से साथ मिल कर आगे काम करें ताकि हसनपुरा अपनी मुकाम तक पहुंचे। यह डॉ मनोज को चुनौती है। सब को लेकर काम करेगें। जबतक हम समर्पण के साथ नहीं करेंगे तब तक नहीं होगा। वहीं सेवानिवृत्त डॉ अभय कुमार ने नम आंखों से सबका अभिवादन किया। कहा कि 2010 से यहां कार्यरत है। इस दौरान सभी का भरपुर सहयोग मिला है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डॉ नफीस अहमद, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ संतोष गुप्ता, डॉ एहसानुल्लाह, डॉ इस्तियाक अहमद, फार्मासिस्ट शाहिद अंसारी, बीएमसी आरके मिश्रा, लेखापाल मनोज कुमार, बीसीएम सुनिता, खुब्बा इमाम, एलटी असलम फारुकी,मुजफ्फर सिवानी सहित सभी सीएचओ, एएनएम, आशा फेस्लीटेटर आदि उपस्थित थे।

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन



सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के घुरघाट मे पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को पंचायत भवन पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन करने के चलते पंचायत भवन में काम करने वाले कर्मियों को घंटो धूप में खड़ा रहना पड़ा. प्रदर्शन में जुबेदा बीबी,रिंकू देवी,रेणु देवी रामनाथ महतो, जयप्रकाश महतो, रमाशंकर प्रसाद, सबीना खातून, विजय मांझी, शिव शंकर राम, गिरिजा देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा नल जल योजना के माध्यम से उन्हें शुद्ध पानी देने का वादा किया गया था, लेकिन नल जल की टंकी तो लगा दी गई, लेकिन पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के अधिकांश नल जल की टंकी से होने वाले पानी की सप्लाई पिछले 6 महीना से लगभग बंद है, जिसके चलते गर्मी में पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार प्रखंड का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन प्रखंड के अधिकारियों द्वारा अभी तक इसको लेकर कोई व्यापक पहल नहीं की गई है।ग्राम पंचायत के मुखिया शैलेश तिवारी ने धरना प्रदर्शन की खबर मिलने पर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अभिलंब समाधान करने का वादा किया।

हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद/मदनपुर। रफीगंज पुलिस द्वारा हत्याकांड के दो अभियुक्तों को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी रूपेश कुमार एवं संटू कुमार उर्फ सतीश कुमार उर्फ दिलीप कुमार सिंह के रूप में की गई हैं। दअसल, बीते रविवार को बीबीपुर स्थित फ़ेवर ब्लॉक प्लांट (ईट भट्टा) के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान बीबीपुर गांव निवासी अजय सिंह (50 वर्ष) के रूप में की गई थी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ में ईंट भट्ठा मालिक हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक अजय सिंह, रूपेश कुमार एवं संटु कुमार को एक साथ रात में देखे थे। इसके यह घटना कैसे घटित हुई जानकारी नहीं हैं। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के 12 घंटे बाद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है। इनके पास से एक ट्रैक्टर, मोबाइल, मृतक का चप्पल और गमछा बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक अजय सिंह, रूपेश कुमार एवं संटू कुमार रात्रि में ट्रैक्टर से आ रहे थे। ट्रैक्टर रूपेश चला रहा था। इसी क्रम में अजय ट्रैक्टर से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई और ये दोनों मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूछताछ में इनकी संलिप्तता पाई गई। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं दाउदनगर पुलिस द्वारा हत्याकांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 निवासी कमलेश प्रजापति के रूप में की गई है। इसके खिलाफ 6 फरवरी 2025 को मामला दर्ज किया गया था जिसमें वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि हत्याकांड में गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

प्रशांत किशोर की साफ राजनीति को मिल रहा लोगों का भरोसा : अर्चना चंद्र

प्रशांत किशोर की पदयात्रा ने जगा दी नई उम्मीद, जनता को दिख रहा ईमानदार विकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। बिहार की सियासत में तेजी से उभरते जन सुराज अभियान को जमीनी स्तर पर मिल रहे जनसमर्थन को लेकर संगठन की वरिष्ठ नेता अर्चना चंद्र ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जातीय व वंशवादी राजनीति से ऊब चुकी है और प्रशांत किशोर के नेतृत्व में चल रहे जन सुराज आंदोलन को एक नए विकल्प के रूप में देख रही है। बिहार की राजनीति में तेज़ी से उभरते संगठन जन सुराज को लेकर सकारात्मक माहौल बनता दिख रहा है। संगठन की वरिष्ठ नेता अर्चना चंद्र ने कहा है कि बिहार की जनता अब जाति और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊपर उठकर विकल्प की तलाश में है और जन सुराज उसी भरोसे का नाम बनता जा रहा है। अर्चना चंद्र ने कहा कि प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज जो आंदोलन चला रहा है, वह केवल सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्निर्माण और जवाबदेही की सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, टोला-टोला में चल रही पदयात्रा और संवाद से यह साफ है कि आम लोग अब पुरानी व्यवस्था से ऊब चुके हैं और वे एक ईमानदार व पारदर्शी नेतृत्व चाहते हैं। अर्चना चंद्र ने कहा कि 'यह केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसकी नींव बिहार के गांव-गांव में रखी जा रही है। जन सुराज की पदयात्रा कोई प्रचार यात्रा नहीं, बल्कि जनता के दुख-दर्द, आकांक्षाओं और सवालों को समझने का एक गंभीर प्रयास है।' उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर की अगुवाई में चली पदयात्रा अब 3000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुकी है, जिसमें 30 से ज्यादा जिलों में सीधे संवाद हुए हैं। इस दौरान हजारों लोगों ने संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे गांव हैं जहां आज तक कोई नेता नहीं गया, लेकिन जन सुराज के कार्यकर्ता पहुँचे और लोगों से आंखों में आंखें डालकर उनकी बात सुनी। यही तो सच्चा लोकतंत्र है। अर्चना चंद्र ने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जन सुराज को सबसे अधिक समर्थन इन्हीं वर्गों से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज की महिला सिर्फ मतदान नहीं करती, वह राजनीतिक चेतना भी रखती है। महिलाओं को जब यह एहसास हुआ कि जन सुराज उन्हें केवल वोट बैंक नहीं समझता, बल्कि उनके मुद्दों को गंभीरता से लेता है, तो उनका भरोसा दोगुना हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि जन सुराज की सबसे बड़ी ताकत है कि यह बिना धनबल, बाहुबल और जातिवाद के एक विकल्पपूर्ण राजनीति की बात करता है। अर्चना चंद्र ने स्पष्ट किया कि जन सुराज का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कानून व्यवस्था में बुनियादी सुधार लाना है।

किराना व्यवसायी के खाते से चार लाख 25 हजार गायब, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में साइबर क्राइम के मामले लगातार सामने आ रहे है। साइबर थाना से लेकर विभिन्न थानों में पैसा गंवाने के बाद गुहार लगाने वाले पीड़ितों की लंबी कतार है। बहुत से लोगों का पैसा वापस भी हो गया, लेकिन अधिकतर लोग आज भी पुलिस की ओर उम्मीद भरी नजरों से टकटकी लगाये बैठे हैं। साइबर क्राइम का एक ताजा मामला व्यवसायी से संबंधित है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महावीर बिगहा निवासी सुरेश यादव के पुत्र व सिन्हा कॉलेज मोड़ पर किराना दुकान चलाने वाले राजेश कुमार के खाते से चार लाख 25 हजार रुपये की निकासी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में राजेश के बयान पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में बंधन बैंक के कर्मचारी बताये जाने वाले पवन कुमार को आरोपित बनाया गया है। राजेश ने प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि उसका औरंगाबाद शहर स्थित बंधन बैंक में खाता है। बैंक के कर्मचारी पवन कुमार उसके किराना दुकान पर पहुंचा और एफडी कराने की सलाह दी। बातचीत के दौरान उसका मोबाइल ले लिया और बंधन एप खोलने की बात कही। एप खोलकर मोबाइल पवन को दे दिया। पवन के जाने के कुछ क्षण बाद उसके मोबाइल पर लगातार पैसे निकासी के मैसेज आने लगे। चंद मिनट में उसके खाते से चार लाख 25 हजार गायब हो गये। प्राथमिकी में स्पष्ट कहा है कि उक्त कर्मचारी द्वारा ही फर्जीवाड़ा कर उसके खाते से अवैध निकासी की गयी है। इधर, साइबर थाना में कांड संख्या 45/25 दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

नवीनगर में पानी के लिए मचा हाहाकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



नवीनगर(औरंगाबाद)। नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में नल जल योजना ने उम्मीदें तोड़ दी है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत लगाये गये नल जल योजना कई दिनों से बंद पड़े हैं जिससे नगरवासियों को शुद्ध पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 8 निवासी अनिल कुमार, विनोद गोस्वामी, धनंजय कुमार, राम कुमार, शाहनवाज आलम, पिंटू कुमार, शशि कुमार, प्रदीप कुमार सहित कई लोगों का कहना है कि वार्ड में लगे नल बेकार पड़े हैं। महीनों से कई घरों में नल जल का प्रवाह इतना धीमा रहता है जिससे जल नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं तीन दिनों से यह योजना पूरी तरह से बंद पड़ा है जिससे मंगल बाजार क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मार्च के महीने से ही कई घरों के चापाकल का लेयर नीचे चले जाने के कारण चापाकल बेकार पड़ गए है, कई चापाकल से पानी न के बराबर मिल रहा है। ऐसे मे नल जल ही एकमात्र पानी का स्रोत बचा था। वह भी देख रेख एवं लापरवाही के कारण बंद हो गया है जबकि इस मामले में जनप्रतिनिधियों का रवैया भी उदासीन है। अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि संबंधित अधिकारियों की उदासीनता ने नल जल योजना को पूरी तरह से असफल बना दिया है। अब लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द समस्या का समाधान करें और उन्हें राहत प्रदान करें। नगरवासियों को प्रशासन की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं। इस संबंध में पूछने पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार ने बताया गया कि पानी टंकी फट गया है। बदलवाने के लिए नगर पंचायत के अधिकारियों को कहा गया है लेकिन नगर पंचायत द्वारा अबतक इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में प्रतीत होता है कि सात निश्चय योजना के तहत अति महत्वाकांक्षी नल जल योजना के प्रति अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों का रवैया कितना उदासीन है। वहीं पानी की किल्लत होने से इस क्षेत्र के आम लोगों में रोष व्याप्त है।

जातीय जनगणना व भूमि सर्वे में अनियमितता के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान 11 मई से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के बाईपास के समीप स्थित जन सुराज जिला कार्यालय में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि 11 मई से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गांव कल्याण बिगहा में जातीय जनगणना और भूमि सर्वे में हुई अनियमितताओं के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि 11 मई से जन सुराज के 40 हजार से अधिक कार्यकर्ता विभिन्न गांवों में जाएंगे और दो महीनों में इन तीन विषयों पर एक करोड़ से अधिक लोगों का हस्ताक्षर लेकर 11 जुलाई को मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन देंगे। इस अभियान की शुरुआत प्रशांत किशोर 11 मई को मुख्यमंत्री के गांव कल्याण बिगहा से करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े सात नवंबर 2023 को विधानसभा के पटल पर रखे गए थे। 22 नवंबर 2023 को सरकार ने जाति जनगणना के आधार पर कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी लेकिन सरकार की घोषणाएं कभी जमीन पर लागू नहीं हुई। जन सुराज जातीय जनगणना रिपोर्ट में किए गए वादों और भूमि सर्वे हुई अनियमितताओं के खिलाफ सरकार से जवाब मांग रही है। इससे बात नहीं बनी तो चुनाव से पहले विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शशिकांत गौतम, युवा जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार एवं कार्यालय प्रभारी मोहन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

ग्रामीण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता छात्रों के लिए प्रेरणादायक : अभय

श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज ने कराया प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिले के देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज द्वारा ग्रामीण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा एक से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। इसके लिए वार, ओरा, मदनपुर, दधपी, देव, उचौली, शिवगंज, कनबहेरी, खेसर आदि विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया। प्रतियोगिता परीक्षा, ओएमआर सीट पर, प्रश्न का निर्माण छात्र -छात्राओं की कक्षा स्तर को ध्यान में रखकर तैयार करने के उपरांत अति गोपनीय ढंग से करायी गयी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये थे। श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने प्रतियोगिता परीक्षा में ड्यूटी करने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। ग्रामीण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के संबंध में कॉलेज के निदेशक अभय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पलने-बढ़ने वाले बच्चों में शिक्षा एवं उससे संबंधित क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कुछ बच्चे बहुत तीव्र मानसिक क्षमता वाले होते हैं तो कुछ बौद्धिक एवं सामाजिक दृष्टि से उन्नतशील प्रवृत्ति के होते हैं। इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं को भविष्य में अच्छा शैक्षिक प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। बच्चों के मन में पढ़ने-लिखने के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा की समझ विकसित होती है। पिछले कई वर्षों से ग्रामीण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक रहा है और अभिभावकों को पठन-पाठन के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा कॉलेज के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर, शिक्षकों एवं बीएड तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं के परस्पर सहयोग, समन्वय एवं लगन से संपन्न हुआ।

जानकी नवमी आज, सनातन संस्कृति में इसका खास महत्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सनातन संस्कृति का पवित्र पारंपरिक त्योहार जानकी नवमी मंगलवार को विधि विधान से मनायी जायेगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जानकी मां लक्ष्मी के अवतार मानी जाती हैं। हिंदू धर्मावलंबियों में इस दिन का खास महत्व रहा है। ज्योतिर्विद डॉ हेरम्ब कुमार मिश्र ने बताया कि आज जगत जननी मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। इस बार पांच मई को दिन में 11:47 बजे से लेकर मंगलवार को 11:54 बजे पूर्वाह्न तक नवमी है। ऐसे में छह मई को पूरे दिन यह व्रत रखा जायेगा। मध्याह्न में सीता जी की पूजा की जायेगी। उन्होंने बताया कि मिथिला क्षेत्र में सीता भूमि से अवतरित हुई थीं। डॉ मिश्र ने बताया कि वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्री राम के जन्म से सात वर्ष एक माह के बाद माता सीता जी जनकपुर की धरती से प्रकट हुई थीं। सीता जी त्याग, सेवा, संयम, समर्पण, धैर्य व विनयशीलता की प्रतिमूर्ति थीं।

11वीं कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन 8 तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना ने इंटरमीडिएट शिक्षण संस्थानों में एडमिशन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब मैट्रिक पास बच्चे 8 मई तक 11वीं कक्षा में एडमिशन लेने के लिए ओएफएसएस पोर्टल के तहत अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्हें ओएफएसएस (ऑनलाइन फैसिलिटेशन सिस्टम फॉर स्टूडेंट) साफ्टवेयर के माध्यम से अप्लाई करना होगा। बोर्ड ने अकाउंट के तहत आवेदन शुल्क पेमेंट्स करने का प्रावधान तय किया है। ऐसे में स्टूडेंट और कैफ़े संचालक को पूरी सावधानी बरतनी होगी। ऑनलाइन होने के बाद निर्धारित समय के अंदर उनका पेमेंट्स नहीं होता हो तो बेवसाइट पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभी तक 11वीं कक्षा में एडमिशन के लिए ऑफ लाइन की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। नियत समय के अंदर अगर बच्चे ऑनलाइन आवेदन नहीं करते हैं, तो वे एडमिशन लेने से वंचित भी रह सकते हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन के दौरान बच्चों को ऑप्शन चुनने से पहले गत वर्ष के स्कूल कॉलेज का कट ऑफ मार्क्स पर ध्यान रखना होगा। बोर्ड ने हमेशा प्रथम वरियता के आधार पर नामांकन के लिए सूची जारी करती है।

कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। कुटुंबा प्रखंड के बलिया गांव में श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ सह भगवती प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आगाज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालु अहले सुबह यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जगतगुरु रामानुजाचार्य, झारखंड पीठाधीश्वर श्री गोविंदाचार्य स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में आचार्यों द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। इसके उपरांत संत व आचार्य के निर्देशन में कलश लेकर श्रद्धालु गांव का भ्रमण व नवनिर्मित मंदिर परिक्रमा कर यात्रा में शामिल हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

जाम की समस्या से जूझ रहे नवीनगर शहरवासी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



नवीनगर(औरंगाबाद)। नवीनगर नगर पंचायत के लोग इन दिनों सड़क जाम व अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि यहां जाम की समस्या अब यथावत हो गई है। इसपर न तो नगर पंचायत का ध्यान है और न ही स्थानीय पुलिस प्रशासन की। अभी चल रहे शादी-विवाह के दिनों में लोगों का मुख्य बाजार की सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल है। शांति समिति की बैठक में नगरवासियों द्वारा कई बार बस स्टैंड पर लगने वाला जाम, पुनपुन नदी के ऊपर बने पुल पर दोनों तरफ वाहन लगाए जाने, पुल के दोनों तरह बने रोपवे का फुटपाथी दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण करने, बाजार की मुख्य सड़कों के दोनों किनारे ठेला व सब्जी बेचने वाले दुकानदारों के द्वारा सड़क पर दुकान लगा देने का मामला उठाया है। पुलिस पदाधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का केवल झूठा आश्वासन दिया जाता है लेकिन जाम व अतिक्रमण की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। प्रतिदिन बस स्टैंड से लेकर मंगल बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर लगने वाले जाम से आम लोग परेशान है। जाम में फंसे लोग कभी कभी आपस में उलझते है। लोगों ने स्थानीय पुलिस एवं नगर पंचायत प्रशासन से सड़क जाम व अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

